लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

आषाढ़ कृष्ण पक्ष त्रयोदशी विक्रम संवत 2081

# अमृत विचार

वर्ष 6, अंक 84, पृष्ठ -14+4, मूल्य: 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

मुरादाबाद, रविवार, 22 जून 2025

www.amritvichar.com





इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, मैं परिवहन निगम हूं... व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

**आज का मौसम**

32.0° अधिकतम तापमान | 27.0° न्यूनतम तापमान

आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे।

सूर्योदय 05 : 17
सूर्यास्त 07 :17




भारत-पाकिस्तान युद्ध रोकने को मुझे नोबेल पुरस्कार नहीं मिलेगा...14


## एक नजर

### एनडीए उम्मीदवार को अयोग्य ठहराए जाने पर एम्स दे अपनी राय

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) की परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके एक अभ्यर्थी को रक्त विकार के कारण चिकित्सीय रूप से अयोग्य घोषित कर दिए जाने पर उसकी अर्हता के बारे में विशेषज्ञ राय प्रदान के लिए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) को एक मेडिकल बोर्ड नियुक्त करने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह और न्यायमूर्ति रजनीश कुमार गुप्ता की अवकाशकालीन पीठ एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी।

### मादक पदार्थ तस्करी गिरोह का भंडाफोड़

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने सीमा पार से मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया है जो कथित तौर पर पाकिस्तान स्थित एक तस्कर के संपर्क में थे। पंजाब के पुलिस डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि पुलिस ने उनके कब्जे से 6.15 किलोग्राम हेरोइन, .30 बोर की एक पिस्तौल, चार कारतूस और 10,000 रुपये नकद भी बरामद किए हैं। यादव ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि आरोपियों की पहचान लवप्रीत सिंह उर्फ लव और बलविंदर सिंह उर्फ बॉबी के रूप में हुई है।

# तनाव से गुजर रही दुनिया के लिए योग पॉज बटन

## 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर प्रधानमंत्री मोदी ने विशाखापत्तनम में योगाभ्यास कर दिया देश-दुनिया को संदेश

**विशाखापत्तनम, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि दुनिया किसी न किसी तनाव से गुजर रही है, कितने ही क्षेत्रों में अशांति और अस्थिरता बढ़ रही है और ऐसे में योग से हमें शांति की दिशा मिलती है। प्रधानमंत्री मोदी ने यहां 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह दिन मानवता के लिए उस प्राचीन प्रथा की शुरुआत का प्रतीक है जहां आंतरिक शांति वैश्विक नीति बन गई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि योग एक पॉज बटन है जिसकी मानवता को आवश्यकता है, जिससे कि वे खुलकर सांस ले सकें, जीवन में संतुलन बना सकें तथा पुनः संपूर्ण बन सकें।

मोदी ने कहा कि मेरा दुनिया से अनुरोध है कि आइए, इस योग दिवस को मानवता के लिए योग के दूसरे संस्करण की शुरुआत का प्रतीक बनाएं जहां आंतरिक शांति वैश्विक नीति बन जाए। प्रधानमंत्री ने कहा कि योग का सीधा-साधा अर्थ होता है जुड़ना और ये देखना सुखद है कि कैसे योग ने पूरे विश्व को जोड़ा है। कहा कि योग सभी का है और सभी के लिए है। यह सीमाओं, पृष्ठभूमि, उम्र या क्षमता से बंधा नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इस साल अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग है, जो एक गहरी सच्चाई को दर्शाता है कि धरती पर प्रत्येक इकाई का स्वास्थ्य परस्पर जुड़ा हुआ है। योग हमें इस परस्पर जुड़ाव के प्रति जागरूक करता है। मोदी ने कहा कि योग दुनिया को जोड़ता है और सिखाता है कि लोग अलग-थलग व्यक्ति नहीं हैं बल्कि प्रकृति का हिस्सा हैं। उन्होंने कहा कि योग एक महान व्यक्तिगत अनुशासन है। साथ ही, यह एक ऐसी प्रणाली है जो हमें मैं से हम की ओर ले जाती है।



आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। ● एजेंसी

### योगाभ्यास कर बना डाले 23 वैश्विक रिकॉर्ड

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर यहां 3.03 लाख लोग एकत्र हुए, जिससे एक ही स्थान पर सर्वाधिक लोगों द्वारा योगाभ्यास का विश्व रिकार्ड बना। कुल 23 वैश्विक रिकॉर्ड बनाए गए, जिनमें 21 वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड और दो गिनीज रिकॉर्ड शामिल हैं। करीब 22,122 आदिवासी छात्रों ने एक ही स्थान पर 108 मिनट तक सूर्य नमस्कार करके दूसरा गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया।

### करो योग रहो निरोग का चहुंओर शोर

**लखनऊ।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शनिवार के पूरा प्रदेश योगमय नजर आया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर परिसर में, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने राजभवन में हजारों लोगों के साथ योगाभ्यास करके योग के महत्व गिनाए। करो योग-रहो निरोग के शोर के बीच शहर से लेकर गांव तक योगाभ्यास को लेकर उत्साह दिखा।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सोशल मंच पर प्राणायाम करते हुए फोटो शेयर किया है। उधर, रालोद मुखिया व केंद्रीय राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने मेरठ में योग करने के बाद कहा कि अच्छा योग करने वाले कार्यकर्ता को ही टिकट देंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने सेंट्रल पार्क, समर विहार कालोनी, कैंट-2 लखनऊ में पार्टीजनों व स्थानीय लोगों के साथ योग किया। उप मुख्यमंत्री केशव मौर्य गाजियाबाद और ब्रजेश पाठक लखनऊ के योग कार्यक्रमों में सम्मिलित हुए। अम्बेडकर पार्क गोमतीनगर, लखनऊ में प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह डॉ. आम्बेडकर को समर्पित योग शिविर में सम्मिलित हुए। इसी के साथ सभी जिलों में सरकार के मंत्रियों ने अफसरों, कार्यकर्ताओं और आम लोगों के साथ योगाभ्यास करके पसीना बहाया। इस दौरान जगह-जगह योग शिविरों में भाजपा के शीर्ष पदाधिकारी भी शामिल हुए। इस दौरान प्रधानमंत्री का विशाखापत्तनम से योग का लाइव प्रसारण और संबोधन भी सुना गया है।



योगाभ्यास करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

# एयर इंडिया के 3 अफसरों पर गिरी गाज

**मुंबई, एजेंसी**

**अहमदाबाद हादसा**

- डीजीसीए ने सभी कार्य दायित्व से हटाने के दिए निर्देश

विमानन सुरक्षा नियामक (डीजीसीए) ने एयर इंडिया से गंभीर चूक के कारण उसके एक डिवीजनल उपाध्यक्ष सहित तीन अधिकारियों को चालक दल कार्य दायित्व से संबंधित सभी भूमिकाओं से हटाने का आदेश दिया है। सूत्रों ने शनिवार को बताया कि डीजीसीए ने 20 जून को अपने आदेश में टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयरलाइन से इन अधिकारियों के खिलाफ बिना देरी किए आंतरिक अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू करने को भी कहा।

डीजीसीए के आदेश के अनुसार, तीन अधिकारियों में एयरलाइन के एक डिवीजनल उपाध्यक्ष भी शामिल हैं।



एयर इंडिया ने एक बयान में कहा कि उसने नियामक के निर्देश को स्वीकार कर लिया है और आदेश को लागू कर दिया है। एयरलाइन ने शनिवार को कहा कि कंपनी के मुख्य परिचालन अधिकारी एकीकृत परिचालन नियंत्रण केंद्र (आईओसीसी) की सीधी निगरानी करेंगे। एयर इंडिया यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि सुरक्षा प्रोटोकॉल और मानक प्रथाओं का पूरी तरह से पालन हो। डीजीसीए ने अपने आदेश में कहा कि एयर इंडिया ने लाइसेंस और आराम संबंधी आवश्यकताओं में चूक के बावजूद विमान चालक दल की कार्यसूची और संचालन के संबंध में स्वैच्छिक रूप से गंभीर उल्लंघनों का खुलासा किया गया है। आदेश में कहा गया कि इन परिचालन चूकों के लिए सीधे जिम्मेदार प्रमुख अधिकारियों के खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई नहीं की गई। डीजीसीए ने एयर इंडिया को यह भी चेतावनी दी है कि भविष्य में चालक दल के कार्य दायित्व में उल्लंघन करने पर लाइसेंस निलंबन और परिचालन प्रतिबंध सहित सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# निजीकरण के विरोध में बिजली महापंचायत आज

**लखनऊ।** ऊर्जा निगमों के निजीकरण के विरोध में 22 जून रविवार को राजधानी लखनऊ में बिजली महापंचायत होगी, जिसमें देश के प्रमुख ट्रेड यूनियन व संयुक्त किसान मंच के शीर्ष पदाधिकारी शामिल होंगे। ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल इंडिया और सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता भी कार्यक्रम में शामिल होंगे।

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश के संयोजक शैलेंद्र दुबे ने बताया कि महापंचायत में पूर्वांचल व दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के पीछे हो रहे कथित मेगा भ्रष्टाचार पर चर्चा होगी।

# फुटेज साझा करना वोटर की निजता का उल्लंघन

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- चुनाव आयोग ने कहा-मतदाताओं की सुरक्षा भी होगी प्रभावित

मतदान केंद्रों की वेबकास्टिंग फुटेज सार्वजनिक करने की मांगों के बीच, निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने शनिवार को कहा कि ऐसा कदम मतदाताओं की गोपनीयता और सुरक्षा से संबंधित चिंताओं का उल्लंघन होगा।

अधिकारियों ने दावा किया कि जो मांग एक तर्कसंगत अनुरोध के रूप में पेश की जा रही है, वह वास्तव में मतदाताओं की गोपनीयता और सुरक्षा से जुड़ी चिंताओं, जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 और 1951 में निर्धारित कानूनी प्रावधानों तथा सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के विपरीत है। अधिकारियों का कहना कि फुटेज साझा करने से किसी भी समूह या व्यक्ति द्वारा मतदाताओं की आसानी से पहचान की जा सकेगी, जिससे मतदान करने वाले मतदाता और मतदान नहीं करने वाले मतदाता दोनों ही असामाजिक तत्वों के दबाव, भेदभाव और धमकी के जद में आ सकते हैं।

उदाहरण के तौर पर उन्होंने कहा कि यदि किसी विशेष राजनीतिक दल को किसी विशेष बूथ पर कम संख्या में वोट मिलते हैं, तो वह दल सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से आसानी से पहचान कर सकेगा कि किस मतदाता ने वोट दिया है और किस मतदाता ने नहीं और उसके बाद मतदाताओं को परेशान किया या डराया जा सकता है।

निर्वाचन आयोग ने दुर्भावनापूर्ण विमर्श बनाने के लिए उसके इलेक्ट्रॉनिक आंकड़ों के इस्तेमाल की आशंका के चलते, 30 मई को एक पत्र में राज्य निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिया कि यदि फैसले को अदालत में चुनौती नहीं दी जाती है तो वे 45 दिनों के बाद ऐसे फुटेज को नष्ट कर दें।

### राहुल गांधी बोले-फिक्स है मैच



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने इलेक्ट्रॉनिक डेटा से संबंधित निर्वाचन आयोग के निर्देश का हवाला देते हुए शनिवार को आरोप लगाया कि साफ दिख रहा है कि मैच फिक्स है जो लोकतंत्र के लिए जहर है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया कि चुनाव आयोग वोटर लिस्ट? मशीन रीडेबल फ़ॉर्मेट नहीं देगा। सीसीटीवी फुटेज? कानून बदलकर छिपा दी। चुनाव की फोटो-वीडियो? अब 1 साल नहीं, 45 दिनों में ही मिटा देंगे। कहा कि जिससे जवाब चाहिए था, वही सबूत मिटा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि साफ दिख रहा है-मैच फिक्स है।

# जमीन के लिए ढाई साल के बेटे को जहर खिलाकर खुद भी खाया, मां की मौत

**संवाददाता, मदनापुर/शाहजहांपुर**

**अमृत विचार :** जमीन में हिस्सा न मिलता देख आहत महिला ने अपने ढाई साल के बेटे को जहर खिलाने के बाद खुद भी खा लिया। दोनों को जलालाबाद के नगरिया सीएचसी लाया गया, जहां इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। बेटे को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। महिला का पति हरियाणा में नौकरी करता है।

मदनापुर थाना क्षेत्र के गांव दौलतपुर उत्तरी निवासी सुधीर एक सप्ताह पहले काम करने हरियाणा चला गया था। उसकी पत्नी शिवानी उर्फ राधा (30) अपने ढाई साल के बेटे निशांत के साथ घर पर रहती थी। उसका ससुर से जमीन के हिस्से को लेकर कुछ समय से विवाद चल रहा था। दो दिन पहले उसने अपना हिस्सा मांगा तो जेठानी से विवाद हो गया। शनिवार की सुबह उसने ससुराल वालों से जमीन का हिस्सा मांगा, जिसे ससुराल वालों ने देने से मना कर दिया। जमीन का हिस्सा न मिलने से क्षुब्ध शिवानी ने घर में रखा जहरीला पदार्थ पहले अपने बेटे निशांत को खिलाया और फिर खुद भी खा लिया। उसकी जेठानी ने निशांत को एक कमरे में रोते देखा और शिवानी को बेसुध हालत में जमीन पर पड़ा देखा तो शोर मचाया। ससुराल वाले दोनों को लेकर जलालाबाद सीएचसी पहुंचे, जहां इलाज के दौरान शिवानी उर्फ राधा की मौत हो गई।

> महिला ने बेटे को जहरीला पदार्थ खिलाने के बाद खुद खा लिया, जिससे उसकी मौत मौत हो गई। परिवार में जमीन का विवाद है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। **-विश्वजीत प्रताप सिंह,** थाना प्रभारी, मदनापुर

# आईपीएस अधिकारी के खिलाफ पॉक्सो केस

**दीफू।** असम की एक विशेष अदालत ने छह साल पुराने कथित छेड़खानी मामले में उप्र कैडर के 2012 बैच के आईपीएस अधिकारी गौरव उपाध्याय के खिलाफ पॉक्सो अधिनियम और आईपीसी की अन्य धाराओं के तहत आरोप तय करने का आदेश दिया है।

कार्बी आंगलोंग स्थित यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अदालत के विशेष न्यायाधीश आर लाल ने आदेश में कहा कि आरोपी द्वारा पीड़िता के साथ यौन हमले की दो घटनाओं को अंजाम दिया गया। इस घटना के समय आरोपी उस जिले के पुलिस अधीक्षक थे। अदालत ने कहा कि यौन हमले की पहली घटना दीफू में एसपी के बंगले में हुई, जबकि दूसरी घटना होटल के कमरे में हुई, जहां पीड़िता अपनी मां और भाई के साथ रह रही थी।

# मोदी सरकार ने पश्चिम एशिया पर भारत के सैद्धांतिक रुख को त्यागा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- ईरान-इजराइल संघर्ष के मद्देनजर सोनिया ने साधा निशाना, कहा-संवाद के लिए राजनयिक मंचों पर होने चाहिए प्रयास

कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने शनिवार को आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने गाजा की स्थिति और इजराइल-ईरान सैन्य संघर्ष पर चुप्पी साधते हुए भारत के सैद्धांतिक रुख और मूल्यों को त्याग दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार को आवाज बुलंद करनी चाहिए और पश्चिम एशिया में संवाद को प्रोत्साहित करने के लिए उपलब्ध हर राजनयिक मंच का उपयोग करना चाहिए।

कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष ने एक अंग्रेजी दैनिक के लिए लिखे एक लेख में आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने इजराइल और फलस्तीन के रूप में दो राष्ट्र वाले समाधान से जुड़े भारत के सैद्धांतिक रुख को त्याग दिया है। सोनिया गांधी ने लेख में कहा कि ईरान भारत का लंबे समय से मित्र रहा है और गहरे सभ्यतागत संबंधों से हमारे साथ जुड़ा हुआ है। इसका जम्मू-कश्मीर समेत महत्वपूर्ण मौकों पर दृढ़ समर्थन का इतिहास रहा है। उन्होंने उल्लेख किया कि वर्ष 1994 में ईरान ने कश्मीर मुद्दे पर संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग में भारत की आलोचना करने वाले एक प्रस्ताव को रोकने में मदद की थी। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि हाल के दशकों में भारत और इजराइल के बीच भी रणनीतिक संबंध विकसित हुए हैं।

# तीन जेई निलंबित, सहायक अभियंता को दी गई नोटिस

**संवाददाता, मऊ (चित्रकूट)**

- पुल का स्लैब ढहने के मामले में शासन स्तर से हुई कार्रवाई
- संबंधित ठेकेदार को भी ब्लैक लिस्ट में डालने की तैयारी

**अमृत विचार :** मऊ-परदवां संपर्क मार्ग पर लगभग ढाई करोड़ रुपये की लागत से जम्हौरा नाले पर बन रहे लघु सेतु की स्लैब ढह जाने के मामले में लोक निर्माण विभाग चित्रकूट के तीन अवर अभियंताओं को निलंबित किया गया है। प्रभारी सहायक अभियंता श्यामलाल को नोटिस दी गई है। बताया जाता है कि शासन स्तर पर यह कार्रवाई की गई है। ठेकेदार को भी ब्लैक लिस्ट किए जाने की तैयारी है।

निलंबित किए गए अवर अभियंताओं में सिंधु राज, महेश यादव और प्रबल प्रताप सिंह हैं। गौरतलब है कि जम्हौरा नाले की एक स्पान पर मंगलवार को लिंटर डाला गया था और सुबह होते-होते यह ढह गया था। इस मामले में विभाग की काफी किरकिरी हुई। मामला शासन तक पहुंच गया। बताया जाता है कि इस संबंध में पीडब्ल्यूडी के अधिकारी लखनऊ भी तलब किए गए। शनिवार को तीन अवर अभियंताओं को निलंबित कर दिया गया। हालांकि इस निलंबन को लेकर विभाग के अवर अभियंताओं में रोष है।

# भूमि विकास बैंक अब छह प्रतिशत ब्याज पर देगा 6 लाख तक का लोन

**राकेश शर्मा, बरेली**

- सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर बोले-जल्द जारी होगा शासनादेश

**अमृत विचार :** जिला सहकारी बैंकों को घाटे से निकालकर सौ करोड़ रुपये के फायदे में लाने वाले सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने कहा है कि भूमि विकास बैंक की ब्याज दर जल्द कम होगी। किसानों को छह लाख रुपये का ऋण छह प्रतिशत ब्याज पर उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सहमति जता दी है। जल्द शासनादेश भी जारी हो जाएगा।

प्रदेश में इस बैंक की 323 शाखाएं हैं। सहकारिता मंत्री ने कहा कहा कि इससे सिंचाई, बागवानी, कृषि उपकरण खरीदने और पशुपालन जैसी गतिविधियों के लिए ऋण लेने वाले हजारों किसानों को फायदा होगा।



सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम में शामिल होने के बाद सर्किट हाउस में अमृत विचार से विशेष बातचीत में बरेली के प्रभारी मंत्री एवं सहकारिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जेपीएस राठौर ने बताया कि भूमि विकास बैंक अभी किसानों को 11 प्रतिशत से अधिक ब्याज पर ऋण दे रहा था। इसकी वजह से किसान ऋण समय पर चुका नहीं पा रहे थे। कई अन्य बैंकों की ब्याज दर का अवलोकन करने के बाद सबसे कम ब्याज पर भूमि विकास बैंक किसानों को ऋण देगा। साधन सहकारी समितियों का भी डिजिटलीकरण किया जा रहा है। सहकारी समितियां अब 10-10 लाख कैश क्रेडिट लिमिट दे सकती हैं। इससे हजारों किसानों को लाभ मिलेगा। बंद चल रहीं 4500 समितियों को भी चालू कराया है। प्रदेश में लागू की गई 10-10 लाख कैश क्रेडिट लिमिट की स्कीम को नाबार्ड ने सराहा है और देशभर में लागू कराने की तैयारी में है।

# लखनऊ समेत 65 जिलों में अगले पांच दिन होगी बारिश

## कई जिलों में तेज हवाएं चलने और वज्रपात की चेतावनी, मौसम विभाग का कई जिलों में भारी वर्षा का पूर्वानुमान

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचार :** राज्य में छिटपुट बारिश और बादलों की आवाजाही से अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज हुई है, मगर उमस भरी गर्मी से हर कोई बेहाल दिखा। मौसम विभाग ने लखनऊ समेत 65 जिलों में अगले पांच दिनों में बारिश का पूर्वानुमान जताया है। चेतावनी दी है कि कई जिलों में भारी वर्षा के साथ तेज आंधी और वज्रपात की भी आशंका है।

मानसून प्रदेश के 56 जिलों में पहुंच चुका है, 24 घंटे में 19 और जिलों तक पहुंच जाएगा। वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि प्रदेश के पूर्वी इलाके में लगातार बारिश हो रही है। पूर्वांचल के कई जिलों में 24 जून तक भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। दो दिनों से हो रही बारिश और बादलों की आवाजाही के बीच अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई। लखनऊ समेत 65 जिलों में अगले पांच दिन यानि 26 जून तक भारी बारिश की संभावना है। इस दौरान तेज हवा भी चलेगी। साथ ही कई जिलों में बिजली और वज्रपात का भी अलर्ट जारी किया गया है।



### चलेंगी 40-50 किमी की गति से तेज हवाएं

22 से 26 जून के दौरान पश्चिमी क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर भारी वर्षा हो सकती है। इस दौरान 40-50 किमी/घंटा की तेज हवा चलने की संभावना है। झांसी में दिन का पारा रिकार्ड 28.7 सेल्सियस दर्ज किया गया, जो प्रदेश में सबसे ठंडा रहा। लखनऊ का दिन का पारा 35 डिग्री सेल्सियस और रात का 25 डिग्री रिकार्ड किया गया। भीषण गर्मी झेलने के बाद अब लोगों को काफी राहत मिल रही है। यह सिलसिला अगले पांच-छह दिनों तक जारी रहेगा।

### बारिश से प्रदेश में घट गई बिजली की मांग

**लखनऊ।** प्रदेश में मानसून आने से बिजली की मांग में कमी आ गई है। पिछले दिनों जहां बिजली की अधिकतम मांग 31 हजार मेगावाट पार कर गई थी, वहीं अब यह घटकर 27 हजार मेगावाट पर पहुंच गई है। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार शनिवार को प्रदेश में अधिकतम बिजली की मांग 27,021 मेगावाट दर्ज हुई। देर शाम के वक्त औसतन मांग 27,758 मेगावाट हो रही थी। सूत्रों ने बताया कि मांग घटने के कारण एनर्जी एक्सचेंज से बिजली आयात कम हो गया है। भीषण गर्मी से बिजली की मांग 32 हजार मेगावाट पार कर जाने की संभावना थी, पर बारिश के कारण मांग यह आंकड़ा छू नहीं सकी।

## शहर में आज



☞ नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आरोग्य मेला सुबह 10 :00 बजे

☞ जैमिनी साहित्य फाउंडेशन की ओर से डॉ. मुहम्मद जावेद की कृति किस्से कहानियां का लोकार्पण महाराजा हरिश्चंद्र कॉलेज में 3 :30 बजे

एक कदम सनातन की ओर



श्रीमद्भागवत कथा, श्री राम कथा, शिवपुराण कथा एवं अन्य सभी धार्मिक अनुष्ठानों का संगीतमय एवं भक्तिमय आयोजन किया जाता है।

अपनी श्रद्धा को संगीत और भक्ति से जोड़ें। धार्मिक आयोजनों के लिए आज ही संपर्क करें!

स्थान: गोविंद नगर, ब्लॉक बी, मुरादाबाद - 244001
भागवत आचार्यः श्री शिव कुमार जी
संपर्क करें: 9410478735



पुलिस लाइन में योग करते डीआईजी मुनिराज जी, एसएसपी सतपाल अंतिल व अन्य पुलिस अधिकारी।



योग करते डीएम अनुज सिंह।



योग करते प्रभारी मंत्री अनिल कुमार, नगर विधायक रितेश गुप्ता, महापौर विनोद अग्रवाल व विधायक रामवीर सिंह।

# करें योग-रहें निरोग के मूल मंत्र के साथ दिनचर्या में शामिल करें योग

## कंपनी बाग में प्रभारी मंत्री, नोडल अधिकारी, जनप्रतिनिधियों व अफसरों ने किया योग



कंपनी बाग में योग दिवस पर योग करते बड़ी संख्या में लोग। ● अमृत विचार




स्मार्ट सिटी कार्यालय के बाहर शिविर में योग कराते प्रशिक्षक। ● अमृत विचार



योग करते नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल, एसीईओ अतुल कुमार व अन्य।



योग करतीं सीडीओ मृणाली अविनाश।

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** जिले में 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस शनिवार को उत्साह के साथ मनाया गया। मुख्य आयोजन महानगर के कंपनी बाग स्थित पार्क में किया गया। यहां जिले के प्रभारी मंत्री अनिल कुमार, शासन के नोडल अधिकारी पार्थ सारथी सेन शर्मा, महापौर विनोद अग्रवाल, नगर विधायक रितेश गुप्ता, कुंदरकी विधायक रामवीर सिंह, डीएम अनुज सिंह, मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी सहित अन्य अधिकारियों व जन प्रतिनिधियों के अलावा बड़ी संख्या में नागरिकों ने योगासन किया।

आयोजन की शुरुआत प्रभारी मंत्री ने अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके बाद योगा फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ थीम के साथ सभी ने योग के विभिन्न आसन किए। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा विशाखापट्टम में 3 लाख लोगों के साथ योग करने के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी लोगों ने स्क्रीन पर देखा।

कंपनी बाग में प्रोटोकॉल के अनुसार योग प्रशिक्षकों ने पादहस्तासन, त्रिकोणासन, अर्ध उष्ट्रासन, मकरासन, भुजंगासन, सेतुबंधासन, उत्तानपादासन, कपालभाति और अनुलोम-विलोम कराए। योगाभ्यासों से होने वाले शारीरिक और मानसिक लाभ भी बताए। प्रभारी मंत्री ने कहा कि योग निश्चित रूप से तनाव दूर करता है। करें योग-रहें निरोग के मूल मंत्र के साथ हम सभी को योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। 2015 से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुरुआत हुई और आज पूरा विश्व जाति, धर्म और मजहब से ऊपर उठकर योग को अपना रहा है।प्रभारी मंत्री और शासन के नोडल अधिकारी ने योग सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर योगाभ्यास सत्रों को आयोजित कराने और योग को प्रोत्साहित करने वाले प्रशिक्षकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कंपनी बाग पार्क में पौधरोपण भी किया। इस दौरान प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी सूरज, अपर जिलाधिकारी प्रशासन गुलाब चंद, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आदित्य श्रीवास्तव, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. अमरदीप सिंह के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी, जन प्रतिनिधि और कर्मचारी व नागरिक मौजूद रहे।

## चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों ने किया योगाभ्यास

जिला क्षय रोग केंद्र पर चिकित्सकों, स्वास्थ्य कर्मियों ने क्षयरोगियों के साथ योग किया। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. प्रवीन श्रीवास्तव ने कहा कि योग निरोगी काया के लिए अति महत्वपूर्ण है। स्वस्थ रहने के लिए प्रात :काल में अवश्य योग करना चाहिए। टीबी रोगियों के लिए अनुलोम विलोम क्रिया बहुत लाभदायक है। इससे फेफड़े मज़बूत होते हैं और ऑक्सीजन लेवल भी बढ़ता है। जिला कार्यक्रम समन्वयक डॉ. मुहम्मद जावेद ने योगासन कराकर इन अभ्यासों को नियमित रूप से करने की सलाह दी। इस दौरान नबी चौधरी, नरेश राणा, मनोज कुमार, अमित गुप्ता संदीप कुमार भारती, गीता चौहान, महिपाल सिंह रामू और राजेश ने भी योग किया।

## योग एक दिन का कार्यक्रम नहीं जीवन पद्धति: नगर आयुक्त

स्मार्ट सिटी पीलीकोठी स्थित कार्यालय के बाहर योग प्रशिक्षकों ने योग के विभिन्न आसन कराए। नगर आयुक्त व स्मार्ट सिटी के सीईओ दिव्यांशु पटेल, एसीईओ अतुल कुमार, महाप्रबंधक तकनीकी अनिल कुमार मित्तल सहित अन्य कर्मचारियों आदि ने योग किया। नगर आयुक्त ने कहा कि योग एक दिन का कार्यक्रम नहीं बल्कि यह जीवन पद्धति है। नियमित योग से शारीरिक स्वस्थता के साथ मानसिक मजबूती बढ़ती है। उन्होंने कहा कि महानगर के सभी पार्कों में सुबह नागरिक योगासन व कसरत करते हैं। इसके प्रति जन जागरुकता बढ़ाने की और जरूरत है।

## डीआईजी व एसएसपी ने किया योगाभ्यास

रिजर्व पुलिस लाइन में पुलिस उप महानिरीक्षक और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने योगाभ्यास कर पुलिसकर्मियों व प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षियों को योग के प्रति जागरूक किया और जीवनशैली में अपनाने के लिए प्रेरित किया। योगाचार्य ने विभिन्न योगासनों, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास कराया तथा योग के शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक लाभों पर विस्तार से प्रकाश डाला। न सिर्फ बल के भीतर स्वास्थ्य और अनुशासन को सुदृढ़ किया, बल्कि करें योग–रहें निरोग के संदेश को भी सशक्त रूप से प्रस्तुत किया। इस मौके पर एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह, एसपी देहात कुंवर आकाश सिंह, एसपी यातायात सुभाष चंद्र गंगवार समेत अन्य पुलिस अधिकारी और बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों ने भाग लिया।

## एनसीसी कैडेट्स ने किया योग प्राणायाम



मुरादाबाद, अमृत विचार : हिंदू महाविद्यालय में 9वीं बटालियन की एनसीसी कैडेट्स ने महाविद्यालय के मध्य बने पार्क में योग प्राणायाम किया। मेजर डॉ. मीनू मेहरोत्रा ने एनसीसी की छात्रा कैडेट्स को योगाभ्यास कराया। उन्होंने सभी कैडेट्स को योग के महत्व बताया। कहा कि जीवन शैली से जुड़ी कई बीमारियां नियमित योग करने से ठीक हो जाती हैं। योग के लिए माता पिता और पड़ोसियों को भी प्रेरित करने का संकल्प दिलाया।

## योग करने से दूर होती हैं बहुत सी बीमारियां



मुरादाबाद, अमृत विचार : यंग एनर्जेटिक पॉजिटिव पीपल द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास किया गया। योग प्रशिक्षक वीनू आहूजा, साक्षी खन्ना ने कहा कि आज के भागदौड़ व तनाव भरे जीवन में योग करने से बहुत सी बीमारियां दूर होती हैं और हम स्वस्थ रहते हैं। आजकल महिलाओं में भी बीमारियों के चलते कठिनाई होती है इसलिए उन्हें भी नियमित रुप से योग करना चाहिए। चक्रासन फॉर स्ट्रेंथनेस द स्पाइन, कोर, फ्लेक्सिबिलिटी . बकासन फॉर स्ट्रेंथनेस आप आर्म्स रिसट कंसंट्रेशन, त्रिकोण आसन आदि का अभ्यास कराया गया। इस दौरान नेहा मेहरोत्रा, संजना भटनागर, दिव्या अग्रवाल, रबजीत कौर सहित अन्य मौजूद रहीं।

## योग मन को शांत करने में सहायक



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर हिंदू कॉलेज में सर्वप्रथम प्रधानमंत्री के संबोधन का सीधा प्रसारण सभी ने देखा सुना। प्राचार्य प्रोफेसर एसएस. रावत ने कहा कि योग जिस्म को मजबूत करता है साथ ही यह मन को भी शांत करने में सहायक होता है। डॉ. एसबी यादव ने योग का संक्षिप्त परिचय देते हुए कहा कि योग का अर्थ है जुड़ना। उन्होंने योग के विभिन्न आसनों के विज्ञान पर भी बात की। योगाचार्य अंकुर राणा ने योगाभ्यास कराया। विश्व कीर्तिमान स्थापित करने के लिए सूर्य नमस्कार निर्धारित समय 8 से 8 :10 तक कराया गया। कार्यक्रम के नोडल ऑफिसर डॉ. अकरम परवेज़ ने सभी का आभार जताया। इस दौरान प्रोफेसर कमल सिंह, प्रोफेसर आनंद कुमार सिंह, प्रोफेसर एनयू ख़ान, प्रोफेसर पूजन प्रसाद, डॉ. वीरेश कुमार, पंकज सिंह, डॉ. हरिओम सिंह, डॉ. सर्वेश चतुर्वेदी, विवेक कृष्ण, राम जियावन, योगेश वार्ष्णेय, संजय आर्या, अतुल माथुर के अलावा छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

## फायरमैन जैसे चुनौतीपूर्ण पेशे के लिए योग जरूरी



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** अग्निशमन कार्यालय में योग दिवस पर फायर स्टेशन में योगाभ्यास में अग्निशमन अधिकारी, सभी फायरमैन ने विभिन्न योग के आसन और प्राणायाम में हिस्सा लिया। अग्निशमन अधिकारी ज्ञान प्रकाश शर्मा ने सभी को विभिन्न योगासन और प्राणायाम का अभ्यास कराने के साथ योग को जीवन के लिए महत्वपूर्ण बताया। कहा कि योग शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का सशक्त माध्यम है। नियमित योग से शरीर स्वस्थ और तनाव मुक्त रखता है। यह फायर मैन जैसे चुनौतीपूर्ण पेशे के लिए आवश्यक है। सभी फायरमैन से योग को दैनिक दिनचर्या में शामिल करने की अपील की।

## जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में विशेष योग सत्र



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शनिवार को जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में एक विशेष योग सत्र का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में भूतपूर्व सैनिकों, उनके परिजनों एवं कार्यालय के कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त मेजर एवं पूर्व विधायक जेपी सिंह रहे। उन्होंने अपने प्रेरणादायक संबोधन में योग को शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक संतुलन का माध्यम बताते हुए पूर्व सैनिकों के लिए इसे एक अनुशासित और स्वस्थ जीवनशैली की कुंजी बताया। योग सत्र के दौरान प्रशिक्षित योग विशेषज्ञ के मार्गदर्शन में प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान की विधियां कराई गईं। प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह के साथ सहभागिता कर स्वास्थ्य के लिए योग के मूल मंत्र को अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कमांडर ज्ञान स्वरूप (सेनि.) ने मुख्य अतिथि मेजर जेपी सिंह का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया।

# स्टेडियम में भाजपा नेताओं ने किया योग

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



स्टेडियम में योग करते भाजपा नेता। ● अमृत विचार

● **प्रदेश उपाध्यक्ष एवं एमएलसी सतपाल सैनी रहे मुख्य अतिथि**

**अमृत विचार:** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सोनकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम में योग किया गया। मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं एमएलसी सतपाल सैनी ने पार्टी के अन्य नेताओं के साथ योग किया।

योग प्रशिक्षक योग के विभिन्न आसन कराए। कहा कि योग के द्वारा हम अपने शरीर को चुस्त दुरुस्त व मन को शांत रख सकते हैं। मुख्य अतिथि ने कहा कि योग दिवस भारतवासियों को गौरवान्वित करने वाला दिवस है। योग के माध्यम से हम विश्व गुरु बनना चाहते हैं। योग करने से मन को शांति मिलती है। हम सभी को योग को अपनी दिनचर्या में अपनाना चाहिए। इस दौरान आचार्य धीरशांत दास, विपिन प्रजापति,राजू कालरा, निमित जायसवाल, राजीव गुप्ता,पार्षद सुरेंद्र विश्नोई,धर्मेंद्र नाथ मिश्रा, अजय वर्मा, सुनीता शर्मा, रंजना शर्मा, नीरज शर्मा, अनूप महरोत्रा, ओपी चौधरी, विजय वर्मा, मयंक कश्यप, राहुल राज रस्तोगी, योगेश बजाज, बृजेश रस्तोगी, योगेश शर्मा, अधिराज रस्तोगी, शिव शर्मा आदि ने भी योगासन किया।

# रेल मंडल में योग दिवस पर भव्य आयोजन, रेल कर्मियों ने किया योग

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



रेलवे ऑफिसर्स क्लब में योग करते डीआरम व अन्य अधिकारी।

● **रेलवे स्टेशनों पर ऑडियो-वीडियो संदेशों और सेल्फी पॉइंट्स के माध्यम से किया जागरूक**

**अमृत विचार:** मुरादाबाद रेल मंडल में विभिन्न स्टेशनों और कार्यालय परिसरों में भव्य योग शिविरों का आयोजन किया गया। एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग थीम पर आधारित इन कार्यक्रमों का उद्देश्य अधिक से अधिक रेलकर्मियों और यात्रियों को योग के प्रति जागरूक करना रहा।

मुख्य कार्यक्रम रेलवे ऑफिसर्स क्लब में संपन्न हुआ, जहां मंडल रेल प्रबंधक राज कुमार सिंह, वरिष्ठ मंडल अभियंता सुशील कुमार, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक चेतन तनेजा सहित अन्य अधिकारियों और बड़ी संख्या में रेलकर्मियों व आरपीएफ जवानों ने भाग लिया। योग प्रशिक्षक महेंद्र बिश्नोई और बाल योग प्रशिक्षक पारस सैनी ने प्राणायाम, ध्यान और विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराया। कार्यक्रम के दौरान महेंद्र विश्नोई ने योग के लाभों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए इसे दैनिक जीवन में शामिल करने की प्रेरणा दी। इस दौरान मंडल रेल प्रबंधक राज कुमार सिंह ने कहा कि रेल कर्मचारियों की अनियमित जीवनशैली में योग एक संतुलनकारी साधन है जो शारीरिक और मानसिक रूप से उन्हें सशक्त बनाता है। मंडल रेल प्रबंधक ने बाल योग प्रशिक्षक पारस सैनी को योगा मैट भेंट कर सम्मानित किया। इसी क्रम में रेल मंडल के बरेली, नजीबाबाद, हरिद्वार, हापुड़, शाहजहांपुर, देहरादून और चंदौसी स्टेशनों पर भी योग शिविर आयोजित किए गए। इन शिविरों में स्काउट्स एवं गाइड्स की सक्रिय भागीदारी रही। सभी स्टेशनों पर ऑडियो-वीडियो संदेशों और सेल्फी पॉइंट्स के माध्यम से यात्रियों और कर्मचारियों को योग के प्रति जागरूक किया गया।

## उच्च रक्तचाप, मधुमेह में मिलती है राहत

उपवन परिवार की ओर से अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर रेलवे हरथला कॉलोनी पार्क में शिविर में लोगों ने योग किया। योग प्रशिक्षक सुरेश चंद्र कश्यप ने योगासान कराए। कहा कि योग से उच्च रक्तचाप, मधुमेह, कमर दर्द, सर्वाइकल दर्द आदि से मुक्ति मिलती है। उन्होंने सेहत के लिए जरूरी योग कपाल भाति, अनुलोम- विलोम, शलभ आसन, भुजंग आसन आदि का अभ्यास कराकर इसके फायदे बताए। उपवन संस्थापक सुधाकर रंजन त्यागी, विजय शर्मा, नरेश पाल सिंह, आरबी सिंह, एसएन पूठिया, प्रमोद कुमार आदि मौजूद रहे।

## आओ हाथ बढ़ाएं ट्रस्ट ने लगाया योग शिविर

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर चैरिटेबल ट्रस्ट आओ हाथ बढ़ाएं द्वारा एक विशेष योग शिविर परशुराम चौक के पास स्थित पार्क में किया गया। इसमें बच्चों और वरिष्ठजनों ने योगासन किया। योग प्रशिक्षक ने प्राणायाम, ध्यान और अन्य योगासनों का अभ्यास कराया। इसका उद्देश्य आमजन को योग के लाभ की जानकारी देकर स्वस्थ जीवनशैली के लिए प्रेरित करना था। योग प्रशिक्षिका कशिश चौहान, पूनम चौहान और डॉ. तुलसीराम ने लोगों को योग कराया। इस दौरान ट्रस्ट के अध्यक्ष गीतांजली पांडेय, राघव रस्तोगी, नीता सक्सेना, प्रियंका भटनागर, आशीष चौधरी, गोपाल हरि आदि सदस्य उपस्थित रहे।

बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ सत्र : 2025–26
Accreditations, Affiliations & Approvals
प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG)-2025 में सूचीबद्ध
मेडिकल साइंसेस
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)
डेंटल साइंसेस
डिप्लोमा–डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा–डेंटल मैकेनिक्स
नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/नर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPCC)/ एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/कम्युनिटी हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)
फार्मेसी
डी.फार्म/बी.फार्म/एम.फार्म (फार्माकोलॉजी, फार्मास्यूटिक्स, फार्मासियूटिकल कैमिस्ट्री, फार्माकॉगनॉसी )
पैरामेडिकल साइंसेस
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स–रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/डिप्लोमा इन इमरजेंसी एण्ड ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/डिप्लोमा इन रेडियोथेरेपी तकनिशियन (DRIT)/ बैचलर इन ऑप्रेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (BOTT)/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलॉजी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)/एमएससी क्लीनिकल एम्ब्र्योलॉजी/ एम.एससी इन मेडिकल लैबोरेट्री सांइस (MMLS)/ मास्टर्स इन फिजीयोथेरेपी (MPT)
फोरेंसिक साइंसेस
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान, एमएससी फोरेंसिक विज्ञान
मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए/(आईटी और मल्टीमीडिया)/ एम.कॉम (ऑनर्स)/ मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)
ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड–243006 (यू.पी.)
Website : www.biu.edu.in, E-mail : admission@biu.edu.in

## आज का मौसम

आसमान में हल्के बादल रहेंगे और मौसम सामान्य रहेगा।

31.0° अधिकतम तापमान | 23.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05 :17 | सूर्यास्त 07 :16

## एक नजर

### दुर्घटना में मिर्च मसाला व्यापारी घायल

**छजलैट, अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्राम मतलब पूर सदरपुर निवासी ओमकार बाइक पर गांव-गांव में फेरी लगाकर मसाले बेचकर परिवार का पालन पोषण करता है। शनिवार सुबह वह बाइक से मसाले बिक्री करने गांव के लिए निकला था। भीकनपुर ब्लॉक के पास सामने से आ रही पिक अप चालक ने लापरवाही से अपना वाहन चलाते हुए उसकी बाइक में टक्कर मार दी। दुर्घटना में व्यापारी गंभीर रूप से घायल हो गया और उसके मिर्च मसाले की थालियां सड़क पर गिर गए। ग्रामीणों ने उसके परिजनों को सूचना दी। परिजनों ने गंभीर रूप से घायल व्यापारी को एक निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया है। परिजनों ने थाने में तहरीर दी है।

### राज्य महिला आयोग की सदस्य 25 को मुरादाबाद में

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** राज्य महिला आयोग की सदस्य संगीता जैन 25 को सर्किट हाउस सभागार में पूर्वाह्न 11:00 बजे से महिला जनसुनवाई करेंगी। प्रभारी जिला प्रोबेशन अधिकारी हर्ष मवार ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग द्वारा महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने के उद्देश्य से हर जिले में रोस्टर के अनुसार महिला जनसुनवाई की जाती है।

### बाग में महिला किसान पर हमला

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मझोला थाना क्षेत्र में आम व अमरूद के बाग में रहने वाली महिला किसान पर अज्ञात लोगों ने हमला कर दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता आशा रानी बच्चों और बहू के साथ के दिल्ली रोड स्थित रिलायंस पेट्रोल पंप के पीछे बाग में रहती हैं। उन्होंने बताया कि कुछ लोग हथियार और डंडे लेकर उनके बाग में घुस आए और मारपीट करने लगे। पीड़िता के अनुसार उनका बेटा मदद के लिए पास की मस्जिद की ओर भागा, जहां से 4-5 लोग सहायता को पहुंचे, लेकिन हमलावरों ने उन्हें भी घायल कर दिया। आशा भय के कारण थाने नहीं पहुंच सकीं, क्योंकि कोई साधन नहीं था। थाना मझोला के प्रभारी निरीक्षक आरपी शर्मा ने बताया कि महिला की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### गलत निकलने पर वीडियो बनाकर सही कराएं रीडिंग

**कांठ, अमृत विचार :** मीटर रीडिंग गलत निकलने पर उस दिन की चार से पांच मिनट की वीडियो बनाकर एसडीओ कार्यालय में संपर्क करें ताकि उनके बिल में तुरंत संशोधन किया जा सके। यह बात विद्युत उपखंड अधिकारी सचिन रस्तोगी ने कही। शनिवार को बताया कि बिल रीडिंग बेस पर ही बनाए जा रहे हैं परंतु कुछ प्रकरणों में त्रुटिवश गलत डाली दी गई हो तो मीटर रीडर के द्वारा बनाए गए बिल में मीटर रीडिंग की जांच अवश्य कर लें।

# पार्क से संविधान का मिलेगा ज्ञान हनुमान वाटिका से बढ़ेगा अध्यात्म



निरीक्षण करते प्रभारी मंत्री अनिल कुमार, साथ में नगर आयुक्त व अन्य।

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- प्रभारी मंत्री ने किया संविधान साहित्य पार्क व हनुमान वाटिका का निरीक्षण

**अमृत विचार:** जिले के प्रभारी मंत्री अनिल कुमार ने शनिवार को दिल्ली रोड के बुद्धि विहार में बने संविधान साहित्य पार्क और हनुमान वाटिका निरीक्षण किया। सराहना करते हुए कहा कि संविधान साहित्य वाटिका लोगों को संविधान निर्माण व प्रावधानों का ज्ञान कराएगी तो हनुमान वाटिका से आध्यात्मिकता बढ़ेगी।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि मुरादाबाद के लोगों के लिए यह ऐतिहासिक और धार्मिक विरासत की अनूठी धरोहर है। नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने निर्माण व महत्व की जानकारी दी। इस दौरान महापौर विनोद अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष आकाश पाल के अलावा अन्य लोग मौजूद रहे।

# डंडों से हमला कर महिला को किया घायल, रिपोर्ट दर्ज

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** थाना मझोला क्षेत्र की आवास विकास कॉलोनी निवासी अनीता सिंह ने आरोप लगाया है कि वह बाहर से लौटकर घर पहुंची, तभी पड़ोसन सुदेशना, शांतिवीर और लक्ष्य ने उसके घर में घुसकर डंडों से हमला कर दिया।

तीनों के हाथों में डंडे थे। । शांतिवीर ने डंडे से सिर पर वार किया, जबकि सुदेशना और लक्ष्य ने अन्य अंगों पर हमला किया। जान से मारने की धमकी भी दी। अनीता सिंह ने तुरंत ही डायल 112 पुलिस को कॉल कर मौके पर बुलाया और थाने पहुंचकर तहरीर दी। महिला कांस्टेबल ने पीड़िता का मेडिकल कराया।

थाना मझोला प्रभारी निरीक्षक आरपी शर्मा ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर तीनों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### बारिश न होने से जनजीवन बेहाल, आज राहत की आस

# उमड़े बादल... बिन भीगे रह गए शहर के लोग

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** बादलों के उमड़ने के बाद भी लोग बिन भीगे रह गए। आषाढ़ में जेठ की तरह सूरज की तपिश ने लोगों के पसीने निकाल दिए। उमस ने बेचैन किया। बारिश के लिए सभी की टकटकी लगी है। मानसून की सक्रियता में देरी से जनजीवन बेहाल है।

कई दिनों से बादल उमड़ घुमड़ रहे हैं। प्री मानसून में बारिश न होने से लोगों को सूरज की तपिश झुलसा रही है। सुबह से लेकर रात तक उमस से लोगों की नींद व चैन छिन रहा है। बादलों की आवाजाही के बाद भी लोग गर्मी से परेशान हैं। दोपहर में सड़कें सूनी रह रही हैं। शनिवार को अधिकतम तापमान शुक्रवार की अपेक्षा दो डिग्री सेल्सियस



दोपहर में गर्मी में मुंह ढक कर निकली महिला।



शाम को पार्क में खेलते बच्चे । ● अमृत विचार

- किसानों को सिंचाई के लिए बारिश का इंतजार

बढ़कर 34.5 डिग्री सेल्सियस हो गया। हालांकि न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। पूरे दिन उमस से लोग बेहाल रहे। बारिश न होने से किसानों को सिंचाई के लिए मुश्किल हो रही है। उन्हें सिंचाई के लिए अतिरिक्त खर्च करना पड़ रहा है। जबकि आषाढ़ के महीने में बारिश से किसानों को फसलों की सिंचाई करने की जरूरत नहीं पड़ती है।

गोबिंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर के मौसम विशेषज्ञ ने बताया कि शनिवार को आर्द्रता 54 प्रतिशत रहा। 1.6 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से दक्षिण पश्चिम दिशा से हवा चली। उन्होंने बताया कि 22 जून से मानसून सेट कर जाएगा। हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। इसके बाद महीने के अंत तक मानसून की बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिलेगी।

# लक्ष्य से कम वसूली, कर आयुक्त ने जताई नाराजगी

### ईंट भट्ठों के रिटर्न की मॉनिटरिंग करने, राज्य कर चोरी पकड़े जाने पर कड़ी कार्रवाई के दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता,मुरादाबाद

**अमृत विचार:** मंडल में वाणिज्य कर की चोरी पर अंकुश लगाने और राज्य कर वसूलने के लिए की गई विभागीय कार्रवाई की समीक्षा के दौरान को प्रदेश के राज्यकर आयुक्त जीएसटी ने 2004-25 की तुलना में वर्ष के माह-मई-25 में लक्ष्य कम प्राप्त करने वाले रामपुर, चंदौसी, संभल, धामपुर, चांदपुर, मुरादाबाद के अधिकारियों पर नाराजगी जताई। इसके अलावा वुड एंड टिंबर, ईंट भट्ठों, बैक्वेंट हॉल, मैरिज लॉन और क्रेशर फर्मों पर की गई की कार्रवाई की समीक्षा की। वह इससे संतुष्ट नहीं हुए। व्यापार कम दिखाकर टैक्स चोरी करने वाली फर्मों पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए।

शनिवार को वाणिज्य कर विभाग के कार्यालय पहुंचे प्रदेश के राज्यकर आयुक्त जीएसटी नितिन कुमार बंसल ने मंडल के पांचों जिलों के वाणिज्य कर विभाग के अधिकारियों के द्वारा कर वसूली और कार्रवाई की समीक्षा की। जिसमें वर्ष 2025-26 के लिए मुरादाबाद जोन का वार्षिक संग्रह 2743.24 करोड़ रुपये एवं माह मई-25 का मासिक लक्ष्य 60225.73 करोड़ रुपये दिया गया था। जिसके सापेक्ष वार्षिक लक्ष्य 337.23 करोड़ रुपये तथा मासिक लक्ष्य 60143.09 करोड़ रुपये प्राप्त हुआ है। उन्होंने संग्रह लक्ष्य को शत-प्रतिशत प्राप्त करने के निर्देश देते हुए जिलेवार प्रत्येक खंड की समीक्षा की। जिसमें बोगस फर्जी आईटीसी क्लेम किए जाने के संबंध में संबंधित फर्म का सत्यापन करने के बाद ही आईटीसी का लाभ दिए जाने के निर्देश दिए। वहीं वुड एंड टिंबर की फर्मों की जानकारी ली। संग्रह की समीक्षा में पाया गया कि इस ट्रेड फर्मों ने वास्तविक माल की आपूर्ति प्राप्त किए बिना केवल प्रांत अंदर व प्रांत बाहर आउटवर्ड सप्लाई के लिए बोगस टैक्स इनवॉइस जारी कर आईटीसी पास ऑन की जा रही है। राज्यकर आयुक्त ने कहा कि प्रांत अन्दर पंजीकृत फर्मों द्वारा एसजीएसटी, आईसीओ एसटी के रूप में क्लेम की जा रही आईटीसी का सत्यापन करें। बोगस फर्जी एवं टैक्स न देने वाली फर्मों के विरुद्ध कार्रवाई का निर्देश दिया। माह-मई-25 में लक्ष्य कम प्राप्त करने वाले खंड अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगते हुए उन्हें चेतावनी दी है कि शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करें। ईमानदार व्यापारी का किसी भी स्तर पर उत्पीड़न न करें अन्यथा कार्रवाई होगी। समीक्षा के दौरान अपर आयुक्त ग्रेड-1, राज्य कर मुरादाबाद अशोक कुमार सिंह, संयुक्त आयुक्त कार्यों सर्किल, रश्मि श्रीवास्तव, संयुक्त आयुक्त कार्यपालक, संभाग ए,बी, मुरादाबाद मोहित गुप्ता, संयुक्त आयुक्त राज्य कर, संभाग-ए, मुरादाबाद , एस पी तिवारी, संयुक्त आयुक्त राज्य कर मिलिंद राज, संयुक्त आयुक्त राज्य कर, संभाग बिजनौर प्रीति शर्मा, आदि अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



समीक्षा बैठक में मौजूद प्रदेश के राज्य कर आयुक्त जीएसटी डॉ. नितिन बंसल।

#### ईंट निर्माता कर रहे कर चोरी

ईंट निर्माताओं द्वारा आपूर्ति मूल्य बेहद कम दिखाते हुए देय कर चोरी करने का मामला सामने आया। जोन में 1042 भट्ठों में से 589 भट्ठों द्वारा पंजीयन योग्य टर्नओवर 40 लाख रुपये से कम दिखाई जा रही है। कुछ भट्ठा स्वामी शून्य कर दे रहे हैं। इस पर खंड स्तर पर हर भट्ठा व्यापारी के रिटर्न की मॉनिटरिंग करने के लिए कहा। राज्य कर की चोरी पकड़े जाने पर कड़ी कार्रवाई करते हुए लक्ष्य बढ़ाने के लिए कहा। ट्रक वाहनों की नियमित चेकिंग करने के साथ बिल लेने के निर्देश दिए।

## सार-संक्षेप

### पत्नी पर तानाकशी का विरोध, पति को किया लहूलुहान



**छजलैट, अमृत विचार :** महिला पर तानाकशी का विरोध करने पर गांव के युवक ने महिला के पति के सर पर प्लेट मार कर लहूलुहान कर दिया। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है। थाना क्षेत्र के ग्राम चंगेरी मिलक निवासी मुस्ताक पुत्र साबिर की पत्नी गांव में ही एक विवाह समारोह में पति के साथ दावत खाने गई थी। वहां एक युवक ने दोस्तों के साथ महिला पर भद्दी तानाकशी करनी शुरू कर दी। जिसका विरोध मुस्ताक ने किया। विरोध करने पर आरोपी आपे से बाहर हो गया और उसने सर पर राइस प्लेट मार दी। हमले में मुस्ताक गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा। परिजन प्राथमिक उपचार के दौरान पीड़ित को थाने लेकर आए। जहां उन्होंने तहरीर देकर आरोपी के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

### प्रभारी डीपीओ ने की खुद का वेतन रोकने की संस्तुति

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मुख्य विकास अधिकारी ने कार्य में लापरवाही के चलते प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी के वेतन पर रोक लगा दी है। अपने वेतन रोकने की संस्तुति प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी ने खुद की है। उन पर प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी के साथ सीडीपीओ छजलैट का चार्ज है। उनके कार्य क्षेत्र में भी बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के लाभार्थियों के ओटीपी अपडेट नहीं हो पा रहे है।प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी जानकी देवी ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों सीडीपीओ और सुपरवाइजरों के साथ अपने ब्लॉक की कार्य प्रगति रिपोर्ट भेजी थी। जिस पर सभी के साथ कार्य में लापरवाही बरतने के मामले में वेतन और मानदेय रोकने के लिए की गई संस्तुति में खुद का जिक्र भी किया था। जिस पर सबके साथ प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी का वेतन रोका गया है।

### एडीजी ने प्रशिक्षु आरक्षियों से की वार्ता, साथ में खाया खाना

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** प्रशिक्षण लेने पुलिस लाइन स्थित प्रशिक्षण केंद्र में पहुंचे प्रशिक्षु आरक्षियों से शुक्रवार की रात एडीजी रमित शर्मा ने मुरादाबाद पहुंचकर वार्ता की। बात कर उनके साथ खाना खाया। पुलिस परिवार में शामिल होने पर बधाई देकर लगन के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए कहा। बरेली जोन के एडीजी रमित शर्मा मुरादाबाद पुलिस लाइन में पहुंचे। उनके साथ में डीआईजी मुनिराज जी और एसएसपी सतपाल अंतिल भी रहे। उन्होंने प्रशिक्षु आरक्षियों से चल रहे प्रशिक्षण के बारे में जानकारी ली। भवन का निरीक्षण किया। यहां की व्यवस्था देख वह संतुष्ट नजर आए। उन्होंने प्रशिक्षण की मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता और प्रशिक्षण कार्य योजना के क्रियान्वयन की भी समीक्षा की। एडीजी ने सभी प्रशिक्षु आरक्षियों को मैदान में बुलाया और उन्हें संबोधित करते हुए कहा कि अब आप लोग पुलिस परिवार का हिस्सा हो गए हैं। लगन के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करिए। यहां मिलने वाला प्रशिक्षण पूरी नौकरी में काम आएगा। उनका उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि मुझे आशा है कि देश के यह युवा प्रहरी सेवा, कर्तव्य और अनुशासन की भावना के साथ समाज की सुरक्षा व सेवा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

### एआईएमआईएम के नगराध्यक्ष ने भाइयों पर लगाया आत्महत्या को मजबूर करने का आरोप

**भोजपुर, अमृत विचार :** एआईएमआईएम के नगराध्यक्ष ने चचेरे भाइयों पर समाज में छवि धूमिल कर आत्मघाती कदम उठाने को विवश करने का आरोप लगाया है। सोशल मीडिया पर डाले गए दो मिनट के वीडियो में कहा कि मेरी मौत के जिम्मेदार यही लोग होंगे। वीडियो में नगराध्यक्ष शराफत अली ने कहा कि भाई सदाकत अली और चचेरे भाई जिनमें नगर पंचायत बोर्ड का सदस्य हाजी मोहम्मद रफी, हाफिज हफीज और हाजी हामिद मेरे खिलाफ दुष्प्रचार कर रहे हैं। आरोपी मुझ पर दलित समाज की लड़की से संबंध रखने का आरोप लगाते हुए घर-घर जाकर दुष्प्रचार कर रहे हैं। मैं मानसिक रूप से परेशान होकर आत्महत्या करने को मजबूर हो रहा हूं। जबकि वह लड़की मुझे चाचा कहती है। अगर मैं आत्महत्या करता हूं तो यही चार पांच लोग मेरी मौत के जिम्मेदार होंगे। बताया जा रहा है कि दो सप्ताह पहले किसी मामले में कस्बे की दलित युवती ने नगराध्यक्ष के घर जाकर हंगामा खड़ा कर दिया था। युवती के परिजनों एवं मोहल्लेवासियों के हस्तक्षेप से मामला रफा-दफा हो गया था। यह बात थाने तक भी पहुंची थी। युवती के कार्रवाई करने से कदम पीछे खींचने पर मामला ठंडा हो गया था।

# वरुण की पत्नी बोली, बात मान लेते तो ऐसा नहीं होता

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- शुक्रवार को कर्ज में दबे युवक ने दे दी थी जान

**अमृत विचार:** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में कर्ज में डूबे वरुण चौहान ने बीते शुक्रवार की शाम फंदे पर लटककर आत्महत्या कर ली थी। देर रात परिजन बिजनौर से मुरादाबाद पहुंच गए थे। शनिवार की दोपहर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। वह शव को लेकर बिजनौर चले गए। मृतक की पत्नी बोली कई बार ऑनलाइन गेम खेलने के लिए मना किया, लेकिन नहीं सुनी। अगर मेरी बात मान ली होती तो शायद ऐसा न होता।

बिजनौर के थाना स्योहारा अंतर्गत गांव कजमपुर शेरपुर निवासी वरुण चौहान का मुरादाबाद के काजीपुरा में पानी का प्लांट है। बीते शुक्रवार की शाम प्लांट में वरुण ने फंदे पर लटककर खुदकुशी कर ली थी। पुलिस को जेब से सुसाइड नोट मिला। जिसमें लिखा था मेरा इस दुनिया से जाना ही ठीक है, अपना और गब्बू का ध्यान रखना। अगर मैं रहता तो सब खत्म हो जाता। शनिवार देर शाम परिजन मुरादाबाद पहुंचे। शनिवार को दोपहर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। बिना कार्रवाई के परिजन शव को ले गए। पति का शव देखते हुए रोते हुए पत्नी बोली अगर बात मान ली होती तो ऐसा नहीं होता। ऑनलाइन गेम के चलते कर्ज हो गया। प्रभारी निरीक्षक मनीष सक्सेना ने बताया कि परिजनों ने शिकायती पत्र नहीं दिया है।

# उपकरणों में खराबी, बिजली गुल

कार्यालय संवाददाता,मुरादाबाद

- दलपतपुर से जुड़े 7 हजार उपभोक्ताओं ने 24 घंटे से अधिक झेला बिजली संकट
- महानगर के ताड़ीखाना व कटघर बिजली केंद्र से जुड़े उपभोक्ता भी रहे परेशान

**अमृत विचार:** महानगर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली व्यवस्था गर्मी में चरमरा गई है। कटघर विद्युत केंद्र से दलपतपुर जा रही 33 केवी की लाइन में बक्सा फटने से 24 घंटे से अधिक लोगों को बिजली संकट झेलना पड़ा। 7 हजार से अधिक उपभोक्ता गर्मी में बिजली न आने से बिलबिला गए। वहीं महानगर के ताड़ी खाना तिराहे पर रखा ट्रांसफार्मर फुंकने से ताड़ी खाना, गुलजारी मल धर्मशाला रोड के दो हजार से अधिक उपभोक्ताओं को सुबह 10 बजे से दोपहर तीन बजे तक बिना बिजली के बिताना पड़ा। टाउन हाल और कटरा मानपुर की विद्युत आपूर्ति फॉल्ट ठीक करने के चलते कई घंटे गुल रही।

शनिवार सुबह 10 बजे ताड़ी खाना रोड गुरुद्वारे के पास रखा ट्रांसफार्मर फुंकने से शाम तीन बजे तक बिजली गुल रही। स्पेयर पार्ट्स के दुकानदार विक्की ठाकुर ने बताया कि सुबह दुकान खोली तो पता चला कि ट्रांसफार्मर में फॉल्ट हो गया। कर्मचारियों को कई फोन किए गए। जिसके दो घंटे बाद बिजली कर्मचारी फुंके ट्रांसफार्मर को ठीक करने पहुंचे। इस दौरान पारकर रोड टाउन हॉल और कटरा मानपुर की बिजली बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई। शाम चार बजे तक ट्रांसफार्मर बदला गया। जिससे छह घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रही। गुरुवार की रात को 33 केवी की लाइन पर लगा बक्सा फट गया था। जिसके बाद रामपुर दोराहे से लेकर दलपतपुर तक 7 हजार उपभोक्ताओं को गुरुवार की रात से लेकर शुक्रवार की शाम तक बिना बिजली आपूर्ति के बिताना पड़ा। शुक्रवार की रात 8 बजे फिर फॉल्ट हो गया। जिसके बाद शनिवार की शाम तक बिजली संकट झेलना पड़ा। कबीर नगर से लेकर दलपतपुर तक की उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति 24 घंटे से अधिक बाधित रही।

शनिवार को एसडीओ दलपतपुर अरुण राठौड़ ने बताया कि गुरुवार की शाम 33 केवी की विद्युत लाइन का इनपुट बॉक्स अचानक फट गया जिससे शुक्रवार की शाम 7:00 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। उन्होंने बताया कि गुरुवार को फॉल्ट के बाद रातभर सही किया गया। शाम को दोबारा फॉल्ट हो जाने से शनिवार की सुबह से आपूर्ति प्रभावित रही।

**मौसम की मार** | जिला अस्पताल में 1800 तक रहने वाली मरीजों की संख्या इन दिनों दो हजार के पार पहुंच रही

# डायरिया और बुखार के मरीजों की बढ़ी संख्या, कम पड़ रहे बेड

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** गर्मी में जिला अस्पताल में ओपीडी में मरीजों की संख्या हर दिन बढ़ रही है। सामान्य दिनों में 1800 तक रहने वाली मरीजों की संख्या इन दिनों दो हजार के पार पहुंच रही है। गर्मी में लोग डायरिया से पीड़ित हो रहे हैं। अस्पताल के वार्ड में बेड कम पड़ रहे हैं। इमरजेंसी वार्ड, चिल्ड्रेन वार्ड से लेकर सभी वार्ड फुल हैं।

भीषण गर्मी ने जनजीवन बेहाल है। गर्मी में डायरिया बच्चों से लेकर बड़ों की सेहत बिगाड़ रहा है। जिला अस्पताल में डायरिया मरीजों के लिए आइसोलेशन वार्ड में 10 बेड हैं। लेकिन इन दिनों मरीजों की संख्या अधिक होने से बेड कम पड़ रहे हैं। सीएमएस डॉ. राजेंद्र कुमार ने बताया कि रोजाना 200 से अधिक मरीज डायरिया के आ रहे हैं। गंभीर रोगियों को ही भर्ती किया जा रहा है। आइसोलेशन वार्ड के अलावा इमरजेंसी में भी गंभीर डायरिया रोगी मरीज को भर्ती करने की सुविधा है।



जिला अस्पताल की ओपीडी में लाइन में लगे मरीज व तीमारदार। ● अमृत विचार

- सीएमएस बोले, 200 से अधिक मरीज डायरिया के आ रहे, गंभीर रोगियों को ही किया जा रहा भर्ती
- जिला अस्पताल में बच्चा वार्ड से लेकर इमरजेंसी वार्ड तक बेड खाली नहीं

#### ऐसे करें बचाव

- ओवर ईटिंग से करें परहेज
- बेवजह धूप में निकलने से बचें
- बच्चों को खिलाने-पिलाने से पहले उनके और अपने हाथों को अच्छी तरह साफ करें।
- रसदार फल, ककड़ी, खीरा अधिक खाएं। घर में बना भोजन करें।
- बाहर के खाने और जंक फूड से बनाएं दूरी

#### बुजुर्ग भी हो रहे निमोनिया के शिकार, रोजाना 50 से अधिक मरीज

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सिर्फ बच्चे ही नहीं निमोनिया बुजुर्गों को भी चपेट में ले रहा है। जिला अस्पताल की ओपीडी में इस समस्या से पीड़ित प्रतिदिन 50 से अधिक लोग पहुंच रहे हैं। जिनकी उम्र 60 से अधिक है। चिकित्सकों के अनुसार कम प्रतिरोधक क्षमता होने और शारीरिक गतिविधि कम होने के कारण बुजुर्गों को आसानी से निमोनिया शिकार बना लेता है। जिला अस्पताल में वरिष्ठ सांस एवं छाती रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रदीप कुमार वार्ष्णेय ने बताया कि निमोनिया फेफड़ों में होने वाला एक संक्रमण है, जिसकी वजह से फेफड़ों में मौजूद एल्वियोली में पस या फ्लूड भर जाता है और इस कारण से बलगम, सांस लेने में तकलीफ, बुखार जैसे लक्षण नजर आ सकते हैं। यह किसी बैक्टीरिया, फंगस या वायरस से संक्रमित होने की वजह से हो सकता है, जो फेफड़ों को कमजोर करता है। सांस की नली से कीटाणुओं और बलगम को बाहर करने के लिए म्यूकोसिलरी सिस्टम होता है, जो बढ़ती उम्र के साथ कमजोर होता जाता है। इसलिए उम्रदराज लोगों में निमोनिया का खतरा बढ़ जाता है।

# यह स्वास्थ्य विभाग है या कचरा विभाग

संवाददाता ,ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** नोडल अधिकारी प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा के पार्थ सारथी सेन शर्मा व स्वास्थ्य विभाग की अपर निदेशक ने शनिवार को जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी कुलदीप सिंह के साथ ठाकुरद्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल परिसर में खाली स्थान पर कूड़े का ढेर देख वह भड़क गए। बोले, यह स्वास्थ्य विभाग है या कचरा विभाग। कड़ी नराजगी जताते हुए तत्काल हटाए जाने के निर्देश दिए ।

मुख्य सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने अस्पताल में पहुंचकर सबसे पहले इमरजेंसी, ओपीडी, वैक्सीन का रखरखाव कक्ष , प्रयोगशाला, रसोईघर, मधुमेह विभाग का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रतिदिन आने वाले मरीजों की संख्या व उपचार के संबंध में जानकारी ली। साथ ही मधुमेह में मानसिक रोगियों के योगाभ्यास कराने संबंधी पूछताछ की। प्रयोगशाला जाते समय रास्ते में खाली पड़े स्थान पर कूड़े कचरे का देर देख मुख्य सचिव भड़कते हुए बोले, यह कचरा घर है या स्वास्थ्य विभाग। यह बहुत बडी लापरवाही है । उन्होंने इसे हटाए जाने के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा प्रभारी डीआर राजपाल सिंह सैनी को निर्देश दिए। कहां कि एक तरफ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को कायाकल्प अवार्ड मिला है दूसरी तरफ यह क्या देखने मिल रहा है। स्वास्थ्य विभाग से जनता को दी जाने वाली हर सुविधा का लाभ रोगियों को मिलना चाहिए । इसमें कोई लापरवाही नहीं मिलनी जाएगी । निरीक्षण के दौरान चिकित्सा प्रभारी डॉ. राजपाल सिंह सैनी, डॉ अनुराग चौहान, आशु गुप्ता आदि मौजूद रहे ।



चिकित्सा प्रभारी को दिशा निर्देश देते नोडल अधिकारी पार्थ सारथी सेन शर्मा।

- अस्पताल में गंदगी का ढेर देख भड़के प्रमुख सचिव, तत्काल हटाए जाने के निर्देश दिए
- ठाकुरद्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया दौरा, लापरवाही बरतने पर कार्रवाई को चेताया

# शरीर, मन और आत्मा को जोड़ने की विधा है योग

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवसः प्रशिक्षकों ने कराया योगाभ्यास, प्रतिदिन योग करने का संकल्प दिलाया

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार:** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सरकारी व अर्द्धसरकारी कार्यालयों में अधिकारियों व कर्मचारियों कर्मचारियों के साथ जनता ने योग क्रियाएं की। विशेषज्ञों ने प्रतिदिन योग को अपनाने का संकल्प दिलाया। देवकी नंदन शर्मा इंटर कॉलेज बहेड़ी ब्रह्मनान के प्रांगण में योग दिवस का आयोजन किया गया। प्रशिक्षक कुलदीप कुमार के निर्देशन में संगीत की धुन पर विभिन्न प्रकार के योगासन एवं प्राणायाम कराए गए।

शिक्षाविद पं. राधेश्याम शर्मा ने कहा कि योग शब्द संस्कृत भाषा के युज से लिया गया है, जिसका अर्थ है एक साथ होना। योग हमारे शरीर, मन और आत्मा को जोड़ने की विधा है। भाजपा मंडल अध्यक्ष जीवन सिंह पाल ने बताया कि योग हमारा स्वाभिमान बढ़ा स्वावलंबन की सनातन परंपरा से जोड़ता है। इस अवसर पर मंडल उपाध्यक्ष डॉ. सुखवीर सिंह, ग्राम प्रधान अल्पना पंकज भारद्वाज , डॉ. शमीम अहमद, मुसर्रत अंसारी, रिजवान, राशिद मंसूरी, राजेंद्र सिंह, नजाकत हुसैन, हरिओम सिंह नंबरदार, राजपाल सिंह राजू, विशाल शर्मा, ओमपाल सिंह, भोलू सिंह उपस्थित रहे। दूसरी ओर कृषि विज्ञान केंद्र, ठाकुरद्वारा में कृषकों एवं वैज्ञानिकों/कर्मचारियों द्वारा योग किया गया।

वैज्ञानिक दीपक कुमार ने कृषकों को योग का महत्व बताते हुए कहा कि योग से पाचन तंत्र मजबूत होता है, मधुमेह, वीपी जैसी बीमारी को ठीक करता है। किसान ही कृषि की रीढ़ हैं। अगर किसान स्वास्थ्य है तो देश खुशहाल होगा। वहीं, ब्लॉक परिसर में खंड विकास अधिकारी चैतन्य कुमार पाठक व अन्य ब्लॉक के अधिकारियों का कर्मचारियों ने योग किया। शैक्षिक संस्थाओं में योग का पाठ पढ़ाया गया।

भाजपा नगर मंडल कमेटी ने योगाभ्यास किया। मंडल अध्यक्ष दीपक बाल्मिकी, ठाकुर अजय प्रताप सिंह, ब्लॉक प्रमुख पति डॉ वीर सिंह सैनी ,शिवेंद्र गुप्ता , महामंत्री दिनेश कुमार प्रजापति, संजीव कुमार सिंह, जय वीर सिंह , रामेश्वर प्रसाद, उमेश कश्यप, ओम कुमार मौजूद रहे।

सरस्वती विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में हुए कार्यक्रम का संचालन आचार्य अशोक कुमार ने किया। प्रबंधक आशुतोष अग्रवाल, उपप्रबंधक दीपक शर्मा, कोषाध्यक्ष संजय सिंघल, उत्कर्ष, निर्वेश, तरुश आदि उपस्थित रहे। दूसरी तरफ नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर चिकित्सा कर्मियों ने योग किया। इस अवसर पर डॉ. राजपाल सिंह, नरेश सिंह, आशु गुप्ता, दीपक कुमार, कन्हैया लाल, सतीश जुयाल आदि थे।


ठाकुरद्वारा में योगाभ्यास करते साधक। ● अमृत विचार


कुंदरकी के किसान पब्लिक इंटर कॉलेज में योग करते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

### मन मस्तिष्क को संतुलन प्रदान करता है योग

**कुंदरकी, अमृत विचार :** शनिवार को किसान पब्लिक इंटर कॉलेज में योग सत्र का आयोजन किया गया। कॉलेज संचालक आरिफ पाशा एडवोकेट ने कहा कि योग हमें निरोगी बनाता है। आज के दौर में अव्यवस्थित दिनचर्या और खराब खान-पान से शरीर रोगी बनता जा रहा है। ऐसी स्थिति में प्रत्येक मानव के लिए योग करना आवश्यक है। योग प्रशिक्षक लेफ्टिनेंट विनीत कुमार ने कहा कि योग हमेशा प्रात: काल में ही करना चाहिए जिसमें भरपूर ऑक्सीजन प्राप्त हो सके। प्रधानाचार्य रियासतुल्लाह ने कहा कि योग हमें जीवन जीने की कला सिखाता है।


योगा करते एसडीएम विनय कुमार सिंह, पालिका अध्यक्ष रघुराज सिंह यादव व अन्य। ● अमृत विचार

### शैक्षिक संस्थानों में कराया गया योगाभ्यास

**बिलारी, अमृत विचार :** अमरपुर काशी संस्थान में शनिवार को कृषि औद्योगिक इंटर कॉलेज, ग्रामोदय महाविद्यालय, लॉ कॉलेज, प्राइमरी पाठशाला में सामूहिक रूप से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शिक्षकों व विद्यार्थियों ने योग किया। प्रधानाचार्य आशीष कुमार जादौन ने बताया कि योग जीवन में नई स्फूर्ति व चेतना का संचार करता है। इस दौरान प्रधानाचार्य आशीष कुमार जादौन, अजय सिंह, सुभाषिनी वर्मा, ओमप्रकाश सिंह, महेश कुमार, विष्णुदेव, आदित्य कुमार, सुलभ चौहान, अशोक कुमार, वैभव राघव, मनोज प्रताप सिंह, विनोद यादव, शरद तोमर विश्वजीत राघव, शुभेंदु प्रताप सिंह, विनोद कुमार, उदयपाल मौजूद रहे।

## योग से स्वस्थ रहता है शरीर

संवाददाता, बिलारी

- बिलारी में एसडीएम, पालिका अध्यक्ष सहित अधिकारियों ने किया योग

**अमृत विचारः** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर नगर पालिका परिषद परिसद में 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। भारत स्वाभिमान ट्रस्ट, पतंजलि योग समिति, भाजपा, राजस्व प्रशासन, शिक्षा विभाग समेत कई राजनीतिक संगठनों ने संयुक्त रूप से योग किया।

मंच पर योगाभ्यास नगर पालिका परिषद के सभासद योग शिक्षक निहाल सिंह लाठर, मीना गुप्ता और बीना गुप्ता द्वारा कराया गया। इस बीच योग के प्रकार बताए और योग से होने वाले लाभों को गिनाया। कहा कि योग करने से शरीर स्वस्थ रहता है। कार्यक्रम में एसडीएम विनय कुमार सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष रघुराज सिंह यादव, भाजपा के जिला महामंत्री चंद्रपाल सैनी, सभासद देवेश शर्मा, प्रवेश कुमार, दानवीर शर्मा, ब्रज रतन प्रजापति, राकेश यादव आदि सभासद मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन नागरिक मंच का संयोजन संजय सक्सेना ने किया।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर किया योगाभ्यास



**कांठ, अमृत विचार :** तहसील परिसर में एसडीएम कांठ संत दास पवार द्वारा योग अभ्यास कराया गया। इस दौरान जिलाधिकारी मुरादाबाद, तहसीलदार कांठ एवं तहसील का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। नगर स्थित रामलीला मंदिर पर आयोजित कार्यक्रम में योगाभ्यास किया। मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष आकाश पाल एवं आरएसएस के वरिष्ठ नेता कृष्ण गोपाल, डॉ कमल आर्य, मुकेश माहेश्वरी, डॉक्टर अशोक कुमार चौहान, राजन बिश्नोई, महेश चंद्र गुप्ता, जिला महामंत्री, अनुज बिश्नोई जिला किसान मोर्चा महामंत्री, मंडल अध्यक्ष अंकुश चौहान, पूर्व अध्यक्ष अभय कुमार विश्नोई, सचिन विश्नोई और बंटी, मोनू बिश्नोई, सूरज सिंह पूर्व अध्यक्ष, पूर्व अध्यक्ष राजपाल सिंह प्रजापति, जितेंद्र बिश्नोई, रिजवान अल्वी, साजिद इदरीसी, सत्यवान राजपूत एवं अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे। महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज पट्टी मौढ़ा कांठ में छात्र-छात्राओं ,शिक्षकों एवं शिक्षणेतर कर्मचारियों ने भाग लिया। प्रधानाचार्य मदन सिंह, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी पदम सिंह, अखिलेश कुमार विश्नोई, अतवीर सिंह त्यागी पंकज कुमार उपस्थित रहे।

### गोकुल दास में मंत्रोंच्चारण से हुई योग दिवस की शुरुआत



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** गोकुलदास हिंदू गर्ल्स महाविद्यालय में योग दिवस की शुरुआत सबा खान ने मंत्रों का उच्चारण कर सूर्य नमस्कार से की। प्रोफेसरों के साथ छात्राओं में योग दिवस को लेकर उत्साह दिखाई दिया। सभी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उद्बोधन सुना। शनिवार को गोकुलदास हिंदू गर्ल्स महाविद्यालय में आयोजित शिविर में प्राचार्य प्रोफेसर चारु मेहरोत्रा ने योगभ्यास के बाद कहा कि योग, शारीरिक मानसिक भावनात्मक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने का प्राकृतिक साधन है। उन्होंने सभी से योग को अपने जीवन में शामिल करने की अपील की। प्राचार्य के निर्देशन में योग गुरु सबा खान ने पूरे गोकुल परिवार को योग कराया। जिसमें कई आसन शामिल रहे। इसके बाद 10 मिनट तक प्राणायाम कराया। प्रोफेसर कविता भटनागर ने कहा कि योग हमें सादगी संयम और प्रकृति के साथ जुड़कर जीने की प्रेरणा देता है। शिविर में मासिक योग कार्यक्रम के अंतर्गत कराई गई विभिन्न प्रतियोगिताओं की प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए गए। संचालन प्रोफेसर एकता भाटिया, डॉ शैफाली अग्रवाल,डॉ रेनू शर्मा, डॉ सविता अग्रवाल, डॉ प्रेमलता कश्यप और शिवानी गुप्ता , डॉ गुलशन आरा मौजूद रहीं।

### शादी का झांसा देकर निजी अस्पताल की नर्स से दुष्कर्म

**भोजपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी दलित युवती ने साथी कंपाउंडर पर शादी का झांसा देकर चार साल तक दुष्कर्म करने, गर्भपात कराने व प्रेमी के दो मामा के खिलाफ जान से मारने की धमकी देने के आरोप में केस दर्ज कराया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में युवती ने कहा है कि गांव के निकट स्थित निजी अस्पताल में नर्स है। चार वर्ष पूर्व अस्पताल के कंपाउंडर थाना भगतपुर के गांव पाडलीवाजे निवासी कुलदीप ने शादी का झांसा देकर संबंध बना लिए। अस्पताल एवं होटलों में ले जाकर यौन शौषण करता रहा। गर्भवती होने पर दो वर्ष पूर्व आरोपी ने गर्भपात करा दिया। आरोपी पत्नी बताकर अस्पताल से तन्खवाह के पैसे भी लेता रहा। 7 जून को दुष्कर्म किया तो उसने फिर शादी की बात दोहराई तो आरोपी ने जातिसूचक गालियां देते हुए कहा कि मैं सबकुछ मौज-मस्ती के लिए कर रहा था। धमकी देते हुए कहा कि अगर पुलिस में शिकायत की तो अश्लील वीडियो और फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर दूंगा। पीड़िता ने प्रेमी के मामा रिंकू एवं दीपक शर्मा पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। थाना पुलिस ने कप्तान के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## परशुराम पार्क बनने पर ब्राह्मण समाज सहमत

संवाददाता, बिलारी

- शेष बची जगह को चिन्हित कर बनाया जाएगा ग्रीन कॉरिडोर
- ब्राह्मण समाज के लोगों ने जताया पालिका अध्यक्ष का आभार

**अमृत विचारः** नगर के शाहबाद रोड पर बन रहे भगवान परशुराम पार्क को लेकर ब्राह्मण समाज के पदाधिकारी शनिवार को पालिका सभागार में पहुंचे। जहां उन्होंने पालिका अध्यक्ष रघुराज सिंह यादव का पार्क निर्माण के लिए आभार व्यक्त किया। पालिका अध्यक्ष ने कहा कि कुछ लोगों द्वारा पार्क के लिए जमीन पूरी करने की मांग की जा रही है। फिलहाल जितनी जगह उपलब्ध है इस पर पार्क का निर्माण किया जाएगा बाद में जगह चिन्हित करने के बाद विधिक प्रक्रिया के अनुरूप जगह मिलने पर उसे पर ग्रीन कॉरिडोर बनाया जाएगा।

बिलारी में गाटा संख्या 837 पर भगवान परशुराम पार्क का निर्माण कार्य चल रहा है। पालिका अध्यक्ष रघुराज सिंह यादव ने निर्माण कार्य शुरू हो चुका। सभासद देवेश शर्मा ने कहा कि भगवान परशुराम पार्क की मांग लंबे समय से चली आ रही थी। जिसे पालिका अध्यक्ष ने पूरा किया। कुछ लोगों द्वारा पैदा की जा रही अड़चन को लेकर कहा कि बाद में अन्य जगह मिल जाने पर ग्रीन कॉरिडोर बनाया जाएगा। कहा कि हम सब भी पार्क को भव्य तरीके से पार्क की पूरी जमीन पर बनाना चाहते हैं। परंतु इस समय पार्क का निर्माण जरूरी है, शेष जगह के लिए प्रयास जारी रहेगा।

इस बीच काफी संख्या में ब्राह्मण समाज के लोग पालिका में पहुंचे। जहां उन्होंने पालिका अध्यक्ष रघुराज सिंह यादव का आभार व्यक्त किया। इस दौरान डॉ. विजय शर्मा, श्रीनिवास शर्मा, सूरज शर्मा, मनोज कुमार शर्मा, शैलेश कुमार शर्मा, राजीव कुमार शर्मा, शीतांशु दीक्षित, प्रमोद कुमार शर्मा, सुभाष चंद्र शर्मा, नरेश कुमार, वेद प्रकाश पांडे, अतुल शर्मा, संदीप शर्मा, प्रदीप शर्मा, अमर जोशी, मनोज कुमार, श्याम रंजन भारद्वाज दीपक शर्मा आदि शामिल रहे।


पालिका अध्यक्ष रघुराज सिंह यादव को ज्ञापन देते ब्राहमण समाज के लोग।

## 42 शिकायतों में से दो निस्तारित

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

- एसडीएम की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

**अमृत विचार :** शनिवार को तहसील सभागार में एसडीएम प्रीति सिंह की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान का आयोजन किया गया। जिसमें 42 फरियादियों ने पहुंचकर शिकायतें दर्ज कराईं। मात्र दो शिकायतों का मौके पर निस्तारण हो पाया ।

शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस में थाना क्षेत्र के गांव शरीफ नगर निवासी उर्मिला पत्नी गिरिराज किरण देवी पत्नी महेंद्र सिंह, प्रीति लता पत्नी स्वर्गीय हरपाल सिंह ने कहा कि पति मेहनत मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करते हैं। परिवार के जगदीश पुत्र तेजराम, शगुन, बबली आए दिन गाली-गलौज व मारपीट करते रहते हैं । पारिवारिक बंटवारे से प्राप्त जमीन में खेती करने पर आरोपियों ने बीते दिनों मारपीट की। पुलिस को तहरीर दी लेकिन पुलिस ने अभी तक कोई कार्रवई नहीं की।

संपूर्ण समाधान दिवस में तहसीलदार प्रवीण कुमार, चैतन्य कुमार, कोतवाल प्रभारी जसपाल सिंह, वन क्षेत्राधिकारी रवि कुमार गंगवार आदि मौजूद रहे ।


ठाकुरद्वारा में फरियादियों की फरियाद सुनते अधिकारी। ● अमृत विचार

**कांठः** तहसील कांठ में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 37 फरियादी शिकायत लेकर पहुंचे। जिनमें से पांच शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। अन्य शिकायतों का निस्तारण करने के लिए संबंधित विभाग की टीम मौके पर भेजने के निर्देश दिए गए। एसडीएम कांठ संत दास पवार ने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में आने वाली सभी शिकायतों का निष्पक्ष रूप से जांच करने के बाद निस्तारण करें। इसमें किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि ग्राम समाज की सार्वजनिक भूमि और चकरोड पर किसी व्यक्ति का अवैध कब्जा है तो इसकी पैमाइश करा कर तत्काल हटवाएं। निर्देश दिए कि जो न्यायालय में विवादित जमीन संबंधी मामले हैं, उन पर बिना न्यायालय की अनुमति के कोई हस्तक्षेप ना करें।

### प्रधान के पुत्र का बना है अंत्योदय कार्ड

गांव गजरौला जय सिंह निवासी विनोद कुमार पुत्र फूल सिंह ने शिकायती पत्र देकर कहा कि गांव की प्रधान ब्रह्मा देवी के पुत्र सोमवीर सिंह के नाम से अंत्योदय राशन कार्ड बना हुआ है जबकि वह पात्र नहीं है लेकिन ग्राम प्रधान ने प्रभाव से नियम कानून को ताक में रखकर पुत्र को अंत्योदय कार्ड जारी करवा लिया जो गैर कानूनी है। जांच कर कार्ड निरस्त करवाया जाए।

### शिकायतों का त्वरित निस्तारण करें अधिकारी



**बिलारी,अमृत विचार :** संपूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम विनय कुमार सिंह एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार सिंह ने फरियादियों की समस्याएं सुनी। जिन पर शिकायततों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए हैं। शनिवार को तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम विनय कुमार सिंह एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार सिंह ने शिकायतें सुनी। इस दौरान दिवस में कुल 55 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से दो शिकायतों का ही मौके पर निस्तारण हो पाया। दिवस में सबसे ज्यादा राजस्व विभाग की 33 शिकायतें प्राप्त हुई। पूर्ति विभाग की 14 शिकायतें प्राप्त हुई कल 55 शिकायतों में से दो शिकायतों का ही मौके पर निस्तारण हो पाया एसडीएम विनय कुमार सिंह ने कहा कि प्राप्त हुई शिकायत तो का तत्काल गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण होना चाहिए। किसी भी हाल में शिकायत करता को बार-बार तहसील के चक्कर न लगाने पड़े। हर हाल में शिकायतकर्ता संतुष्ट होना चाहिए।

## सार-संक्षेप

### निरोग जीवन का मूल आधार है योग



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** शनिवार को दिव्य योग केंद्र मंडी बांस में भोर की शांतिमय वायु में भव्य योग शिविर का आयोजन किया गया। योग सत्र का संचालन योग विशेषज्ञ डॉ. मनोज रस्तोगी ने किया। जिन्होंने आयुष मंत्रालय द्वारा निर्धारित योग प्रोटोकॉल के अनुसार प्रतिभागियों को विस्तृत योगासन और प्राणायाम का अभ्यास कराया। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रों एवं ईश्वर स्तुति के साथ हुई। डॉ. रस्तोगी ने योग के सिद्धांतों को विस्तार से समझाते हुए कहा कि योग के नियमित अभ्यास से शरीर के तीन दोष-वात, पित्त और कफ संतुलित रहते हैं, पाचन क्रिया सुधरती है और शरीर की सप्त धातुएं पुष्ट होती हैं। इससे न केवल शरीर, बल्कि विचार और व्यवहार में भी संतुलन आता है, यही एक सच्चे योगी की पहचान है। इस दौरान मंडलाध्यक्ष दीपा खन्ना मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने योग को निरोग जीवन का मूल आधार बताया और दिव्य योग केंद्र व कार्यक्रम संयोजक डॉ. मनोज रस्तोगी को सफल आयोजन के लिए बधाई दी। इस मौके पर अनिल खन्ना, दीपक भटनागर, आदर्श गुप्ता, सुमन रस्तोगी, पल्लवी अग्रवाल, रश्मि रस्तोगी, रविंद्र रस्तोगी, मधु रस्तोगी, आयुषी रस्तोगी, डॉ. संतोष नारायण मेहरोत्रा समेत कई लोग मौजूद रहे।

### स्वास्थ्य ही मानव की सबसे बड़ी पूंजी



**छजलैट , अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर क्षेत्र में योगाभ्यास किया गया। इस दौरान योग प्रशिक्षुओं द्वारा योग के महत्व पर चर्चा की गई। बिहारी आदर्श कन्या इंटर कॉलेज कांठ में सुनीता शर्मा के साथ प्रधानाचार्या डॉ. अंजना शर्मा एवं नीरज यादव, रेनू गौतम, अंजू शर्मा, राजबाला देवी, रश्मि विश्नोई, आंचल चौहान, दीपिका चौहान आदि अध्यापिकाओं एवं छात्राओं ने विभिन्न आसनों जैसे -ध्यान, प्राणायाम, सूर्य नमस्कार आदि का अभ्यास किया। राजकीय हाई स्कूल कुचावली में योग शिक्षिका गीतांजली दक्ष द्वारा योग क्रियाएं और प्राणायाम करवाए गए। कार्यक्रम का आरंभ निशि रस्तोगी ने किया। गढ़ी स्थित हॉवर्ड कान्वेंट स्कूल में प्रबंधक दीपेश सिंह एवं विद्यालय प्रधानाचार्या रेनू बिश्नोई ने कहा कि स्वास्थ्य ही मानव की सबसे बड़ी पूंजी है। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में प्रधानाचार्य बिंटू ने बताया कि स्वास्थ्य सबसे अनमोल धन है, जिसे योग द्वारा बेहतर बनाया जा सकता है। मुख्य बाजार स्थित वैश्य धर्मशाला में भी नागरिकों ने योगाभ्यास किया। इस अवसर पर हरिश्चंद्र अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, जयकृष्ण माहेश्वरी, दीपक, विजय माहेश्वरी, डॉ. दयाराम प्रजापति आदि मौजूद रहे।

### ... जीतूंगा इक दिन मेरा दिल ये कहता है



**बिलारी, अमृत विचार :** शांति पुरम कॉलोनी में शुक्रवार देर रात चले जागरण में श्री श्याम संवारा एवं जागरण पार्टी के कलाकारों ने आनंद म्यूजिकल ग्रुप के तत्वाधान में बाबा खाटू श्याम का संकीर्तन किया। जिसमें मुरादाबाद से दीक्षा भक्ति, रामावतार शर्मा, बुलंदशहर से ओम सागर, हापुड़ से मनोज पागल ने सुंदर भजनों की प्रस्तुति दीं। बाबा खाटू श्याम का गुणगान किया तो श्रद्धालु झूमने को मजबूर हो गए। उससे पहले आचार्य ओम शास्त्री महाराज, अबनेश कुमार शर्मा, संजय गौड़ आदि ने बाबा खाटू श्याम की विशेष पूजा अर्चना कराई। जिसमें पालिका अध्यक्ष रघुराज सिंह यादव, सभासद देवेश शर्मा एडवोकेट, राकेश यादव सभासद, पंडित मोहनलाल शर्मा, ठाकुरद्वारा विधायक विजय यादव के पुत्र अजय यादव मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल रहे। श्रद्धालु दरबार में माथा टेकने के लिए बारी-बारी से पहुंचते रहे। देर रात तक जागरण कलाकारों ने सुंदर भजनों की प्रस्तुति की। इस दौरान महंत राहुल सांवरा, राजीव कुमार, मोहित सिंह एडवोकेट,सुनील कुमार एडवोकेट, आकाश गुप्ता, अमित गुप्ता, रामाधार शर्मा, आशु, वासु, सुमित गुप्ता एप्पल, हर्षित गुप्ता, नितिन गुप्ता श्रद्धालु शामिल रहे।

## योग को गांव- गांव तक पहुंचाने को चलाएंगे अभियान

संवाददाता, डिलारी

**अमृत विचारः** अगवानपुर मंडल में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने सामूहिक योगाभ्यास किया।

भाजपा के क्षेत्रीय संयोजक नवीन चौधरी, मंडल अध्यक्ष संजय विश्नोई और योग कार्यक्रम के संयोजक अभिषेक सहरावत के नेतृत्व में गांव बहेड़ी ब्रहमनान में स्थित देवकी नंदन शर्मा इंटर कॉलेज में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पतंजलि योग समिति ठाकुरद्वारा के प्रभारी योग प्रशिक्षक कुलदीप कुमार ने कहा कि योग जीवन जीने का मूल मंत्र है। योग से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य दोनों में सुधार होता है। मंडल अध्यक्ष ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष और जिला अध्यक्ष के निर्देश पर पूरे जिले में योग दिवस मनाया गया। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता योग को हर गांव और गली तक पहुंचाने का अभियान चलाएंगे।

कार्यकर्ताओं ने सूर्य नमस्कार, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी,सेतुबंध, का अभ्यास किया। कार्यक्रम में सहकारी समिति के अध्यक्ष पंडित राधेश्याम शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष जीवन सिंह पाल, मंडल महामंत्री विशाल शर्मा, टेकचंद कश्यप, मंडल मंत्री रवि कुमार, सभासद सूरज सिंह, भाजपा नेता भूदेव चौधरी,अभिनव गुप्ता, ओमपाल प्रजापति, ग्राम प्रधान अल्पना पंकज भारद्वाज, प्रधानाचार्य दाऊद अली आदि मौजूद रहे।


योग करते भाजपा कार्यकर्ता व अन्य। ● अमृत विचार

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शरबत वितरण

**कांठ, अमृत विचार :** 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर ग्राम आवीहफीजपुर में चिलचिलाती धूप और उमस भरी गर्मी से राहत देने के लिए राहगीरों को शीतल शरबत का वितरण किया गया। आयोजन ग्रामवासियों के सामूहिक सहयोग से किया गया। इस दौरान ग्राम प्रधान लोकेन्द्र सिंह, अंगद सिंह चौहान, जतिन चौहान, मुकुल शर्मा, पीतम सिंह, सुभाष तोमर, मा. सुखवीर सिंह, मो. अजीम, गजेन्द्र सिंह, ललित कुमार, मोंटी चाहल, इन्तजार हुसैन, विक्की ठाकुर, परवेज सैफी, सहनवाज, मो. शम्सुद्दीन, सोनू, वाजिद अली सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### परिचालकों व यात्रियों से मारपीट, चालान

**ठाकुरदारा, अमृत विचार :** शनिवार को परिचालकों और यात्रियों के साथ मारपीट करने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी समझाने का प्रयास किया लेकिन वह आग बबूला हो गया। उप निरीक्षक कुलदीप कुमार ने हंगामा कर रहे उत्तराखंड के थाना जसपुर निवासी इनायत हुसैन पुत्र कल्हन को शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार कर चालान कर दिया। आरोपी को जेल भेजा गया है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
सूचना
मेने अपना नाम हिना कौसर पत्नी मोहम्मद शाकिर से बदल कर हिना कौसर पत्नी शहजाद खान निवासी बरवारा मंझरा पोस्ट भेंसिया थाना कटघर मुरादाबाद रख लिया है अब मुझे इस नाम व पते से जाना व पहचाना जाए।

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

शोध निदेशालय
Directorate of Research
महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
Mahatma Jyotiba Phule Rohilkhand University, Bareilly
Phone No. : 0581-4022293 E-mail : director.dor@mjpru.ac.in
Ph.D. Admission Notice
Applications are invited for the admission to Doctor of Philosophy (Ph.D.) full time / part time and D.Sc./D.Litt. in various subjects from 18 June 2025. Only online applications are acceptable. Online application form and detailed instructions are available on www.mjpru.ac.in and https://mjprudor.ac.in.
REGISTRAR

## एक नजर

### योग का महत्व बताया पौधरोपण किया

**भोट, अमृत विचार :** भाजपा कार्यकर्ताओं ने शिव मंदिर प्रांगण में योगाभ्यास हुआ। गुरु आचार्य राधेश्याम वासंतेय ने मनुष्य के जीवन में योग के महत्व पर जानकारी देते हुए पौधरोपण कर लोगों से अधिक पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण करने का आह्वान किया। शनिवार सुबह जिला पंचायत सदस्य कृष्ण अवतार लोधी के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ता शिव मंदिर प्रांगण में एकत्र हुए। इस दौरान सैदनगर ब्लाक प्रमुख मोहित सैनी, लालता प्रसाद लोधी, कांता प्रसाद, ओमवीर सैनी, बलजीत सैनी, हरिशंकर, दिनेश पाल, प्रमोद पाल, शिवांश, नंदराम आदि मौजूद रहे।

### जेल में बंदियों ने किया योगाभ्यास

**रामपुर, अमृत विचार :** जिला कारागार में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रात 6 :30 बजे योग कार्यक्रम हुआ। शिक्षक ओमवीर आचार्य द्वारा 250 बंदियों के समक्ष योग की महत्ता समझाई। इस अवसर पर महिला बंदियों द्वारा भी योग प्रशिक्षक की उपस्थिति में योग कराए। योग कार्यक्रम में डिप्टी जेलर विनय प्रताप, डिप्टी चीफ डिफेंस काउंसिल हेमंत कुमार जोशी, रमेश चंद्र, उद्देश्य राज, सगीर अहमद, विनोद श्रीवास्तव व अन्य जेल कर्मचारी रहे।

### विद्यार्थियों और अध्यापकों ने किए योगासन

**ढकिया,अमृत विचार :** कस्बा स्थित पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय में ग्यारहवें अंतर्राष्ट्रीय विश्व योग दिवस के मौके पर विद्यार्थियों और अध्यापकों ने योग किया। प्रधानाध्यापक लीलांबर सिंह ने कहा कि योग विश्व को भारतीय परंपरा का अमूल्य उपहार है। प्रधानाध्यापक ने विभिन्न योगासनों के बारे में छात्र छात्राओं को जानकारी दी। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक के अलावा सहायक अध्यापक अश्वनी कुमार, दीपाली आनंद, एसएमसी अध्यक्ष आदि रहे।

### प्राथमिक विद्यालय में बच्चों ने किया योग

**रामपुर, अमृत विचार :** प्राथमिक विद्यालय भैंसिया में योग दिवस मनाया। विद्यालय के शिक्षकों द्वारा योग दिवस की थीम पर रंगोली भी बनाई गई। प्रधानाध्यापिका सुमन सिंह ने सभी को योग दिवस क्यों मनाया जाता है इसके बारे में बताया। इस अवसर पर ज्योति, विक्रम कुमार, नेहा गुप्ता, हुमा, निदा खान, अरहान, अहद रहे।



पुलिस लाइन में योगाभ्यास करते जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं अन्य अधिकारी। ● अमृत विचार



रोशनबाग में योगाभ्यास करते मुख्तार अब्बास नकवी एवं अन्य। ● अमृत विचार



योग करते शिक्षक व अन्य। ● अमृत विचार

# हजारों लोगों ने योग कर स्वस्थ रहने का दिया संदेश

## योग दिवस विश्व में भी बना रहा पहचान : आकाश सक्सेना, दिनचर्या में शामिल करने की अपील

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर रामपुर योगमय हो गया, सरकारी विभागों से लेकर आम जनता ने योग कर स्वस्थ रहने का संदेश दिया। पुलिस लाइन में योग का मुख्य कार्यक्रम हुआ, जबकि रजा लाइब्रेरी में निदेशक डॉ. पुष्कर मिश्र के नेतृत्व में योग का वृहद कार्यक्रम हुआ।

आयुष विभाग उप्र द्वारा पुलिस लाइन में आयोजित योग कार्यक्रम का शहर विधायक आकाश सक्सेना, जनपद के नोडल अधिकारी व प्रमुख सचिव पिछड़ा वर्ग कल्याण सुभाष चंद्र शर्मा, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक व मुख्य विकास अधिकारी ने दीप प्रज्जवलित कर आरंभ किया। योग प्रशिक्षकों द्वारा योग प्रोटोकॉल के अनुसार सामूहिक योगाभ्यास कराया। अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने शहरवासियों के साथ योग कर स्वस्थ रहने की अपील की।

पुलिस लाइन में शहर विधायक आकाश सक्सेना ने कहा कि 21 जून अब न केवल भारत के लिए बल्कि पूरे विश्व के लिए योग दिवस की पहचान बन चुका है। विशाखापत्तनम में प्रधानमंत्री की उपस्थिति में योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कराया। नोडल अधिकारी व प्रमुख सचिव पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग सुभाष चंद्र शर्मा ने भी योग के महत्व के बारे में कहा कि योग न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि मन को भी शांत और स्थिर बनाता है। जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने कहा कि निरोगी काया के लिए योग आवश्यक है। पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र ने कहा कि योग जुड़ने की विधि है, इससे न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक और आध्यात्मिक विकास भी होता है।



स्टेट बैंक की मुख्य शाखा में योग करते बैंककर्मी। ● अमृत विचार



भाजपा जिलाध्यक्ष ने चलाया रिक्शा और बैठे नकवी।

### पूर्व केंद्रीय मंत्री ने योगाभ्यास कर पौधरोपण किया

**रामपुर, अमृत विचार :** पूर्व केंद्रीय मंत्री व वरिष्ठ भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि सर्वे भवन्तु सुखिन : सर्वे सन्तु निरामया के संकल्प, संदेश के साथ योग फार वन अर्थ वन हेल्थ लक्ष्य को आगे बढ़ाती योग की आध्यात्मिक उर्जा, संसार की सेहत का सरोपा साबित हो रहा है। रोशनबाग पार्क में चेतना योग संस्था द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्तार अब्बास नकवी ने योग किया। उन्होंने कहा कि हजारों साल पुरानी भारतीय धरोहर योग को महर्षि पतंजलि ने वैश्विक सेहत सलामती के साधन बनाने का जो सपना देखा था, उसे नरेंद्र मोदी जी के प्रयासों से 11 दिसंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र द्वारा 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की घोषणा के साथ ताकत मिली। योग शिविर के बाद रोशन बाग पार्क में पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने नीम के पौधे का पौधरोपण किया। इसके बाद भाजपा नेता अवधेश शर्मा के पिता के निधन पर ज्वाला नगर स्थित उनके घर जाकर शोक संवेदना व्यक्त कर परिवार को सांत्वना दी। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष हरीश गंगवार, नगर विधायक आकाश सक्सेना, जिला पंचायत अध्यक्ष ख्यालीराम लोधी, जागेश्वर दयाल दीक्षित, कपिल आर्य आदि उपस्थित रहे।

### एसबीआई में कर्मचारियों ने किए योगासन

**रामपुर, अमृत विचार :** योग दिवस पर भारतीय स्टेट बैंक की मुख्य शाखा में क्षेत्रीय प्रबंधक प्रभात कुमार के नेतृत्व में योग हुआ। कार्यक्रम में पेंशनर्स स्टाफ को भी आमंत्रित किया गया। मुख्य प्रशिक्षक अभिलाष मिश्रा ने योगासन कराए। कार्यक्रम में मुख्य प्रबंधक रीतेश श्रीवास्तव, मोहसिन, वीरेन्द्र सिंह, मनोज कुमार, पीयूष वर्मा, शंभु दयाल, सतीश कुशवाह, अविका कुशवाह, धनराज, विनय गिल, शिवम् गोयल, अशोक कुमार, वीके कपूर, पीआर सिंह, अरुण टंडन, विमल कपूर, अरविंद अग्रवाल, धर्म पाल रस्तोगी व हरि शंकर गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### डायट में शिक्षकों ने किया योगाभ्यास

रामपुर, अमृत विचार : जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में योग प्रशिक्षिका मीनाक्षी रानी आर्या सचिव जिला योगासन खेल संघ एवं सतीश चंद्र कोषाध्यक्ष द्वारा अभ्यास कराया गया। योगासन में डायट के स्टाफ एवं प्रशिक्षुओं ने प्रतिभाग किया। संस्थान की उप शिक्षा निदेशक नीलम रानी टम्टा ने कहा कि योग अपने दिनचर्या में सम्मिलित करें एवं करें योग, रहे निरोग का आह्वान किया। कार्यक्रम के नोडल प्रेमचंद कुमार सहित राजेश कुमार, रोहित दुबे, राजीव सिंह, आमिर जहां, लता गंगवार, श्याम रस्तोगी, पुष्पा देवी ,उजमा खानम, शावेज लतीफ प्रवक्ता,जफर अतीक रहे।

## सार-संक्षेप

### मंदिर में पुजारी ने कराये योगासन



**रामपुर, अमृत विचार :** मिस्टन गंज स्थित शक्ति दरबार में पुजारी पंडित विश्वनाथ प्रसाद मिश्रा ने विश्व योग दिवस पर योगासन कराए। अनेकों साधकों को साथ लेकर योग, साधना, योगासन प्राणायाम कराया। इस दौरान ललित मोहन शर्मा, राम भरोसे लाल, घासीराम, राजेंद्र सिंह, अनिरुद्ध राघव, केशव, किशन लाल, सुखदेव, तिलक राज, मुकुल रावत, हरी गुप्ता, गुड्डू आदि मौजूद रहे।

### शरीर को लचीला और ऊर्जावान बनाता है योग



**रामपुर, अमृत विचार :** राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय में डॉ. मुजाहिद अली के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं और प्राध्यापकों ने योग किया। जबकि, राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग विषय के अंतर्गत 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. सुनीता जयसवाल के नेतृत्व में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों द्वारा आयोजित किया गया। डॉ. प्रीति लता ने कहा कि सूर्य नमस्कार एक पूर्ण योगासन क्रिया है। इस अवसर पर प्रतियोगिता में क्रमश : मेघा ठाकुर, मुस्कान एवं अंशिका ने प्रथम ,द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त किया। रजा डिग्री कालेज में आयोजित योग कार्यक्रम में कालेज प्राचार्य डॉ. जागृति मदान धींगड़ा ने कहा कि योग करके निरोग रहा जा सकता है।

### पालिकाध्यक्ष के साथ लोगों ने किया योग



**बिलासपुर, अमृत विचार :** हाईवे स्थित आंबेडकर पार्क में नगर पालिका द्वारा शनिवार सुबह योग शिविर का आयोजन किया। इसमें योग प्रशिक्षिका नीलम चौधरी ने योगासनों एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया। शिविर में शामिल पालिकाध्यक्ष चित्रक मित्तल ने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि भारत की प्राचीन जीवन शैली और स्वास्थ्य का अमूल्य उपहार है। शिविर के बाद पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पालिकाध्यक्ष ने अधिशासी अधिकारी डॉ. नितिन गंगवार व कुछ गणमान्यों के साथ पार्क में वृक्षारोपण भी किया। ब्रहमदत सीनियर सेकेंडरी स्कूल में एसडीएम अरुण कुमार, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, प्रधानाचार्य राजीव कुमार, स्टाफ, अभिभावक ने योग कर प्रेरित किया। एसडीएम ने कहा कि पर्यावरण व प्रकृति भी योग का अहम हिस्सा है। शिविर में सुनील मदान, अंशुल अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, रवि यादव, अतिन जैन, हेमंत यादव, अभिषेक भारत, अमन वर्मा, नावेद, मीनाक्षी रस्तोगी, कुशल गर्ग, राहुल सैनी आदि ने भाग लिया।

### भाजपाइयों ने सर्व हितकारी इंटर कॉलेज में किया योग



**मसवासी, अमृत विचार :** शनिवार को भाजपा नगर मंडल के पूर्व अध्यक्ष पवन कुमार शर्मा के नेतृत्व में भाजपाइयों ने नगर के सर्वहितकारी इंटर कॉलेज मैदान पहुंचकर योगाभ्यास किया। कहा कि निरोग रहने के लिए योग अभ्यास जरूरी है। प्रत्येक दिन सुबह उठकर स्वास्थ्य के लिए योग करना आवश्यक है जिससे स्वास्थ्य अनुकूल रह सके। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष दिनेश गोयल दीपचंद गोयल सतपाल हुडा अनिल दिवाकर ब्रह्मपाल सिंह रहे।



राजकीय महाविद्यालय रजानगर में योग करतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

# मानसिक व आत्मिक संतुलन के लिए योग महत्वपूर्ण: डॉ. गिरि

**रामपुर, अमृत विचार :** राजकीय महाविद्यालय रजा नगर स्वार में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर छात्र-छात्राओं और प्राध्यापकों ने योग किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आरएस गिरि ने कहा कि योग शारीरिक, मानसिक और आत्मिक संतुलन के लिए आवश्यक है।कार्यक्रम संयोजक डॉ. केसी दिवाकर एवं सह-संयोजक डॉ. कपिल देव ने सूर्य नमस्कार के विभिन्न चरणों की विस्तार से व्याख्या करते हुए इसके लाभों को शैक्षणिक एवं दैनिक जीवन से जोड़कर समझाया। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. पवन कुमार एवं डॉ. बाल मुकुंद वर्मा ने भी अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम में राजेश शर्मा, वीरेन्द्र कुमार, जाफर, वीरेंद्र आदि मौजूद रहे।

# हरे-भरे बागानों में हुआ सामूहिक योग कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** रजा लाइब्रेरी के हरे-भरे बागानों में योग कार्यक्रम हुआ। लाइब्रेरी में विशाखापत्तनम में आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सीधा प्रसारण दिखाया। दयावती मोदी एकेडमी के बच्चों ने गीत और कविताएं प्रस्तुत कीं। योग गुरु अंतरा यादव एवं मीनाक्षी गुप्ता ने अभ्यास कराया। लाइब्रेरी के निदेशक ने कहा कि योग से हम वैश्विक शांति और मानवीय संवेदनाओं के प्रसार में योगदान दे सकते हैं। रजा लाइब्रेरी में 20 जून को हुई निबंध प्रतियोगिता के लिए दयावती मोदी एकेडमी की खुशी चौरासिया प्रथम, सेंट पॉल स्कूल की जिया कटारिया द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार सेंट मेरी सीनियर सेकेंडरी की कनिष्का चौहान और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के लिए सेंट पॉल स्कूल को प्रथम पुरस्कार, दयावती मोदी एकेडमी को द्वितीय पुरस्कार एवं सेंट मेरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल को तृतीय पुरस्कार एवं सांत्वना पुरस्कार जिला योगासन खेल संघ, मुरादाबाद को मिला। लाइब्रेरी परिसर में भारत भूषण गुप्ता, इंद्रपाल सिंह, डॉ. अनूप सिंह, रमेश कुमार जैन, अरुण सक्सेना, हिमांशु सिंह, सैयद तारिक अजहर, मोहिनी ने पौधरोपण किया।



विजेताओं को प्रमाण पत्र देते रजा लाइब्रेरी के निदेशक।





जौहर विश्वविद्यालय में योग करते छात्र-छात्राएं एवं प्राध्यापक।

- **रजा लाइब्रेरी के निदेशक डॉ. पुष्कर मिश्र के नेतृत्व में कार्यक्रम**

**खुद को खुद से मिलने का मौका है योग : कुलपति :** मोहम्मद अली जौहर यूनिवर्सिटी में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर मदर टेरेसा इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस संकाय में कार्यक्रम हुआ। कुलपति जहीरुद्दीन ने कहा कि योग शरीर और आत्मा के लिए तोहफा है, विश्वविद्यालय में पौधरोपण भी हुआ। डॉ. एसएन सलाम, मोहम्मद आरिफ, डॉ. मोहम्मद कलीम, डॉ. तनवीर इरशाद, आलमगीर खान, डॉ. गुलफ्शा, डॉ. फरहान, डॉ. एहसान, अमित सिंह, सद्दाम हुसैन, ब्रज किशोर यादव, उज्मा, मोहम्मद इस्लाम, दीपक कुमार, डॉ. रेखा, डॉ. इरम, डॉ. मोबीन, प्रीति यादव, मोहम्मद इरफान आदि रहे।

# जीवन में बढ़ रहा तनाव, योग से होगा लाभ : सूर्य प्रकाश

**रामपुर, अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल की ओर से सराय गेट स्थित बाबा लक्ष्मण दास की समाधि पर मना। दर्जा राज्य मंत्री सूर्य प्रकाश पाल ने योग दिवस पर योग के क्या-क्या फायदे होते हैं उसे पर प्रकाश डाला। कहा कि आजकल जिंदगी में लोग तनाव से ग्रस्त हो रहे हैं। तनाव रहित जीवन जीने के लिए योग को अपनी दिन चर्चा में शामिल जरूर करें। राजू सुमन श्रीमाली, कमल कुमार तुरैहा, प्रमोद आहूजा, पवन कश्यप, भगवत सरन सक्सेना, मयंक सक्सेना, हीरालाल बरनवाल, मुकेश रस्तोगी, अजय सिंघल निखिल कुमार, कमलेश गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष कमल सक्सेना मौजूद रहे।

**स्कूल में छात्र-छात्राओं और अध्यापक ने की योग :** शनिवार को पूर्व माध्यमिक विद्यालय कंपोजिट कन्या टांडा ब्लॉक स्वार में योग दिवस प्रातः 6:30 से 8: 30 बजे तक मनाया। डॉ. राजवीर सिंह जिला अध्यक्ष जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ ने छात्र, छात्राओं साथ योग किया। योग करते समय विद्यालय का समस्त स्टाफ व डॉ. रेनू शर्मा उपस्थित रहीं। इस मौके पर नफासत अली, अजीजउल हसन राजीव कुमार,सर्वेश कुमार ,विवेक कुमार,प्रतिभा सिंह, मीनाक्षी शर्मा,ऊषा रानी, मंजू रानी,रेशमा बी कुमारी तबस्सुम आदि उपस्थित रहे।



योगाभ्यास के दौरान मौजूद संगठन के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### ध्यान के साथ योग जीवन का सहजमार्ग : डॉ. कुलदीप

हार्टफुलनेस ध्यान केंद्र में योग के बाद डॉ. कुलदीप सिंह चौहान ने कहा कि ध्यान के साथ योग जीवन का सहज मार्ग है। विश्व योग संगम के अवसर पर मुरादाबाद-रामपुर हाईवे मार्ग स्थित पार्क में हृदय पर ध्यान केन्द्रित कर योगाभ्यास कराया। जिसमें योगासन, प्राणायाम अभ्यास के बाद शिथिलीकरण एवं ध्यान कराया गया। योग अंतरा यादव द्वारा कराया गया। इस दौरान पंकज सक्सेना, वीर सिंह, एसके जौहरी, डॉ. ओम, प्रमोद कुमार, सीता देवी, सुजय चौहान मौजूद रहे।



योग करते चिकित्सक एवं अन्य।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन

**रामपुर, अमृत विचार :** मॉडल प्राथमिक विद्यालय मुल्ला खेड़ा में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों द्वारा शिक्षिका के सहयोग से थीम आधारित रंगोली का निर्माण किया। प्रधानाध्यापिका रेनू सिंह द्वारा बच्चों को विभिन्न प्रकार के योगा कराए गए। प्रधानाध्यापिका ने बच्चों और ग्रामवासियों को योगासन से होने वाले फायदे के विषय मे विस्तार से बताया और प्रतिदिन योग करने का सुझाव दिया।



स्कूल में योग करते बच्चे।

### जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने किया योग

रामपुर, अमृत विचार : अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिला अस्पताल में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक समेत चिकित्सकों ने योग किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. डीके वर्मा ने कहा कि योग करने से लोग निरोग रहे सकते हैं। कहा कि यदि प्रतिदिन योग किया जाए तो निश्चित रूप से दवाओं पर निर्भरता कम होगी और स्वास्थ्य बेहतर बनेगा।

**कार्यालय जिला पंचायत रामपुर**

पत्रांक : 658/जि.पं. **ई-निविदा सूचना** दिनांक : 20.6.25

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला पंचायत रामपुर द्वारा तहसील मिलक स्थित ग्राम रठौडा में श्रावण मास के अवसर पर दिनांक 12.7.2025 से 09.8.2025 तक लगने वाले मेले की तहबाजारी साइकिल स्टैण्ड आदि की वसूली एवं बिजली/पेयजल व्यवस्था से संबंधित कुल 30 दिन कार्य कराये जाने हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र वेबसाइट से etender.up.nic.in एवं http://Rampur.nic.in से दिनांक 21.6.2025 को सायं 5.00 बजे से डाउनलोड किये जा सकते हैं तथा आनलाईन निविदा बिक्री की अन्तिम तिथि 07.07.2025 को 5.00 बजे तक होगी तथा दिनांक 08.7.2025 को प्रात: 12.00 बजे दिन में जिला पंचायत कार्यालय में निविदा समिति द्वारा निविदायें खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्र शुल्क 590/- रूपये जीएसटी सहित तथा टेन्डर फार्म के साथ 50 हजार रूपये टेण्डर बयाने की धनराशि जिला पंचायत रामपुर के जिला निधि खाता सं.1448010024532 जिसका आई.एफ.सी. कोड PUNB011820 में आरटीजीएस के माध्यम से जमा करना अनिवार्य होगा। अभिलेखों की स्कैन प्रतियां निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न की जायेगी तथा मूल प्रतियां निविदा खुलने के उपरांत कार्यालय जिला पंचायत रामपुर में उपलब्ध करानी होगी। टेंडर फार्म के साथ जिलाधिकारी महोदय द्वारा प्रदत्त चरित्र प्रमाण पत्र एवं 50 हजार रूपये का हैसियत प्रमाण पत्र जमा करना अनिवार्य होगा जिन टेन्डरों के साथ चरित्र एवं हैसियत प्रमाण पत्र संलग्न नहीं होगा उन टेन्डरों पर विचार किया जाना संभव नहीं होगा। ठेका स्वीकृति के उपरांत समस्त धनराशि जिला पंचायत के जिलानिधि खाते में जमा करनी होगी। निविदा संबंधी अन्य शर्तें एवं अभिलेखों की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है। ठेका की न्यूनतम धनराशि अंकन 500,000/- पांच लाख रू. जीएसटी रहित अनुमानित है। ठेके की सर्वाधिक बोली धनराशि पर सक्षम अधिकारी द्वारा नियमानुसार विचार नहीं किया जायेगा। जीएसटी की धनराशि 18 प्रतिशत की दर से अलग से देय होगी। ठेका स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार मा. अध्यक्ष महोदय जिला पंचायत में निहित होगा।

**अपर मुख्य अधिकारी**
**जिला पंचायत रामपुर**

## एक नजर

### शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म, आरोपी फरार

**रामपुर, अमृत विचार :** अजीमनगर थाना क्षेत्र के गांव निवासी युवक का पड़ोस की युवती से जान पहचान हो गई थी। उसके बाद युवक ने उसको शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। कुछ दिन पहले रात को युवक मौका पाकर युवती से मिलने के लिए उसके घर पर पहुंच गया। युवती के परिजनों को आता देखकर युवक दीवार कूदकर फरार हो गया। युवती के परिजनों ने जब जानकारी ली, तो सारा मामला युवती ने बता दिया। उसके बाद युवती के परिजन युवक के घर पहुंच गए। जहां दोनों पक्षों के बीच पंचायत में युवक शादी के लिए तैयार हो गया। दो दिन पहले उसने शादी से इंकार कर दिया। पीड़िता ने युवक के खिलाफ थाने में तहरीर दी है।

### खेल के दौरान तालाब में गिरी बच्ची, हालत गंभीर

**ढकिया, अमृत विचार :** क्षेत्र के भगवतीपुर गांव में शुक्रवार शाम को घर के समीप स्थित तालाब के पास विजयपाल की 5 वर्षीय बेटी राखी बच्चों के साथ खेल रही थी। बताया जाता है कि खेलते समय अचानक राखी तालाब में जा गिरी। राखी के तालाब में गिरते ही साथ खेल रहे बच्चों ने शोर मचा दिया तो आनन फानन में तमाम लोग तालाब की तरफ को दौड़ पड़े और डूब रही बच्ची को तालाब से बाहर निकाला। बच्ची की हालत गंभीर देख उसे ढकिया ले जाकर निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया है।

### हादसे में घायल हुए ग्रामीण की मौत

**रामपुर, अमृत विचार :** 19 जून को हादसे में घायल हुए ग्रामीण की मौत हो गई। केमरी थाना क्षेत्र के गांव हालू नगर निवासी 40 वर्षीय संतोष बाइक से 19 जून को केमरी से लौट रहे थे। उन्हें रास्ते में जिवाई कदीम के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। जिसमें बाइक सवार संतोष घायल हो गया था। उसका उपचार जिला अस्पताल में चल रहा था, लेकिन हालत में सुधार नहीं होने पर चिकित्सकों ने उसको दिल्ली के लिए रेफर कर दिया था। देर रात परिजन उसको अस्पताल ले जा रहे कि रास्ते में उसकी मौत हो गई। उसके बाद वह लोग शव को वापस जिला अस्पताल ले आए। सुबह को पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम कराया। बाद में परिजनों के हवाले कर दिया। देर शाम को उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया।

# महिला की मौत, हत्या का आरोप

## चार साल के बेटे को बहन के परिवार को देने के लिए होता था विवाद

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** टांडा में महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत हो गई। महिला के परिजन हत्या का आरोप लगा रहे हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हालांकि अभी तक पुलिस के पास पोस्टमार्टम रिपोर्ट नहीं पहुंची है। जिससे महिला की मौत का कारण स्पष्ट हो सके।



मृतका का फाइल फोटो।

टांडा थाना क्षेत्र के गांव परशुपुरा निवासी आसिया की शुक्रवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जानकारी मिलने के बाद मायके वाले मौके पर पहुंच गए। उसके बाद शव को देखकर पुलिस को जानकारी दी गई। उसके बाद पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया था। मृतका के रिश्तेदारों का कहना था, महिला की गला दबाकर हत्या की गई है। आसिया का पति अपने चार साल के बेटे को अपनी बहन को देने के लिए कह रहा था। लेकिन वह उसको देने से मना करती थी। जिसके चलते दोनों में आए दिन इसी बात को लेकर दोनों में झगड़ा होता रहता था। टांडा एसओ प्रदीप कुमार का कहना है कि महिला की मौत बीमार से हुई है। अभी तक कोई तहरीर नहीं आई है। उसके बाद ही आगे की कार्रवाई होगी।



महिला के परिजन। ● अमृत विचार

### 4 महीने का हुआ था गर्भपात

पुलिस परिजनों द्वारा लगाए गए हत्या के आरोप पर गंभीरता से जांच कर रही है। लेकिन पुलिस को लोगों से पूछताछ करने के बाद पता चला कि महिला गर्भवती थी। लेकिन चार माह पहले गर्भपात हो गया था। जिस कारण से खून ज्यादा बह गया था। परिजनों ने उसका इलाज सही से नहीं कराया। उसकी अब बीमारी के चलते मौत हो गई है। पुलिस अन्य लोगों के बयान भी दर्ज कर रही है।

### संदिग्ध परिस्थिति में किसान की मौत

**बिलासपुर, अमृत विचार :** गांव कंचनपुर में संदिग्ध परिस्थितियों में किसान की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया। थाना खजुरिया क्षेत्र के गांव धावनी बुजुर्ग कंचनपुर निवासी किसान देवकीनंदन खेती किसानी करता था। शुक्रवार रात वह पत्नी विमलेश और पुत्र के साथ सोया था। शनिवार सुबह गांव के पप्पू ने आवाज दी। तब पत्नी ने देवकी नंदन को जब जगाने के कोशिश की जब वह नहीं उठा। परिजनों ने जब देवकी नंदन को मृत देखा, तो चीख-पुकार मच गई। सूचना पर थानाध्यक्ष राजीव कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। उन्होंने मृतक की पत्नी, परिजनों से पूछताछ की। फोरेंसिक विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच के लिए साक्ष्य एकत्र किए। थानाध्यक्ष ने बताया कि शव लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर ही मृत्यु का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

### सीएए व एनआरसी के आरोपियों को राहत

**रामपुर, अमृत विचार :** सीएए और एनआरसी को लेकर 21 दिसंबर 2019 को प्रदर्शन हुआ था। जिसमें कई लोगों को आरोपी बनाया था। उन पर सार्वजनिक और निजी संपत्ति जलाने का भी आरोप था।

जिसके तहत 197 लोगों के खिलाफ दावा न्यायाधिकरण मेरठ डिवीजन मेरठ में चलाया गया था। 195 लोगों को आरोपी बनाया गया था। 2 लोगों के नाम को निकाला गया था, जिसमे एक घटना वाले दिन जेल में था। जबकि एक व्यक्ति का नाम दावे में दो बार लिखा हुआ था। मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा रिट के आधार पर 18 जून 2025 की बहस द्वारा सैयद अली मुर्तजा इलाहाबाद हाईकोर्ट व सैयद आमिर मियां को सुना। न्यायालय के अग्रिम आदेशों तक दावा 16/2022 (राज्य बनाम इस्लाम एवं अन्य) में दावा न्यायाधिकरण मेरठ डिवीजन द्वारा पारित 14 मई 2025 के फैसले का प्रभाव और संचालन जो 11,08,901 रुपये की राशि का हैं, याचिकाकर्ताओं के विरुद्ध स्थगित रहेगा। बशर्ते कि वे फैसले के तहत व्यक्तिगत देयता का 50 प्रतिशत तीस दिनों के भीतर जमा कर दें।

# सड़क चौड़ीकरण के लिए 7 दुकानें तोड़ीं

संवाददाता, पटवाई

**अमृत विचार :** पटवाई में स्टेट हाईवे के चौड़ीकरण के लिए चलाए जा रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत शनिवार को मस्जिद से सटी 7 दुकानों को ध्वस्त कर दिया। इस कार्रवाई का महिलाओं ने विरोध किया और पुलिस पर पथराव भी किया।

रामपुर से बाजपुर तक के स्टेट हाईवे की चौड़ाई 7 मीटर है। उसे 10 मीटर तक चौड़ा किया जाना है। इसी क्रम में सड़क किनारे बने अवैध कब्जों को हटाया जा रहा है। 10 जून को एसडीएम शाहबाद हिमांशु उपाध्याय के नेतृत्व में राजस्व टीम और लोक निर्माण विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौके पर पहुंचे थे। उन्होंने मस्जिद की 7 दुकानों पर भी लाल निशान लगाए थे। दुकानदारों को 3 दिन के भीतर दुकानें खाली करने का अल्टीमेटम दिया था। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के अनुसार, ये दुकानें सड़क किनारे अवैध रूप से कब्जा कर बनाई गई थीं। अल्टीमेटम मिलने के बाद अधिकांश दुकानदारों ने अपनी दुकानें स्वयं ही खाली कर ली थीं। हालांकि, शनिवार दोपहर करीब एक बजे जब तहसील प्रशासन और हलका लेखपाल दो जेसीबी मशीनों के साथ दुकानों को तोड़ने पहुंचे, तो वहां मौजूद महिलाओं ने कार्रवाई का विरोध करना शुरू कर दिया। विरोध इतना बढ़ गया कि महिलाओं ने जेसीबी मशीनों पर पथराव कर दिया। पुलिस को स्थिति नियंत्रण में लाने के लिए मशक्कत करनी पड़ी। मुश्किल से महिलाओं को शांत कराया जा सका। प्रशासन का कहना है कि यह कार्रवाई सार्वजनिक हित में और नियमानुसार की जा रही है।



मस्जिद की दुकानें गिराती जेसीबी। ● अमृत विचार

- **गुस्साए लोगों ने जताया विरोध जेसीबी पर किया पथराव**

# ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर से कार सवार दो की मौत

संवाददाता, मसवासी

**अमृत विचार :** खटीमा-पानीपत नेशनल हाईवे पर शुक्रवार रात इनोवा की धान के बोरों से भरी ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर हो गई। जिसमें इनोवा में सवार दो लोगों की काशीपुर अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद शवों को उनके परिजनों को सौंप दिया है।

रुद्रपुर काशीपुर फोरलेन मार्ग पर मिलक नौखरीद के निकट बाजपुर दिशा की ओर से धान के बोरों से भरी ट्रैक्टर ट्राली की काशीपुर की ओर जा रही इनोवा कार से टक्कर हो गई। इनोवा कार में सवार चैती काशीपुर निवासी दिलबाग सिंह उम्र 55 पुत्र जीत सिंह और जसविंदर सिंह उम्र 45 की घायल हो गए। दुर्घटना होते ही फोरलेन मार्ग पर राहगीरों की भीड़ एकत्र हो गई। सूचना पाकर मसवासी चौकी इंचार्ज अजय कुमार शुक्ला मौके पर पहुंचे। घायलों को वाहन से काशीपुर के हायर सेंटर भेज दिया। जहां चिकित्सकों ने दोनों लोगों को मृत घोषित कर दिया। पंचनामा भरकर पुलिस ने काशीपुर में ही पोस्टमार्टम कार्रवाई कराई। दुर्घटना के बाद से दोनों के परिवार में कोहराम मच गया है। मृतक कार से काशीपुर से रुद्रपुर जा रहे थे। हादसे के बाद भीड़ एकत्र रही।



दुर्घटना के बाद क्षतिग्रस्त वाहन।



बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते विधायक व अन्य। ● अमृत विचार

# रामपुर से मुजफ्फरनगर व सहारनपुर की बस सेवा शुरू

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** रोडवेज की ओर से रामपुर से सहारनपुर और मुजफ्फरनगर के लिए सीधी बस सेवा शुरू की गई है। जिसका उद्घाटन शहर विधायक आकाश सक्सेना ने हरी झंडी दिखाकर किया।

रोडवेज की ओर से मुजफ्फरनगर और सहारनपुर के लिए सीधे बस सेवा शुरू की गई है। शनिवार को शहर विधायक आकाश सक्सेना ने दोनों बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। विधायक ने कहा कि सरकार की ओर से रोडवेज बस सेवाओं का विस्तार किया जा रहा है, जिसके बाद ये बस सेवाएं शुरू की गई हैं। आगामी दिनों में अन्य जनपदों और प्रमुख स्थलों के लिए नई बस सेवाएं शुरू होंगी। सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक महेंद्र सिंह ने बताया कि अब मुजफ्फरनगर और सहारनपुर के लिए सीधे रामपुर से बसें संचालित होंगी, जिनका समय सुबह आठ बजे से रहेगा।

### वृद्धा की हत्या के मामले में तहरीर दी

**रामपुर, अमृत विचार :** गंज थाना क्षेत्र के घेर कलंदर खां निवासी बाबर खान की पत्नी समर जहां की गुरुवार रात गला घोंटकर हत्या कर दी गई थी। मामले में मृतका के भाई हिलाउद्दीन ने करीबियों के खिलाफ तहरीर दी है। मामले में पुलिस की जांच जारी है।

गंज थाना क्षेत्र के मोहल्ला घेर कंलदर खां निवासी बाबर खां की मौत हो चुकी है। उनकी पत्नी समर जहां अकेले रहती थी। दूसरे हिस्से में उसके जेठ देवर और उनका परिवार रहता है। गुरुवार को गला घोंटकर हत्या कर दी थी। सूचना मिलने के बाद अमरोहा से उसका भाई हिलाउद्दीन आ गया था। महिला के शव का पोस्टमार्टम हो जाने के बाद परिजन शव को लेकर अमरोहा के लिए रवाना हो गए थे। दफन करने के बाद अब उसके भाई ने गंज थाने में जेठ और देवर और उनके रिश्तेदारों के खिलाफ रास्ते के विवाद को लेकर हत्या का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# हाईकोर्ट बेंच के लिए किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बेंच की स्थापना को लेकर अधिवक्ताओं ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। उसके बाद राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा।

बार एसोसिएशन से जुड़े अधिवक्ता शनिवार को बार सभागार में एकत्र हुए। उसके बाद अध्यक्ष सतनाम सिंह मट्टू के नेतृत्व में एकत्र होकर कलेक्ट्रेट पहुंचे। उसके बाद मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। फिर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। जिसमें कहा है कि प्रयागराज में हाईकोर्ट है। जिसकी एक बेंच लखनऊ में है। लखनऊ बेंच के आसपास के 15 जिलों को क्षेत्राधिकारी दिया गया है। लेकिन पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सभी 22 जिलों का क्षेत्राधिकार हाईकोर्ट को दिया गया है। सुगमता एवं सुलभ न्याय पाना प्रत्येक नागरिक का अधिकार है। लेकिन उत्तर प्रदेश के सहारनपुर से इलाहाबाद हाईकोर्ट की दूरी 850 किमी. से अधिक है। प्रयागराज से सबसे नजदीक रामपुर व आगरा पड़ते हैं। उनकी दूरी भी 500 किलोमीटर से अधिक है। ऐसे में वादकारियों का अपने मुकदमे में प्रयागराज जाकर पैरवी करना मुश्किल है। अन्य स्थानों पर हाईकोर्ट कम दूरी पर है, लेकिन पश्चिमी उत्तर प्रदेश में वादकारियों और अधिवक्ताओं के साथ अन्याय हो रहा है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अधिवक्ताओं व वादकारियों के लिए हाईकोर्ट बेंच की स्थापना कराए। अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने के लिए भारत सरकार को निर्देश दिया जाए। सभी अधिवक्ताओं को शस्त्र लाइसेंस दिए जाए। इस मौके पर ठाकुर कौशलेंद्र सिंह, नील कमल राजपूत, रोहित कुमार, फारूक अहमद, रिजवान अली मौजूद रहे।



कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते अधिवक्ता। ● अमृत विचार

### किसानों ने समस्याओं को लेकर किया प्रदर्शन

**रामपुर, अमृत विचार :** किसानों को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सलीम वारसी ने कहा कि बिलासपुर में भाखड़ा बांध पर उत्तर प्रदेश की पहली गेटवे परियोजना बियर ऑटोमेटिक का आधुनिकीकरण चल रहा है। जिसमें एस्टीमेट में जो सामग्री दर्शाई गई है। उसके विपरीत लगाई जा रही है।

भाकियू भानू के पदाधिकारी शनिवार को बिलासपुर तहसील परिसर में एकत्र हुए थे। तहसील दिवस में 4 सूत्रीय ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंपा। जिसमें कहा कि भाखड़ा बांध में एस्टीमेट के विपरीत में सरिया, केमिकल, रेत, बजरी सामग्री लगाई गई है। इसमस्याओं का समाधान समय से नहीं होता तो तहसील में आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर युवा जिलाध्यक्ष मोहम्मद आसिफ राजा, जमुना प्रसाद, सफदर अली, रामप्रसाद, मोहम्मद अहकाम, तरन जीत, अकरम, मुबारक हसन, भोगराज, राजवीर, मेहंदी हसन, मोहम्मद उमर, रफीक अहमद रहे।

# दो करोड़ रुपये से होगा प्रशिक्षण केंद्र का जीर्णोद्धार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** शहर में पहाड़ी गेट स्थित सामान्य सुविधा एवं प्रशिक्षण केंद्र का 2 करोड़ की लागत से जीर्णोद्धार कराया जाएगा। प्रशासनिक स्तर से निर्धारित कार्य योजना के अनुसार अभ्यर्थियों को स्मार्ट क्लासरूम के माध्यम से प्रशिक्षण मिलेगा तथा आवासीय व्यवस्था भी सुनिश्चित कराई जाएगी।

उपायुक्त उद्योग मनीष पाठक ने बताया कि जीर्णोद्धार के लिए उत्तर प्रदेश लघु उद्योग निगम को कार्यदायी संस्था के रूप में जिम्मेदारी दी गई है। पूरे परिसर का जीर्णोद्धार, सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से बाउंड्री वॉल का निर्माण और प्रकाश व्यवस्था के साथ ही मिनी ऑडिटोरियम भी तैयार कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह के निर्देश पर जून के आखिरी सप्ताह से कार्य प्रारंभ हो जाएगा। 80 लाख से जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र रामपुर कार्यालय का भी जीर्णोद्धार होगा। कॉरपोरेट ऑफिस की तर्ज पर विकसित किया जाएगा।

कार्यालय में मीटिंग हॉल, रिसेप्शन, आगंतुकों के लिए प्रतीक्षालय, पेयजल और शौचालय सहित सभी सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। विभिन्न योजनाओं के लिए नामित अधिकारी और कर्मचारियों के लिए भी पृथक कक्ष तैयार होंगे। इसे सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित किया जाएगा।

> यहां शहरी क्षेत्र के साथ-साथ सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के प्रशिक्षु भी प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे। इसमें आवासीय सुविधा भी उपलब्ध होगी। इसके साथ ही रोशन बाग स्थित जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र का भी जीर्णोद्धार कराया जा रहा है।
>
> **-जोगिंदर सिंह, जिलाधिकारी**

### अन्नपूर्णा भवन में जन सेवा केंद्र का उद्घाटन

**रामपुर, अमृत विचार :** जिला पूर्ति अधिकारी पूरन सिंह चौहान ने बताया कि ग्राम पंचायत मधुकर विकास खंड शाहबाद में बने अन्नपूर्णा भवन में जन सेवा केन्द्र का उद्घाटन किया।

क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी किशोर कुमार तथा पूर्ति निरीक्षक राजीव लोचन एवं ग्राम के राशन कार्डधारक भी उपस्थित रहे। मौके पर उदयपाल सिंह ने बिजली बिल का भुगतान भी उचित दर विक्रेता के यहां संचालित जन सेवा केन्द्र से किया। राशन की दुकानों पर संचालित जन सुविधा केन्द्र से नए राशन कार्ड के लिए आवेदन, प्रचलित राशनकार्डों के डेटाबेस में अपडेशन, आधार सीडिंग के लिए आवेदन, राशन कार्ड पर डुप्लीकेट प्रिंटिंग, राशनकार्ड का स्टेटस चेक करना, सीएससी के माध्यम से शिकायत पंजीकरण की सुविधा, शैक्षणिक सेवाएं, बिजली बिल का भुगतान आदि का लाभ आमजन प्राप्त कर सकेंगे।

# अभद्रता के विरोध में सफाई कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

संवाददाता, स्वार

- **कर्मचारी के अनुचित कार्य करने से मना करने पर बढ़ा विवाद**

**अमृत विचार :** मसवासी नगर पंचायत के संविदा सफाईकर्मी के साथ अभद्रता एवं जान से मारने की धमकी देने के मामले में उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ ने कोतवाली के गेट पर प्रदर्शन किया। एक आरोपी के खिलाफ नामजद तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है।

शनिवार को उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ के प्रदेश महासचिव दीप सिंह राही के नेतृत्व में कोतवाली पहुंचे। कोतवाली के गेट पर प्रदर्शन कर पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि नगर पंचायत के संविदा सफाई कर्मी राजीव शर्मा कार्यालय का काम देखते हैं। शुक्रवार को नगर निवासी अर्जुन गुप्ता नगर पंचायत कार्यालय आया और राजीव शर्मा से जबरन काम कराने दबाव बनाने लगा। अनुचित कार्य करने से मना करने पर अर्जुन गुप्ता द्वारा राजीव शर्मा को गालियां देकर मारपीट करने पर आमादा हो गया था। उन्होंने आरोपी के खिलाफ शीघ्र रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है। दीप सिंह राही ने कहा कि कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की तो स्वार नगर की सफाई व्यवस्था ठप कर धरना प्रदर्शन करेंगे।

प्रदर्शन करने वालों में सरजीत वाल्मीकि, सचिव राहुल कुमार, सोमपाल वाल्मीकि, विजय, राकेश, अमरनाथ, प्रदीप राजहंस, रावत वाल्मीकि, राजू वाल्मीकि, सोनू वाल्मीकि, नवल किशोर अशोक, अनीता, विमला, नीतू, गीता, रेखा, सीमा आदि मौजूद रहे।

## सार संक्षेप





### चेतना योग संस्था के योग कार्यक्रम में उमड़े लोग

**रामपुर, अमृत विचार :** योग दिवस पर चेतना योग संस्था की ओर से रोशन बाग में योग कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। जिसमें संरक्षक लक्ष्मी नारायण गुप्ता और मुख्य अतिथि एसके गुप्ता ने 60 मिनट तक सभी सहभागियों ने विभिन्न योग एवं प्राणायाम की क्रियाएं की। सतीश चंद्र भाटिया, नरेंद्र यादव एवं मंजू वर्मा प्रशिक्षुओं के मार्गदर्शन में योग क्रियाएं कराईं। लक्ष्मी नारायण गुप्ता ने चक्षु व्यायाम कराया। भारत विकास परिषद के प्रांतीय सचिव जगन्नाथ चावला, माधव गुप्ता, विकास पांडे, विनोद कुमार ने योग में भाग लिया। पवन उप्पल, प्रकाश गुप्ता, कौशल्या नंदन रस्तोगी, अशोक अग्रवाल, संजय रस्तोगी, चन्द्रकेश यादव, सूनेपाल यादव, भूप सिंह गंगवार, अनिल वर्मा, अशोक कश्यप, महेश जुनेजा, राजीव अग्रवाल, राजेश कुमार, अमरनाथ खनेजा, हरीश भाटिया, अनिल वर्मा, ब्रजेश गुप्ता, सीमा अग्रवाल, मीरा गुप्ता, पुष्पा गुप्ता, कमलेश रस्तोगी, मीना वर्मा, लक्ष्मी रस्तोगी, सुनीता सिंह, कुसुम परिहार, ऋचा अग्रवाल व अमृत कौर रहे।

### ई-शैक्षिक सामग्री में वीडियो के लिए शिक्षक का चयन

**रामपुर, अमृत विचार :** चमरौआ के उच्च प्राथमिक विद्यालय में तैनात शिक्षक सुरेंद्रपाल यादव का पीएम ई विद्या कार्यक्रम के तहत चयन किया गया है। उन्हें डीटीएच टीवी चैनलों पर प्रसारण के लिए ई शैक्षिक सामग्री में वीडियो के विकास एवं शैक्षिक उन्नयन के अभिमुखीकरण कार्यक्रम में प्रदेश स्तर पर आमंत्रित किया है।







### नियमित योग से रोगों से रहेंगे दूर

**रामपुर, अमृत विचार :** स्मार्ट बाजार के सामने एक्सिस बैंक के निकट फिट हिट न्यूट्रिशन सेंटर पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर हिमानी गुप्ता ने योग कराया। उन्होंने योग से होने वाले लाभ के बारे में जानकारी दी। कहा कि नियमित योग करने से रोग से दूर रह सकते हैं। फाइज शम्सी ने कहा कि प्रतिदिन प्रात: काल में योग करने से शरीर में शुद्ध ऑक्सीजन पहुंचती है। इस अवसर पर मौजूद समराना फाइज, गुलवेज खान, नाजिम खान, इमरान आरिफ, अमन खान, निशा, फिजा, इरफात, शमीम सबा आदि लोग मौजूद रहे।

### पैन कार्ड और पासपोर्ट मामले में 25 को होगी सुनवाई

**रामपुर, अमृत विचार :** पैन कार्ड और पासपोर्ट से जुड़े मामले में शनिवार को गवाह नहीं आने के कारण सुनवाई टल गई। अब इस मामले में 25 जून को सुनवाई होगी। सुनवाई एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में हो रही है। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खान और पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम खां के ऊपर दो पैन कार्ड और दो पासपोर्ट मामले में मामले दर्ज हुए थे। पुलिस ने विवेचना के बाद चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी थी। जिसकी सुनवाई एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में हो रही है। अधिवक्ता संदीप सक्सेना ने बताया कि गवाह नहीं आने के कारण सुनवाई टल गई। अब इस मामले में 25 जून को सुनवाई होगी।

### गर्भवती महिलाओं का चेकअप करें आशा

**रामपुर, अमृत विचार :** बरेली गेट स्थित सीएचसी सेंटर पर शनिवार को जन आरोग्य समिति की बैठक हुई। समिति के अध्यक्ष मोहम्मद जफर ने अस्पताल में मरीजों को दी जा रही चिकित्सा सुविधाओं, दवाओं की उपलब्धता एवं सेवाओं की गुणवत्ता पर चर्चा की। कहा कि सीएचसी सेंटर पर प्रति माह लगभग 3500 मरीज ओपीडी के माध्यम से नि:शुल्क उपचार प्राप्त करते हैं। उन्होंने वार्ड के लोगों से कहा कि वह आशा बहनों के संपर्क में रहे। आशा बहनों से कहा कि वह घर-घर जाकर गर्भवती महिलाओं का चेकअप करें।



### किसानों को गन्ने की खेती के बारे में किया जागरूक

**शाहबाद, अमृत विचार :** शनिवार को राणा शुगर्स मिल के विभागाध्यक्ष अनुज कुमार आर्य व जिला गन्ना अधिकारी शैलेश कुमार मौर्य के द्वारा किसान तसहीर हुसैन व मुनीर अली के गन्ने के खेत में पहुंचकर गन्ना फसल का निरीक्षण किया। उनको फसल को रोगमुक्त रखने के उपाय बताए। कहा कि किसानों को जागरूक करने के लिए प्रतिदिन 24 गोष्ठियां की जा रही है।

### 22 को सौलत लाइब्रेरी में होगा अवार्ड वितरण

**रामपुर, अमृत विचार :** रईस रामपुरी कल्याण समिति के सचिव शरीफ उर रहमान खां ने बताया कि पुरानी तहसील स्थित सौलत पब्लिक लाइब्रेरी में प्रसिद्ध शायर रईस रामपुरी की स्मृति में एक अवॉर्ड वितरण कार्यक्रम 22 जून प्रात: 10 से होगा। जिसमें उर्दू अदब और सामाजिक कार्यों में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रसिद्ध व्यक्तियों को विभिन्न अवार्ड से नवाजा जाएगा।

### स्वास्थ्य विभाग की टीम ने दो अस्पताल किए सील

**सैफनी, अमृत विचार :** शाहबाद के मोहल्ला कानून गोयान निवासी इकरार बेग के बेटे सलमान की पत्नी उमरा को 17 जून को पेट में तेज दर्द उठा था। उसका गर्भावस्था का आठवां महीना चल रहा था। परिजन उसे थाना क्षेत्र के कासमनगला गांव स्थित निजी अस्पताल लेकर पहुंचे थे। वहां बिना किसी विशेषज्ञ चिकित्सक की देख रेख और जरूरी चिकित्सीय जांच के ही महिला को भर्ती कर लिया था। झोलाछाप को बुलाकर बिना परिजनों की अनुमति के असमय ऑपरेशन करा दिया था। ऑपरेशन के दौरान नवजात की मौके पर ही मौत हो गई थी और महिला की हालत लगातार बिगड़ती चली गई थी। शनिवार को स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी डॉ. केके चहल ने टीम के साथ छापेमारी कर अंजाना अस्पताल तथा चांद हॉस्पिटल को सील कर दिया। पुलिस पहले ही मामले में रिपोर्ट दर्ज कर झोलाछाप फहीम को जेल भेज चुकी है। इस दौरान नगर के अन्य झोलाछापों के क्लीनिक पहले ही बंद हो गए।

### सफाई व्यवस्था का डिप्टी कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**दढ़ियाल, अमृत विचार :** नगर की सफाई व्यवस्था का डिप्टी कलेक्टर व प्रभारी ईओ राजेश कुमार ने निरीक्षण किया। शनिवार सुबह 7 बजे डिप्टी कलेक्टर व नगर प्रभारी ईओ राजेश कुमार अचानक नगर में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करने के लिए पहुंचे। नगर के मोहल्ला बाजार, होली चौक, तकिया आदि मोहल्ला का सफाई व्यवस्था को लेकर निरीक्षण किया। नगर की नाले और नालियों में कूड़ा देखकर प्रभारी ईओ राजेश कुमार का पारा चढ़ गया। ईओ ने सफाई कर्मचारियों के सुपरवाइजर को हड़काया। जैसे ही प्रभारी ईओ राजेश कुमार द्वारा सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करने की अन्य सफाई कर्मचारियों को जानकारी हुई तो हड़कंप मच गया। प्रभारी ईओ राजेश कुमार ने बताया कि नगर की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। कुछ जगह सफाई व्यवस्था सही नहीं मिली। जिन्हें चेतावनी दे है। सफाई व्यवस्था में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# 'एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग' थीम के तहत किया योगाभ्यास

## प्रभारी मंत्री धर्मवीर प्रजापति, नोडल अधिकारी मंडलायुक्त, डीएम, एसपी के साथ बड़ी संख्या में लोगों ने किए विभिन्न आसन

कार्यालय संवाददाता, संभल/चंदौसी

**अमृत विचारः** 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग थीम के साथ शशि मदन पब्लिक स्कूल मझावली में जनपद स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा धर्मवीर प्रजापति ने कहा कि योग को हमें अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। कहा कि प्राणायाम के माध्यम से शरीर स्वस्थ रहता है। साथ साथ मन एकाग्र होता है।


नामित नोडल अधिकारी एवं विशिष्ट अतिथि मण्डलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह ने योग का जीवन में महत्व बताया। डीएम राजेंद्र पैंसिया ने कहा कि योग का उल्लेख सबसे पहले ऋग्वेद, उपनिष्दों एवं पंतजलि के योग सूत्रों में किया गया है। जीवन में अगर अनुशासन लाना है तो योग करें अनिवार्य रूप से करें। एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई ने भी योग के महत्व पर विचार रखे। एडिशनल डिस्ट्रिक मजिस्ट्रेट प्रदीप



योग शिविर में दीप जलाते प्रभारी मंत्री धर्मवीर प्रजापति। ● अमृत विचार

वर्मा ने बताया कि अनिद्रा, मधुमेह, गठिया, थायराइड आदि जैसे रोगों के लिए योग प्रभावी है। इससे पहले जिलाधिकारी ने प्रभारी मंत्री व मण्डलायुक्त को प्राचीन बेरनी मंदिर से प्राप्त भगवान विष्णु की प्रतिमा की प्रतिकृति तथा महर्षि पतंजलि की योग पुस्तक भेंट की।

जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. अनामिका यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह रिंकू, आयुष विभाग के नोडल अधिकारी डॉ. अभय शर्मा, सीडीओ गोरखनाथ भट्ट, अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा, पूर्व विधायक अजीत कुमार राजू, पूर्व



योग करती प्रशिक्षिका।

एमएलसी परमेश्वर लाल सैनी, पूर्व जिलाध्यक्ष ओमवीर सिंह खडगवंशी, सीएमओ डॉ. तरुण पाठक आदि उपस्थित रहे।

### प्रतियोगिताओं के विजेता पुरस्कृत

निबन्ध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली बालिका परिका अग्रवाल, स्लोगन में भूमि सैनी, योग चित्रकला में प्रियांशी सैनी, प्रश्नोत्तरी में शुभ चैन, योगासन में दीक्षा यादव को प्रथम स्थान प्राप्त करने पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। गौरांशी कौशिक द्वारा कलात्मक योग का प्रदर्शन किया।

### संपूर्ण जीवन का सार है योग

सौंधन, अमृत विचार : कैला देवी के बाबा रतन गिरि आदर्श इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य अशोक कुमार, शिक्षकों, शिक्षिकाओं तथा बच्चों ने आहुतियां दीं। जिसके बाद प्राणायाम और योगासन कराए गए। प्रबंधक अजय पाल सिंह, आनंद यादव, सुधीर कुमार, सुभाष आर्य, तोताराम सिंह आर्य, मोहरपाल सिंह, यशपाल सिंह, मदन सैन, प्रतिभा, प्रियंका, अलका, नरेंद्र सिंह आदि रहे। सौंधन मोहम्मदपुर के श्रीजीसुखराम यादव इंटर कॉलेज में प्रबधंक नीरज कुमार, मंडल अध्यक्ष जुगलकिशोर, पान सिंह, दिनेश कुमार आदि रहे।

### योगाभ्यास कर निरोगी रहने के लिए किया प्रेरित

**बहजोई, अमृत विचार :** 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आरक्षी रिक्रूट प्रशिक्षण केंद्र पर पुलिस कर्मियों ने योग अभ्यास किया। वहीं विभिन्न संस्थाओं ने योग कार्यक्रम का आयोजन कर निरोग रहने के लिए प्रेरित किया। रिक्रूट ट्रेनिंग सेंटर ईश्वर दास टेक्निकल इंस्टिट्यूट में योगाचार्य ने विभिन्न योग का अभ्यास करते हुए शारीरिक मानसिक और आध्यात्मिकता पर प्रकाश डाला। अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी राजेश कुमार श्रीवास्तव, सीओ संभल आलोक कुमार, सीओ यातायात डॉ. प्रदीप कुमार सिंह, प्रतिसार निरीक्षक अशोक कुमार सिंह आदि मौजूद रहे। बहजोई महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं ने योग किया।



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योगासन करते लोग।

बाबू मुकुट बिहारी लाल जैन सेवा न्यास के तत्वाधान में बीएमबीएल जैन कॉलेज में योगाभ्यास किया गया। राजीव गुप्ता, नेत्रपाल सिंह, देवेंद्र यादव, कुश नंदन, दीपक कुमार, अंकित कुमार आदि मौजूद रहे। भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल के तत्वाधान में बहजोई इंटरमीडिएट कॉलेज में योग दिवस मनाया गया। नगर अध्यक्ष ललित मोहन शर्मा के नेतृत्व में योगाचार्य ने योग का अभ्यास कराया। इस दौरान विकास वार्ष्णेय कन्हैयालाल वार्ष्णेय, प्रेम शंकर कश्यप, सुमित कुमार, आशीष कुमार, राजपाल प्रजापति, डॉ रश्मि वार्ष्णेय, गिरीश गिहार आदि मौजूद रहे। भारतीय महिला समाज सेवा संस्थान द्वारा योग दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्ष ममता वार्ष्णेय, सचिव अंशु प्रिया, कोषाध्यक्ष मोनिका वार्ष्णेय, उपाध्यक्ष उमा वार्ष्णेय, बबीता, सुधा, पायल, सुरभि, ज्योति, नूतन, नीलम, रंजन आदि मौजूद रहे।

### साधकों ने उत्साहपूर्वक किए योगासन



योगासन करती बच्ची।

**संभल, अमृत विचार :** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर संभल जिले में स्कूल कॉलेजों और संगठनों की ओर से योग कार्यक्रम हुए जिसमें साधकों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लेकर योगासन किए। कहा गया कि योग के जरिये निरोग रहा जा सकता है। लोगों को योग को दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए। संभल के शंकर इंटर कॉलेज में भारत स्वाभिमान ट्रस्ट, पतंजलि योग समिति और नगर पालिका परिषद के संयुक्त तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर योग शिविर का आरंभ सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार, ईओ नगर पालिका डॉ. मणिभूषण तिवारी, पतंजलि के राज्य संगठन मंत्री कुलदीप ऐरन, प्रीति आर्य, मंजू आर्य, महिला पतंजलि जिला प्रभारी कृष्ण ग्रेवाल ने किया। महिला पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी कृष्ण ग्रेवाल, संजय देवल, मुदिता गुप्ता ने मंच से ओउम और प्रार्थना मंत्रों का उच्चारण किया। जिसके बाद अनुलोम-विलोम, कपालभाति, भस्त्रिका, सूर्य नमस्कार आदि योगासन कराए गए। इन योगासनों के लाभ की जानकारी भी दी। शिविर का समापन शांति पाठ के साथ किया गया। इस दौरान प्रताप वर्मा, गगन वार्ष्णेय, भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल, चंचल सनी गुप्ता, राजकुमार शर्मा, गगन वार्ष्णेय, सनी गुप्ता, वेदप्रकाश, विकास वर्मा, हरनाम सिंह, संजय गुप्ता, अमित शुक्ला, गुलशन मदान, प्रियांशु जैन, विकास वर्मा, संजय गुप्ता, वीकेश शर्मा, बीनू अग्रवाल, चंचल कुमार, महीपाल सिंह, मनोज गुप्ता, रेनू वार्ष्णेय, मुदिता गुप्ता, सिद्धि, रीना, साधना पूठिया, दिव्या, मधु गंभीर, रुचि आदि रहे।



शंकर इंटर कॉलेज मैदान में योगासन करते महिला व पुरुष साधक। ● अमृत विचार

# तन और मन को स्वस्थ रखने के लिए किया योग

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचारः** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शहर में अनेक स्थानों पर योगाभ्यास का आयोजन किया गया। योग को जीवन के महत्वपूर्ण बताया गया।

जिला न्यायालय परिसर में जनपद न्यायाधीश दुर्ग नरायन सिंह ने सभी न्यायिक अधिकारियों के साथ योगाभ्यास किया। पंजाबी कॉलोनी के पार्क में आराध्या वूमेन एवं चाइल्ड वेलफेयर एसोसिएशन की ओर योग शिविर का आयोजन किया गया। पूनम अरोड़ा, डॉ. दुर्गा टंडन, मीनू अहूजा, रानी अरोड़ा, ज्योति अरोड़ा, सुनीता मदान, रिशु मल्होत्रा आदि मौजूद रहे। जायन्ट्स ग्रुप ऑफ वूमेन पावर व वूमेन प्राइड की ओर से बिंदल फार्म में योग शिविर का आयोजन किया गया। योग प्रशिक्षका श्रुति अग्रवाल ने विभिन्न आसनों का अभ्यास कराया। क्षमा अग्रवाल, शुभा कागजी, अलका मंगल, डॉ. सुधा चौधरी, अनु रस्तोगी, क्षमा अग्रवाल, शुभा कागजी आदि मौजूद रही। ताइक्वांडो अकादमी में बच्चों ने अभ्यास किया। ताइक्वांडो सचिव सुरेश कुमार आदि मौजूद रहे। एनकेबीएमजी कॉलेज में कार्यक्रम



बिंदल फार्म में योग करतीं बड़ी संख्या में महिलाएं। ● अमृत विचार



योग का अभ्यास कराती प्रशिक्षिका।

- **न्यायालय परिसर सहित विभिन्न स्थानों पर हुआ योग दिवस का आयोजन**

का आरंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अलका रानी अग्रवाल ने किया। प्रशिक्षक संजेश आर्य व प्रियांशु कुमार ने विभिन्न योगासन कराए।कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शीतल गहलोत, डॉ. प्रियंका, डॉ. नीता गुप्ता, डॉ. ममता शर्मा, डॉ. शीतल यादव, सोनिया बिंद्रा आदि मौजूद रहीं। राधा गोविंद ग्रुप ऑफ कॉलेज में योग किया। प्रशांत, पुष्पेंद्र, सुरेश पाल, शैलेंद्र, मधु आदि मौजूद रहे।

भारत विकास परिषद के योगाभ्यास कार्यक्रम में अध्यक्ष प्रभात कृष्णा, सचिव विपिन कुमार, दृगपाल, विपिन कुमार, रामवीर, रविंद्र सिंह आदि मौजूद रहे। भाजपा नगर मंडल के कार्यक्रम में सुरेश सैनी, अंकुर अग्रवाल, गिरीश रतन, तरुण कुमार नीरज, अभिनव शर्मा, देवेंद्र गुप्ता मोनू, डॉ. वीरेश सिंह, अंकुल ठाकुर, राजेश पाल, ज्ञान प्रकाश, आशा गोस्वामी, शीला सागर, पप्पू मौर्य, रतन वार्ष्णेय, उमेश दिवाकर, आकाश आहूजा, संजय बंसल, अनुज गोयल आदि ने योग किया।



न्यायालय परिसर में योग करते जिला जज व अन्य। ● अमृत विचार



योग का अभ्यास करते बच्चे।

## समाधान दिवस में आईं 68 शिकायतें पांच का निस्तारण

**संभल, अमृत विचार :** प्रदेश सरकार की व्यवस्था के तहत लगे संपूर्ण समाधान दिवस में विभिन्न विभागों की 68 शिकायतें दर्ज हुईं। पांच शिकायतों का समाधान करा दिया गया।

संभल में नई तहसील सभागार में एसडीएम विकास चंद्र की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। शुरूआत में फरियादियों की संख्या कम रही लेकिन समय के साथ लोग बढ़ने लगे। सीओ संभल आलोक भाटी ने भी शिकायतें सुनीं। समाधान दिवस में राजस्व विभाग की 49, पुलिस विभाग की 6, विकास विभाग की 3, खाद्य एवं रसद विभाग की 2, समाज कल्याण विभाग की 4, अन्य विभागों की 4 शिकायतें आईं। राजस्व विभाग की पांच शिकायतों का मौके पर समाधान करा दिया गया।

शेष शिकायतें अधिकारियों को सौंप दी गईं। इस दौरान तहसीलदार धीरेंद्र सिंह और अन्य अधिकारी रहे।

## सार-संक्षेप

### श्री कल्कि जयंती महोत्सव के निमंत्रण पत्र का विमोचन



**संभल, अमृत विचार :** संभल में 65वें श्री कल्कि जयंती महोत्सव के निमंत्रण पत्र का विमोचन हुआ। महोत्सव 29 और 30 जुलाई को आयोजित होगा। मोहल्ला कोट पूर्वी में प्राचीन श्री कल्कि विष्णु मंदिर में श्री कल्कि सेना (निष्कलंक दल) द्वारा शनिवार को कार्यक्रम में संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलदीप कुमार गुप्ता ने कहा कि निमंत्रण पत्र डाक व सोशल मीडिया के जरिये भेजे जाएंगे। राष्ट्रीय महामंत्री गगन वार्ष्णेय, आचार्य पंडित शोभित शास्त्री, मीडिया प्रभारी विकास कुमार वर्मा, जिलाध्यक्ष अक्षय शर्मा मोंटी ने भी विचार रखे। सुषमा गुप्ता, सचिन गुप्ता, संजय गुप्ता पोली, राजवीर सिंह, सोनू आर्य, यश गुप्ता, सुभाष खन्ना, आशीष गुप्ता, रानू गुप्ता, गौरी शर्मा, कमल दिवाकर, संजीव दिवाकर, नमन शर्मा, राहुल शर्मा, आकाश चौहान, अभिषेक शर्मा, अमन पूठिया, अर्जुन श्रीवास्तव, अर्पित कश्यप, समता वैश्य आदि रहे। अध्यक्षता पंडित महेंद्र प्रसाद शर्मा ने की।

### किसान के घर के आगे पुलिस चौकी का विरोध



**संभल, अमृत विचार :** असमोली क्षेत्र के गांव दबोई में किसान के मकान के आगे पुलिस चौकी के निर्माण कार्य का विरोध किया गया। भारतीय किसान यूनियन शंकर के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह के नेतृत्व में नई तहसील कार्यालय पहुंचे कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। एसडीएम विकास चंद्र को ज्ञापन देकर कहा कि गांव दबोई में संक्रमणीय भूमिधर किसान ने उपयोग में लाने के लिए भूमि पर धारा 80 की कार्रवाई करा ली है। वह मकान निर्माण करा रहा है। उसक ईंट बजरपुर हटाने के लिए परेशान किया जा रहा है क्योंकि वहां पुलिस चौकी का निर्माण होना है। कहा कि किसान के मकान का अगला हिस्सा छोड़कर पुलिस चौकी का निर्माण कराया जाए। ओमवीर सिंह, भूनेश यादव, जगत सिंह, अहमद हसन, राकेश सिंह, चौधरी धर्मवीर सिंह, रवि चौधरी, सोनू चौधरी, राजवीर सिंह आदि रहे।

### सिंदूर वाटिका में किया गया पौधरोपण



**संभल, अमृत विचार :** नगर पालिका द्वारा ऑपरेशन सिंदूर कि शौर्य को जन जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से मोहल्ला तिवारी सराय में पापमोचन तीर्थ की सरकारी भूमि पर कूड़ा कचरा डालने के स्थान को विलोपित कर सिंदूर वाटिका बनाया गया है। शनिवार को डीएम डॉ. राजेंद्र पैंसिया और एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई ने सिंदूर के पौधे रोपित किए। ईओ डॉ. मणिभूषण तिवारी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर केवल सैन्य सफलता नहीं बल्कि राष्ट्र की अस्मिता और स्वाभिमान का प्रतीक है। वन क्षेत्रीय अधिकारी बृजमोहन सिंह और उपक्षेत्रीय अधिकारी उस्मान अली ने देखरेख में पौधरोपण कराया। आईपीएस सीओ संभल आलोक भाटी, सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार, टीओ कार्तिकेय यादव, महंत योगी दीनानाथ, अशोक त्रिवेदी, राजकुमार शर्मा, मुकेश शर्मा, रामकिशन ठकराल, कैलाश चंद्र गुप्ता, राहुल शर्मा, प्रभाकर शुक्ला, दीपक भटनागर, धर्मेंद्र ठाकुर आदि रहे। पंडित महेंद्र स्वामी ने पूजा अर्चना की।

### हरिहर कवि सम्मेलन आज, जुटेंगे कई शहरों के कवि

**संभल, अमृत विचार :** अंतरराष्ट्रीय हरिहर सेना के बैनर तले अखिल भारतीय हरिहर कवि सम्मेलन 22 जून को शाम 7 बजे से प्रेमशंकर वाटिका में होगा। समन्वयक प्रिंस शर्मा ने बताया कि कैला देवी धाम के पीठाधीश्वर ऋषिराज गिरि के सानिध्य में यह पहला कार्यक्रम होगा। कवि सम्मेलन में कोटा के नरेश निर्भीक, नोएडा के अमित शर्मा, अंबेडकर नगर के अभय सिंह निर्भीक, फिरोजाबाद के विष्णु उपाध्याय, मेरठ के डॉ. शुभम त्यागी, बहजोई के डॉ. शुभम त्यागी और डॉ. सौरभ कांत शर्मा काव्य पाठ प्रस्तुत करेंगे। मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह रिंकू रहेंगे। हरिहर सेना के प्रदेश अध्यक्ष हृदेश यादव, प्रदेश महासचिव डॉ. वीरेश कुमार सिंह ने कार्यक्रम की तैयारियां पूरी कर ली हैं।






# आनंद का विज्ञान है योग

योग आनंद का विज्ञान है। पतंजलि के योगसूत्र में "चित्तवृत्ति के निरोध को ही योग" कहा गया है। चित्तवृत्ति के प्रभाव में ही संसार दुखमय है। आधुनिक विश्व में गलाकाट प्रतिस्पर्धा है। तनाव और अवसाद बढ़े हैं। क्रोध उफना रहा है। मनुष्य अकेला है। परिवार टूट रहे हैं। आस्थाएं धीरज नहीं देतीं। आत्महत्याएं बढ़ी हैं। हिंसा युद्ध रक्तपात भी लगातार बढ़ रहे हैं। दुनिया में अनेक आस्थाएं हैं और अनेक विश्वास। सबके अपने सत्य और विश्वास हैं। आस्था और विश्वास को लेकर हो रहे रक्तपात विश्वमानवता के लिए खतरा है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण का युग है लेकिन वैज्ञानिक शोधों ने हत्या और हिंसा के नए उपकरण दिए हैं। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से सत्य का पथ आसान हुआ है लेकिन जीवन का शिव और सुंदर फिसल गया है।

वैज्ञानिक शोधों की अंतर्राष्ट्रीय चर्चा होती है। चिकित्सा विज्ञान के शोध मनुष्य के लिए हितकर भी है। अन्य वैज्ञानिक शोध भी विश्व स्तरीय चर्चा का विषय बने हैं लेकिन आज जैसी अंतर्राष्ट्रीय चर्चा योग दर्शन की है वैसी चर्चा यूनानी दर्शन के दिग्गजों के निष्कर्षों की भी नहीं हुई-न अरस्तू, सुकरात या प्लेटो की और न ही थेल्स, अनक्सिमेनस, हिराक्लिटस या पाइथागोरस की ही। कांट दर्शन की भी अंतर्राष्ट्रीय चर्चा नहीं हुई लेकिन योग दर्शन का नगाड़ा बज रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी को धन्यवाद। दुनिया ने 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया है। समूचा भारत योग गंध से हहरा रहा है। योग ऋग्वेद के उगने के पहले से परम स्वास्थ्य का मार्ग था। गीता (6.21) में श्रीकृष्ण ने अर्जुन को योग का लाभ बताया "योग से प्रशान्त हुआ आत्म बुद्धि द्वारा ग्रहण किए जाने योग्य सुख प्राप्त करता है। बुद्धि और इन्द्रिय सुख से परे परम आनंद को भी प्राप्त करता है।" योग साधक संसार को दुखमय नहीं आनंदमय देखता है। आनंद पाता है और आनंद बांटता भी है। योग आनंद का विज्ञान है। भारत के 8 दर्शनों में एक योग दर्शन भी है। प्रकृति आनंद से भरीपूरी है लेकिन मनीषियों ने संसार को दुखमय बताया है। दुख और आनंद साथ-साथ नहीं रह सकते। संसार वस्तुतः हमारे मन का सृजन है। प्रकृति सदा से है। आनंद से भरीपूरी होने के कारण ही वह सतत् सृजनरत है। संसार इसी का भाग है। तो भी हम आनंद के स्रोत से वंचित हैं। ऐसा क्यों है? बीच में चित्त की बाधा है। योग चित्त अतिक्रमण का ही तंत्र है। चित्तवृत्ति का परदा उठे तो आनंद ही आनंद।



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

मन स्थिरता आसान कर्म नहीं है। मन अपनी चलाता है, बुद्धि उसी की पिछलग्गू हो जाती है, हम मनमानी करते हैं, हमारी बुद्धिमानी भी मनमानी की पूरक होती है। मन की ताकत बड़ी है। उसे प्रशिक्षित करने के बाद ही बुद्धि के अनुरूप लाया जा सकता है। वरना मन मनमानी ही कराता है।

पतंजलि ने योग सिद्धि के अनेक लाभ बताएं हैं। सुन्दर स्वास्थ्य प्राथमिक है। बुद्धि का अनंत प्रज्ञा से जुड़ना बड़ा लाभ है। पतंजलि ने इसके लिए आधे से भी छोटा श्लोक लिखा है- "ऋतम्भरा तत् प्रज्ञाः"। तब प्रज्ञा ऋत से भर जाती है। ऋत प्रकृति का संविधान है। यही सत्य भी है लेकिन ऋतम्भरा में सत्य के साथ सौन्दर्य और शिव भी है। योग सिद्ध व्यक्ति की लाभ हानि सोचने की परिभाषा बदल जाती है। श्रीकृष्ण अर्जुन से कहते हैं, "योग से प्राप्त आनंद से बड़ा कोई दूसरा लाभ नहीं।" (गीता 6.22) वे आगे योग की खूबसूरत परिभाषा करते हैं "दुख संयोगं वियोग योगं संजिज्ञम्-दुख संयोग से वियोग हो जाना ही योग है।" (वही 6.23) श्रीकृष्ण और अर्जुन के साथ हुए मित्रवत सम्वाद में योग विज्ञान की सरलतम झांकी है। लेकिन अर्जुन तो भी संतुष्ट नहीं होता। अर्जुन हमारे आपके जैसा सामान्य व्यक्ति था। योग विज्ञान सुनने से ही नहीं समझा जा सकता। योग बातों-बातों का बतरस नहीं है, इसके लिए प्रगाढ़ अभ्यास चाहिए। अर्जुन ने श्रीकृष्ण से पूछा, "आपने जो समत्व भाव वाला योग समझाया है, मनचंचलता के कारण मुझे उसका कोई मजबूत आधार नहीं दिखाई पड़ता। मन चंचल होता है, शक्तिशाली और हठी होता है, मन को वश में करना वायु को वश में करने की तरह बहुत कठिन है। (वही 33 व 34)" अर्जुन बेशक योद्धा है, लेकिन मन चंचलता के रहस्यों से परिचित है।

मन स्थिरता आसान कर्म नहीं है। मन अपनी चलाता है, बुद्धि उसी की पिछलग्गू हो जाती है, हम मनमानी करते हैं, हमारी बुद्धिमानी भी मनमानी की पूरक होती है। मन की ताकत बड़ी है। उसे प्रशिक्षित करने के बाद ही बुद्धि के अनुरूप लाया जा सकता है। वरना मन मनमानी ही कराता है। श्रीकृष्ण ने मनचंचलता की बात स्वीकार की "निस्संदेह मन को वश में करना बहुत कठिन है, यह चंचल है लेकिन इसे अभ्यास और वैराग्य से वश में किया जा सकता है-अभ्यासेन तु कौन्तेय वैराग्येण च गृह्यते।" (वही 35) गीता का यह श्लोक पतंजलियोगसूत्र से मिलता-जुलता है। पतंजलि का योग 'चित्तवृत्ति निरोध' है। श्रीकृष्ण का योग 'मनोनिग्रह' है। दोनों का मन्तव्य एक है। श्रीकृष्ण 'अभ्यास और वैराग्य' पर बल देते हैं। पतंजलि की भाषा भी वही है "अभ्यास वैराग्याभ्यां तन्निरोधः-अभ्यास और वैराग्य से इन वृत्तियों का नियंत्रण संभव है।" (पतंजलियोगसूत्र 1.12) पतंजलि की शैली वैज्ञानिक है, वे आगे अभ्यास की परिभाषा बताते हैं "इन दो (अभ्यास, वैराग्य) में अभ्यास स्वयं में दृढ़ता से प्रतिष्ठित होने का प्रयास है-तत्रस्थितौ यत्नो अभ्यासः।" (वही 13) यहां अभ्यास का मतलब योगासन नहीं, स्वयं के कर्म में स्थिर होने का प्रयास है।

अभ्यास स्वयं के प्रति सजग चेष्टा है, वैराग्य इच्छा शून्यता है। अभ्यास और वैराग्य चित्त को संयत करते हैं। असली बात है संयत चित्त। योगासन और ध्यान इसी के उपकरण हैं। व्यक्तित्व की पूरी ऊर्जा को एकाग्र करने का नाम अभ्यास है। फिर वैराग्य बताते हैं, "ऐन्द्रिक सुखों की तृष्णा में सजग प्रयास से भोग आसक्ति के प्रति वितृष्णा वैराग्य की प्रथम अवस्था है, पुरुष के अंतरतम का बोध होने पर सभी इच्छाओं का विलीनीकरण वैराग्य की पूर्णता है।" (वही 15 व 16) श्रीकृष्ण ने कहा, "असंयत के लिए योग कठिन है, लेकिन संयत व्यक्ति संकल्पबद्ध होकर योगलब्ध हो जाता है।" (गीता 6.36) अभ्यास, वैराग्य, असंयत और संयत चित्त मनुष्य की अंतर्यात्रा के पड़ाव हैं।

पतंजलि योग सूत्र सुव्यवस्थित दर्शन है और यथार्थ विज्ञान भी। दर्शन के आत्मिक अनुभव में मन की चंचलता बाधा है। बाधाएं और भी हैं। पतंजलि ने योग सूत्र (30) में बताया है कि "रोग, प्राणहीनता, संशय, प्रमाद, आलस्य, आसक्ति, भ्रान्ति और अस्थिरता बाधाएं हैं। दुख, निराशा, कपकपी और अनियमित श्वसन लक्षण हैं।" यहां 'रोग' ध्यान देने योग्य है। पतंजलि वैद्य या चिकित्सक नहीं थे। चरक संहिता आयुर्विज्ञान की प्रख्यात ग्रंथ है। बताते हैं-"बिना रोग का होना सुख है और रोग दुख है।" आगे स्वास्थ्य के बारे कहते हैं "जब मन और बुद्धि का समान योग रहता है तब मनुष्य स्वस्थ रहता है जब इनका अतियोग, अयोग और मिथ्या योग होता है तब रोग।" रोग मन और बुद्धि के अतियोग, अयोग और मिथ्यायोग के परिणामों है। योग परम स्वास्थ्य है। प्राण और शरीर का योग जीवन है। प्राण का कम होना जीवनी शक्ति का घटना है। आलस्य प्राण शक्ति घटाता है, आसक्ति बढ़ाता है। भ्रान्ति और अस्थिरता मन विक्षेप लाते ही हैं। पतंजलि ने मनुष्य का रहस्यपूर्ण विवेचन किया है और परम स्वास्थ्य के प्राचीन दर्शन को पुनर्जीवित किया है। शरीर, मन, बुद्धि और आत्म से स्वस्थ व्यक्ति हिंसक नहीं हो सकता। आनंदित व्यक्ति सृजन करता है और तनावग्रस्त व्यक्ति ध्वंस। योग तनावग्रस्त विश्वमानवता को भारत का प्रशांत उपहार है।

# योगः परम स्वास्थ्य

भारत ज्ञानात्मक संवेदना और संवेदनात्मक ज्ञान का एक आध्यात्मिक देश है। इसका चिंतन और कर्म सदा सर्वकालिक, सर्वजनीन और वैश्विक रहा है। बहुजन हिताय बहुजन सुखाय की कामना से भरी यहां की पूजा और प्रार्थनाएं होती है। भारत ने विश्व को योग के रूप में अनमोल और अतुलनीय उपहार दिया है। शारीरिक, मानसिक, आत्मिक और आध्यात्मिक विकास में योग परम सहयोगी है। आज दुनिया के लोग इसे अपनी दिनचर्या में सम्मिलित कर रहे हैं। कोरोना-संकट में योग बहुत ही कारगर सिद्ध हुआ है।

शाश्वत चिंतन, जीवन मूल्य और वसुधैव कुटुंबकम कोई अवधारणा मात्र नहीं है बल्कि यह तो भारत का नित्य चरित्र है। इस चरित्र के निर्माण में जिन संसाधनों, तत्वों और कारकों के महत्वपूर्ण योगदान हैं उनमें योग सर्वोपरि है। योगीश्वर शिव से योगेश्वर कृष्ण तक योग के दिग्दर्शन हैं। वेद और उपनिषद से आगे बढ़ता हुआ यही योग महर्षि पतंजलि तक आते-आते कुछ बाह्य रूपाकार भी ले लेता है। उसमें आसनों का समावेश होता है। अष्टांग योग के अंतर्गत शरीर सौष्ठव से लेकर आत्मा और चेतना तक को शुद्ध, बुद्ध और प्रबुद्ध बनाने का प्रावधान सन्निहित किया गया है। यद्यपि योग का सीधा अर्थ जोड़ है मगर इसके अर्थ-विस्तार में सात्विक वृत्ति, परम सत्य, आत्मबोध और वैश्विकता का सहज प्रवेश होता है। मन और बुद्धि योग के कारण सदा सही ठिकाने पर स्थित होते हैं। जहां आसनों से शरीर निरोग रहता है वहीं योग की चरम शक्ति से चित्त समग्रतः स्वस्थ होता है। स्वस्थ तन और मन ही परिवार, समाज, परंपरा, प्रगति और विश्व को समरसता में समाहित करने की शक्ति से संपन्न होता है। महर्षि पतंजलि ने योग को आकार और विस्तार दिया। उसे व्यवहारिक स्वरूप प्रदान किया।



डॉ. संजय पंकज
वरिष्ठ लेखक, मुजफ्फरपुर

अनेक ऋषियों, महर्षियों, योगियों और चिंतकों से आलोकित होता हुआ यह योग अब वैश्विक हो गया है। इसकी वैज्ञानिकता सिद्ध और सर्वमान्य है। यह और बात है कि कुछ एक धर्मबीमार तथा विचार संकीर्ण लोग इसे किसी जातिविशेष से संबद्ध कर देते हैं। जबकि खुली दृष्टि से देखा जाए तो यह सर्वधर्म और किसी न किसी रूप में सर्वजन स्वीकृत और क्रियान्वित है।

जैसे विभिन्न प्राणियों की ध्वनियों से मनुष्य की कला-बुद्धि ने सरगम का संयोजन किया और संगीत की बहुविध श्रीवृद्धि होती चली गई। राग-रागिनी में ढालते हुए स्वर और सुर को अनुशासित करते हुए आत्मझंकृति पैदा करने की संगीत साधकों ने शक्ति अर्जित की। सबकुछ प्रकृति से ही प्राप्त होता है। योग भी सहज प्राप्त मनुष्य की अनमोल निधि है। मानवेतर कई प्राणियों से योगासनों का कौशल प्राप्त किया गया तो मनोयोग की साधना भी कुछेक प्राणियों से ही हासिल की गई। हम छात्रों को सीख देते हुए सजग करते हैं- 'काक चेष्टा बको ध्यानं श्वान निद्रा'। अंतर्वृत्तियों को साधने की सीख भी हमें प्रकृति से मिलती है। दिनानुदिन तेजी से कृत्रिम जीवन के अभ्यासी होने के कारण मनुष्य प्रकृति से कटता चला जा रहा है। प्रकृति को मनुष्य बुरी तरह से विकृत कर रहा है। इसका दुष्परिणाम केवल समय समय पर ही नहीं बल्कि अब तो हर समय किसी न किसी रूप में भोगना पड़ रहा है। नए-नए रोग आ रहे हैं। नएपन के दौर में हमारी परंपरा और विरासत नष्ट हो रही है। परंपरा को हम अकारण ही लीक पीटना और रूढ़िवादिता मान लेते हैं। नए रोग के इलाज में नई दवाइयों के सेवन से रोज-रोज नए विकार पैदा हो रहे हैं। हम समृद्ध परंपरा से कटकर सिर्फ सांस भरते हुए जीवन जीए चले जा रहे हैं। इस जीने में अलौकिक आनंद नहीं, एक विवशता है। योग ज्ञान और विज्ञान भर नहीं है, यह वह आलोक है जिससे सर्वलोक परमात्म दर्शन से ज्योतित होता है।

# कोबरा की एवरेस्ट तक चढ़ाईः जलवायु परिवर्तन की आहट

हिमालय की बर्फीली ऊंचाइयों पर, जहां सदियों से केवल शांति, तप और प्रकृति की पवित्रता के लिए जानी जाती थी वहां अब कोबरा जैसे विषैले सरीसृप का दिखाई देना केवल एक विचलित कर देने वाली खबर नहीं, बल्कि बदलते युग की सबसे खतरनाक चेतावनी है। यह सिर्फ एक जंगल से दूसरे जंगल तक जीवों के स्थानांतरण की घटना नहीं है, बल्कि यह धरती की जलवायु में हो रहे उस मौलिक परिवर्तन की जीवित मिसाल है, जिसे विज्ञान ने वर्षों पहले आंकड़ों में परिभाषित किया था और जिसे आज हम अपनी आंखों से घटित होते देख रहे हैं। यह चेतावनी केवल हिमालय के लिए नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता के लिए है- क्योंकि जब बर्फ में सांप रेंगने लगें, तो यह समझ लेना चाहिए कि पृथ्वी की नाड़ी अब सामान्य नहीं रही।



डॉ. जितेंद्र शुक्ला
वन्य जीव विशेषज्ञ

नेपाल के हिमालयी क्षेत्रों में हाल ही में ऐसी खबरें सामने आईं, जिन्होंने वैज्ञानिकों, पर्यावरणविदों और सरकारों को समान रूप से स्तब्ध कर दिया। काठमांडू घाटी और उसके आसपास के क्षेत्रों जैसे सोखोल, गोपालेश्वर, फूलचौक, भञ्ज्याङ आदि में एक महीने के भीतर नौ राजा कोबरा और एक मोनोकल्ड कोबरा पाए गए। ये सांप केवल जीवित ही नहीं थे, बल्कि उनके अंडे और घोंसले भी उन जंगलों में मौजूद थे, जो इस बात का स्पष्ट संकेत थे कि वे वहां रहने के लिए उपयुक्त वातावरण पा चुके हैं। यह स्थिति सामान्य नहीं है, क्योंकि कोबरा सदैव से उष्णकटिबंधीय, समतल, और आर्द्र जलवायु वाले क्षेत्रों में पाए जाते रहे हैं। उनका हिमालय की तलहटी से होते हुए बर्फीली पहाड़ियों के करीब पहुंच जाना यह दर्शाता है कि वहां का पारिस्थितिक तंत्र अब उनके अस्तित्व के अनुकूल बनता जा रहा है।

वर्षों पहले तक जहाँ हिमालयी क्षेत्रों में सर्दियों के दौरान तापमान शून्य से 10 से 15 डिग्री नीचे चला जाता था, वहां अब यह धीरे-धीरे बढ़ रहा है। वैज्ञानिक रिपोर्टों के अनुसार, हिमालयी क्षेत्र में हर वर्ष औसतन 0.05C की वृद्धि हो रही है। यह वृद्धि दिखने में बहुत कम प्रतीत हो सकती है, लेकिन उच्च पर्वतीय पारिस्थितिकी में, जहां हर एक डिग्री का प्रभाव सौ वर्षों की स्थिरता को डगमगा सकता है, वहां यह परिवर्तन अत्यंत विनाशकारी है। तापमान में यह सूक्ष्म किंतु लगातार बदलाव न केवल बर्फ के तेजी से पिघलने का कारण बन रहा है, बल्कि इससे वहां की जैव विविधता में भी अप्रत्याशित परिवर्तन हो रहे हैं। यही कारण है कि अब ऐसे जीव, जिनका वहां कभी अस्तित्व नहीं रहा, वहां पाए जाने लगे हैं।

कुछ विशेषज्ञों ने प्रारंभ में यह आशंका जताई कि ये सांप संभवतः लकड़ी, घास या अन्य मालवाहक ट्रकों के माध्यम से इन क्षेत्रों तक पहुंचे होंगे। लेकिन समस्या केवल उनके पहुंचने की नहीं है, बल्कि यह अधिक गंभीर इस कारण है कि वे वहां पर जीवित रह पा रहे हैं, सामंजस्य बना रहे हैं, और यहां तक कि प्रजनन भी कर रहे हैं। यह साबित करता है कि अब वह क्षेत्र, जो कभी ठंडे वातावरण के कारण इन जीवों के लिए प्रतिकूल था, अब धीरे-धीरे उनके लिए अनुकूल हो गया है। यह



अनुकूलता केवल एक जीव के स्तर पर नहीं, बल्कि पूरी पारिस्थितिक श्रृंखला में असंतुलन का संकेत है। कोबरा जैसे शिकारी जीव यदि इन क्षेत्रों में बसने लगे, तो यह न केवल छोटे स्तनधारियों, पक्षियों और सरीसृपों के लिए खतरा है, बल्कि यह पारिस्थितिक स्थिरता को भी पूरी तरह छिन्न-भिन्न कर सकता है।

कोबरा की यह चढ़ाई केवल नेपाल तक सीमित नहीं है। भारतीय हिमालय के क्षेत्रों से भी ऐसी रिपोर्टें सामने आ रही हैं। उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और सिक्किम के कुछ हिस्सों में भी अब उन क्षेत्रों में विषैले सर्प देखे जाने लगे हैं, जहां पहले कभी इनकी उपस्थिति की कोई संभावना नहीं थी। मुक्तेश्वर, नैनीताल, गढ़वाल, कुल्लू और सिरमौर जैसे क्षेत्रों में अब कोबरा के दिखाई देने की घटनाएं बढ़ रही हैं। ये घटनाएं जलवायु परिवर्तन के उस अदृश्य जाल की गवाही देती हैं, जिसमें एक-एक कर सभी जैविक कड़ियां फंसती जा रही हैं। हिमालय, जो अब तक भारत और दक्षिण एशिया के लिए एक प्राकृतिक सुरक्षा कवच था, अब खुद कमजोर होता दिख रहा है। कोबरा जैसे जीवों की ऊंचाई तक चढ़ाई केवल जीवविज्ञानियों के लिए एक शोध विषय नहीं रह गई, यह अब नीति निर्माताओं और सामान्य नागरिकों दोनों के लिए एक चेतावनी का स्वर बन चुकी है। जब हिमालय में पहले से ही ग्लेशियरों का तीव्र गति से पिघलना, असामान्य वर्षा, और भूस्खलन जैसी आपदाएं बढ़ रही हैं, तब इन विषैले जीवों का वहां दिखाई देना उस संकट को और अधिक गहरा बना देता है। यह जैविक आक्रमण नहीं है, बल्कि एक पारिस्थितिक शिफ्ट है-जो न केवल वन्यजीवों के जीवन पर असर डालेगा, बल्कि मानव जीवन, कृषि, पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी सीधे प्रभावित करेगा। ग्लेशियरों का पिघलना, नदियों का रुख बदलना, दुर्लभ पक्षियों का गायब होना और अब कोबरा की चढ़ाई- ये सभी एक ही चेतावनी के अलग-अलग रूप हैं। प्रकृति अब धीरे नहीं, बल्कि स्पष्ट और तेज़ स्वर में बोल रही है। पहले यह स्वर आंकड़ों और रिपोर्टों में था, अब यह जीवन के हर पहलू में दिखने लगा है। यदि हम अब भी नहीं चेते, तो यह बदलाव आने वाले वर्षों में और अधिक गंभीर रूप ले लेगा।

यह समय है जब जलवायु परिवर्तन को केवल 'भविष्य की समस्या' मानने की भूल से बाहर निकलना होगा। कोबरा का हिमालय तक पहुंचना इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण है कि अब भविष्य नहीं, वर्तमान ही खतरे में है। यह पृथ्वी का वह संकेत है, जिसे हम अनदेखा नहीं कर सकते। यह केवल विज्ञान की चिंता नहीं, यह नैतिकता की पुकार है। यदि हम चाहते हैं कि हिमालय आने वाली पीढ़ियों के लिए भी बर्फ, शांति और पवित्रता का प्रतीक बना रहे, तो हमें अभी, इसी क्षण जलवायु परिवर्तन के विरुद्ध निर्णायक कदम उठाने होंगे।

# इतिहास के टुकड़े और देश प्रेम

देशप्रेम का गहरा संबंध देश को जानने से है। देश को जानने के मार्ग में मुख्य बाधाएं हैं- इतिहास की औपनिवेशिक समझ, बहिष्कारपरक राष्ट्रवाद और एकायामी आधुनिकता। आज हमारे सामने इतिहास नहीं इतिहास के टुकड़े हैं- 'फ्रैग्मेंटेड पास्ट' और सबका अपना-अपना अतीत है। कोई साझी भावना नहीं बची है, कोई साझा जीवन-लक्ष्य नहीं है। स्वाधीनता आंदोलन के दौर में अतीत लड़ रहा था, आज वह लड़ा रहा है। आनंद कुमारस्वामी एक श्रीलंकाई कला-दार्शनिक थे। उन्होंने देश के स्वदेशी आंदोलन में भाग लिया था। वे रवींद्रनाथ के भी नजदीक थे। उन्होंने इतिहास से ज्यादा महत्व कला-साहित्य की परंपराओं को दिया और कहा कि इनकी रोशनी में अपने को देखो। इतिहास खंड-खंड करता है, खासकर अंग्रेजों की औपनिवेशिक धारणाओं से प्रेरित खंड-खंडवादी इतिहास, जबकि कला और साहित्य जोड़ते हैं! ऊपर से पश्चिमी आधुनिकता ने लोगों को कबंध बना दिया जिसके पास सिर नहीं है, केवल धड़ है। कुमारस्वामी किसी बिंदु पर रहस्यमय हो जाते हों, पर उन्होंने 'राष्ट्र' की यूरोपीय धारणा का विरोध किया। दरअसल भारत में राष्ट्रीयता का विकास न पश्चिमी पद्धति से हुआ न स्त्री-दलित-आदिवासियों को अलग रखकर। इसलिए भारत को भारत की दृष्टि से ही जाना जा सकता है। देशप्रेम के लिए देश को जानना पहली जरूरत है। इसके लिए 'अ-पर' की खोज करने वाले वैदिक ऋषियों, बौद्धों, जैन साधकों, प्राचीन कवियों, भक्तों-सूफियों-संतों को जानना जरूरी है। उन सभी ने 'अदर्स' को लेकर बुद्धिपरक चिंतन किया, 'अ-पर' का महत्व बताया और पर-पीड़ा को 'अधमाई' माना। उन्होंने हमेशा प्रेम को महत्व दिया जो मनुष्य संसार से आगे बढ़कर पेड़-पौधों, पर्वत-नदियों, पशु-पक्षियों बल्कि संपूर्ण पर्यावरण तक विस्तृत था- 'पाती तोरै मालिनी, पाती पाती जीव' (कबीर)। रामायण में जब लक्ष्मण सीता को वन में छोड़कर जाते हैं, सीता के क्रंदन के साथ संपूर्ण वन रो पड़ता है, 'रूदितं वनेपि' और रोने की आवाज कवि वाल्मीकि तक पहुंचती है। कवि हमेशा बहिष्कृत की आवाज सुनता है! प्राचीन ऋषियों-कवियों की दृष्टि में जो भारत है उसका संबंध कभी किसी छोटे राज्य या साम्राज्य से नहीं रहा है। वे 'परस्पर मिलो-परस्पर संवाद करो-साथ सोचो' (वेद) गणतंत्र (बौद्ध-दर्शन), वृंदावन के कल्पलोक (सूरदास), 'ठाढ़े सिंह चरावै गाई' की अहिंसा (कबीर), राम राज्य (तुलसी), बेगमपुरा (रैदास), भूमा लोक (शैव दर्शन) आदि का स्वप्न देखते रहे हैं। भक्त कवियों में तुलसी ने अवधी से प्रेम के बावजूद 'भारत' का नाम लिया था- 'भलि भारत भूमि' और एक जगह गंगा के साथ दक्षिण भारत की नदियों का भी उल्लेख किया था। उन सभी ने अपने-अपने 'लोकेल' से अपनी सीमा में भारत को लेकर बड़े सपने रचे। कहना न होगा कि भारत के लोगों के सपने उनकी स्मृतियों से महान है।



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

# डिजिटल भंवर में फंसे रिश्ते

गौर से देखकर यदि कहूं तो तीन पीढ़ियों में पिता की छवि समय के साथ लगातार बदलती गई है। एक समय था जब अधिकतर पिता किसानी और मेहनत-मजदूरी से परिवार पालने वाले व्यक्ति हुआ करते थे। वे कम बोलते थे, लेकिन उनकी मेहनत की गंध पूरे घर को सुरक्षा और स्थायित्व का एहसास देती थी। उस दौर का पिता अपनी मौजूदगी से परिवार की नींव को मजबूती देता था। वह अपने बच्चों के भविष्य के लिए खुद को मिटा देता था, लेकिन कभी एहसान नहीं जताता था। घर के बड़े फैसलों में उनकी अंतिम बात ही मान्य होती थी, लेकिन वह कोई तानाशाही नहीं बल्कि अनुभव का निचोड़ होती थी।



पिता की भूमिका अब जिम्मेदारी से अधिक 'रोल' बनकर रह गई है- जिसे निभाना है, दिखाना है, शेयर करना है। भावनात्मक रूप से पिता कहीं अकेले पड़ते जा रहे हैं।

दूसरी पीढ़ी के पिता थोड़ा और बदले। अब वे खेत-खलिहान से निकलकर दफ्तरों में, फाइलों और पेंशन के चक्र में आ गए थे। वे बच्चों की फीस भरते थे, स्कूल छोड़ते थे, रिपोर्ट कार्ड देखते थे, लेकिन संवाद की गहराई अब भी सीमित थी। उस दौर में पिता का प्यार अक्सर अनुशासन के रूप में देखा जाता था। उनका जीवन कर्तव्यों में बंधा था। वे चाहते थे कि उनके बच्चे उनसे आगे निकलें, लेकिन अपने अनुभव के आधार पर उन्हें रोकने-टोकने की कोशिश भी करते थे। वे अपनी भावनाओं को शब्दों में नहीं, कार्यों में व्यक्त करते थे। उनके भीतर एक संघर्ष था-परंपरा और परिवर्तन के बीच संतुलन साधने का।



प्रवीण त्रिवेदी
फतेहपुर

तीसरी पीढ़ी के पिता अब स्मार्टफोन, गूगल कैलेंडर और इंस्टाग्राम के साथ जीने लगे हैं। अब वे बच्चों के 'बेस्ट फ्रेंड' बनने की कोशिश करते हैं, उन्हें खुलकर बोलने की आज़ादी भी देते हैं और उनके निर्णयों में दखल देने से बचते हैं। वे कूल डैड बनना चाहते हैं जो बच्चों को गाइड करें, लेकिन कंट्रोल न करें। पर इसी कोशिश में कहीं न कहीं वह परछाई धुंधली पड़ने लगी है, जो पिता को पिता बनाती थी। अब संवाद तो है, लेकिन गहराई कम है। सहमति तो है, पर वह अधिकार नहीं जो पहले वाली पीढ़ियों के पिता सहज रूप से रखते थे। आज के पिता बच्चों के साथ चैट करते हैं, लेकिन क्या वे उनके मन की खामोशी को सुन पाते हैं? पिता की भूमिका अब जिम्मेदारी से अधिक 'रोल' बनकर रह गई है-जिसे निभाना है, दिखाना है, शेयर करना है। भावनात्मक रूप से पिता कहीं अकेले पड़ते जा रहे हैं। पहले की पीढ़ियों में पिता चुप रहकर भी बच्चे का मन समझ लेते थे, आज के पिता बोलते हैं, पूछते हैं, लेकिन जवाबों के बीच खो जाते हैं।

समय के साथ पिता की छवि में जो बदलाव आया है, वह केवल बाहरी नहीं है। यह समाज की संरचना, परिवार के ताने-बाने और हमारी जीवनशैली में आए व्यापक परिवर्तन का परिणाम है। अब यह जरूरी हो गया है कि हम पिता को फिर से केवल जिम्मेदारी या भूमिका के दायरे से निकालकर एक भावनात्मक, मानवीय और संवेदनशील संबंध के रूप में पुनर्स्थापित करें। क्योंकि चाहे कोई भी समय हो, पिता वही होता है- जो बिना कहे सब कुछ दे देता है और बदले में सिर्फ एक मुस्कान चाहता है।

# नए टोल टैक्स भुगतान नियम से उम्मीदें

'टोल टैक्स' पर आए दिन घटित होती नाना प्रकार की सामान्य-असामान्य घटनाओं को ध्यान में रखते हुए आखिरकार केंद्र सरकार ने एक दफे फिर पुरानी टोल्स नीतियों में बदलाव करते हुए नए फास्टैग नियम लागू करने का ऐलान किया है। बदले नियमों को केंद्र सरकार ने 'सुपरफास्ट फास्टैग' बताया है। हालांकि, ये नवीनतम योजना दो महीने बाद यानी आगामी 15 अगस्त से देशभर में अमल आएगी। इसके संबंध में मोटी-मोटी सूचनाएं विभागीय मंत्री नितिन गडकरी ने बीते गुरुवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' के जरिए देशवासियों से साक्षा की। नई नियमों को लेकर लोगों के जेहन में सिर्फ दो सवाल प्रमुखता से उठ रहे हैं। अव्वल, क्या अब टोल टैक्स पर लगने वाली लंबी-लंबी कतारें कम होंगी। वहीं दूसरा, क्या इससे वाहन चालकों को थोड़ी बहुत रियारत मिल पाएगी?



डॉ. रमेश ठाकुर
नई दिल्ली

गौरतलब है कि पिछले वर्ष भी मंत्री नितिन गडकरी ने एक ऐलान किया था कि 60 किमी अंतराल में आने वाले टोल से वसूली नहीं की जाएगी। लेकिन अफसोस वह योजना सिरे नहीं चढ़ पाई। कम दूरी वाले किसी टोल को बंद नहीं किया गया, आज भी टोल्स पर वसूली बदस्तूर जारी है। ज्यादातर पुराने टोल की दूरी 60 किमी से काफी कम हैं। 30-40 किमी की दूरी में ही बने हैं। विगत सालों पहले सरकार ने टोल से नगद वसूली के नियमों को बदलकर जब से फास्टैग योजना को लागू किया था, तब से उसकी आमदनी में चार चांद लग गए। दरअसल, फास्टैग एक इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह प्रणाली है, जिसे एनएचएआई लीड करती है।

फास्टैग से टोल वसूली का पैसा धीरे सरकार के खजाने में जाता है। फास्टैग रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन तकनीक से उपयोग होती है, जिससे ग्राहक टोल भुगतान सीधे प्रीपेड या बचत खाते से आसानी से करते हैं। वित्तीय वर्ष-2024 में भारत भर में राष्ट्रीय राजमार्गों पर टोल संग्रह राजस्व का मूल्य 648 बिलियन भारतीय रुपए से अधिक रहा। यही कारण है कि सरकार इस सब्जेक्ट को इतनी गंभीरता से लेकर चल रही है। सरकार का मकसद है कि नए नियमों का फायदा ग्राहकों को भी हो और उनकी आमदनी में भी इजाफा हो?

केंद्र सरकार राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम-1956 और शुल्क नियम-2008 के तहत टोल प्लाजा के माध्यम से शुल्क वसूलती है। नियमों में बदलाव पहले भी कई मर्तबा किए गए। पर, बीते एकाध दशक से टोल वसूली में बेहताशा इजाफा हुआ। जिसे कम करने का आमजन का भारी दबाव सरकार पर है। आम लोगों को मिलने वाली किफायत की जहां तक बात है, तो नई पॉलिसी फिलहाल निजी वाहनों पर लागू होगी। तीन हजार रुपए का वैध वार्षिक पास बनवाने के बाद ग्राहक साल भर की अवधि में 200 टोल टैक्स क्रॉस कर सकेंगे। ये पास मौजूदा फास्टैग में ही संचालित होगा, नया बनवाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।




हालांकि, इसमें पेंच एक फंसाया गया है। योजना सिर्फ भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) और विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्गों में प्रयोग होगी। राज्य स्तरीय मार्गों-सड़कों, निकाय और नगर निगम की अधिकृत सड़कों को इससे नहीं जोड़ा गया है। योजना से ग्राहकों को जो फायदा होगा, वह ये है कि अभी तक अमूमन प्रत्येक एनएचएआई टोल टैक्स पर भुगतान करने की कीमत 50 रु से लेकर 200 रुपए के बीच होती है। लेकिन 3 हजारी वैध पास के बाद मात्र 15 रूपए ही प्रत्येक टोल पर वसूले जाएंगे। ये फायदा निजी वाहन चालकों को सीधे तौर होगा।

योजना की एक अच्छी बात ये है। चालक अगर साल में 200 टोल्स को क्रॉस नहीं करता है, तो उसकी वैधता अगले वर्ष भी जारी रहेगी। राष्ट्रीय राजमार्गों पर रोजाना और नियमित चलने वालों के लिए 'सुपरफास्ट फास्टैग' योजना निश्चित रूप से कारगर साबित होने वाली है। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय पर बीते कुछ वर्षों से टोल प्लाजा पर ट्रैफिक को कम करने का भारी प्रेसर पड़ा है। प्रत्येक दिन कहीं न कहीं मारपीट की घटनाएं रिपोर्ट होती रही हैं। इन सभी से छुटकारा पाने के लिए केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने इस योजना को लागू किया। भारत में राष्ट्रीय राजमार्गों का विशाल नेटवर्क बिछ चुका है। वर्ष-2014 तक राष्ट्रीय राजमार्गों की कुल लंबाई 91,287 किलोमीटर थी, जो अब बढ़कर 1,46,195 किलोमीटर हो चुकी है।

अगले 10 सालों में राजमार्गों की लंबाई डेढ़ गुनी तक बढ़ने की संभावनाएं हैं और उसमें नए टोल भी जुड़ेंगे। आंकड़ों के मुताबिक हिंदुस्तान में करीब 1,063 टोल प्लाजा हैं जिनमें 457 टोल प्लाजा का निर्माण वर्ष 2025 में किया गया। टोल नीति केंद्र सरकार की वह इकाई है जो सबसे बड़ी कमाउ है। नई 'सुपरफास्ट फास्टैग' नीति से भी उसे ढेरों उम्मीदें हैं। टोल पॉलिसी को केंद्र सरकार राजस्व वसूली का सबसे बड़ा जनरेटर मानती ही है, तभी इसमें नित नए नियमों को जोड़ती चली जा रही है। मात्र दिल्ली-मुंबई मार्ग पर एनएच-48 के वडोदरा-भरूच खंड पर स्थित टोल प्लाजा ने पिछले 5 पांच सालों में 400 करोड़ रुपए से ज्यादा कमाकर दिए हैं। सरकार को सुविधाओं पर भी ध्यान देना होगा। निर्बाध और सुगम सड़क यात्राओं की इच्छाएं सभी में हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- सुनील कुमार सिंह*** 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा।)

# जिले भर में लोगों ने योगाभ्यास कर स्वस्थ रहने का लिया संकल्प

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जगह-जगह किया गया योग, जन प्रतिनिधियों और अधिकारियों ने भी किए विभिन्न आसन

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

**अमृत विचार:** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिले भर में लोगों ने योग कर स्वस्थ रहने का संकल्प लिया। शहर से लेकर गांव तक लोगों ने कार्यक्रम आयोजित कर योग अभ्यास किया गया।

शनिवार की सुबह जिले भर में जनप्रतिनिधियों, जिले के अफसरों ने अपने-अपने क्षेत्र में योग शिविर में हिस्सा लिया। अमरोहा के मिनी स्टेडियम में प्रभारी मंत्री केपी मलिक व नोडल अधिकारी रणवीर प्रसाद मुख्य अतिथि रहे। आयुष मंत्रालय के योग प्रशिक्षक नितीश भारद्वाज ने अपनी टीम के साथ योगाभ्यास कराया। डीएम निधि गुप्ता ने भी योग किया। इस दौरान योगाचार्य ने कहा कि योग के जरिए ही हम अपने जीवन को स्वस्थ बना सकते हैं। प्रभारी मंत्री केपी मलिक ने कहा कि एक स्वस्थ मानव के शरीर के विकास के लिए और आत्मा शांति तथा निरोगी काया के लिए जीवन में योग का महत्वपूर्ण स्थान है। साथ ही साथ यह अनेक बीमारियों को भी दूर करता है। कहा कि स्वस्थ और निरोगी रहने के लिए नियमित रूप से योगासन जरूरी है। जीवन में योग के लाभ और महत्व को देखते हुए इसे दुनियाभर में अहमियत दी गई। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद किया।

डीएम निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि योग व्यक्ति को विभिन्न प्रकार के रोगों से दूर करता है स्वस्थ शरीर स्वस्थ आत्मा के विकास के लिए हमें योग के महत्व को समझना होगा। योग की यह साधना व्यक्ति को अनेक प्रकार से जीवन में लाभकारी है। प्रतिदिन हमें इस जीवन में समय योग अवश्य करना होगा। योग प्रशिक्षक नीतीश भारद्वाज तथा अन्य शिक्षकों द्वारा विभिन्न प्रकार के योगाभ्यास कराये गए एवं उसके लाभों के बारे में जानकारी दी गयी। सीडीओ अश्वनी मिश्र, एडीएम बृजेश त्रिपाठी, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष ऋषिपाल नागर, राम सिंह सैनी, पूरन सैनी, ईओ डॉ बृजेश कुमार सिंह, बीएसए डॉ मोनिका, डीपीआरओ पारूल सिसौदिया अन्य अधिकारियों कर्मचारियों ने योगाभ्यास किया।


मिनी स्टेडियम में योग करते बड़ी संख्या में लोग। ● अमृत विचार


योग करते प्रभारी मंत्री केपी मलिक, डीएम निधि गुप्ता व अन्य। ● अमृत विचार


योग करतीं अधिकारी। ● अमृत विचार

### एक नजर

### शिक्षण संस्थानों में किया गया योगाभ्यास

**हसनपुर, अमृत विचार :** 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस धूमधाम सेके मनाया गया। झम्मन लाल पीजी कॉलेज, सुनील कुमार इंटरनेशनल एकैडमी, रामसरन एवं सुशीला आनंद हाई स्कूल, एच एसएस पब्लिक स्कूल, चौधरी टीआर मेमोरियल पब्लिक स्कूल के प्रांगण में शिविर का आयोजन कर योग किया गया। प्रतिदिन योग करने का संकल्प भी लिया गया। आर्य समाज मंदिर में सनातन जागरण मंच के तत्वाधान में योग शिविर का आयोजन किया गया। वहीं ग्राम गुलामपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय में प्रधान अध्यापक रामवीर सिंह के नेतृत्व में अध्यापकों एवं स्कूल स्टाफ द्वारा योग किया गया। ग्राम पतेई खादर स्थित प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष यशपाल सिंह एवं अध्यापक गौरव नागर के नेतृत्व में स्टाफ द्वारा योग किया गया।

### 22 शिकायतों में से केवल चार का हुआ निस्तारण

**अमरोहा, अमृत विचार :** डीएम निधि गुप्ता वत्स ने ब्लॉक सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस में लोगों की शिकायतों को सुना। इस दौरान कुल 22 शिकायतें दर्ज हुईं जिनमें चार का मौके पर निस्तारण हो सका। डीएम ने कहा कि अभियान चलाकर चकरोड तालाब आदि पर कब्जा मुक्त कराकर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। अ कहा कि जो शिकायतें सम्पूर्ण समाधान दिवस में आई हैं उन शिकायतों की जांच की जाये और आने वाली शिकायतों का निस्तारण शीघ्र अतिशीघ्र किया जाये।

### स्वस्थ रहने के लिए किया योगाभ्यास



**सैदनगली, अमृत विचार :** 11 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर नगर पंचायत सैदनगली के रामलीला मैदान में योगाचार्य राजेश गुप्ता द्वारा विभिन्न योगासनों एवं प्राणायामों को कराया। चेयरपर्सन डॉ अनुकृति चौधरी ने कहा कि योग शरीर, मन और आत्मा के संतुलन का माध्यम है। यह स्वस्थ समाज और समर्थ राष्ट्र की नींव है। जिला महामंत्री भाजपा अभिनव कौशिक, जिला मंत्री महिला मोर्चा वर्षा वशिष्ठ, सुनीता शर्मा, मोहिनी कौशिक, परितोष शर्मा, रजनी शर्मा, शालिनी वर्मा, ममता शर्मा, डॉ राजीव लोचन, शेखर गुप्ता, शेरपाल सिंह गुर्जर, नीटू भाटी, प्रशांत गुप्ता, सुखा सिंह खड़गवंशी, कमल वर्मा, अरविंद कुमार शर्मा, मास्टर उमाशंकर गर्ग, अनिल गुप्ता, सत्यम गुप्ता, अवनी शर्मा, दिनेश टॉक, अवनीश शर्मा आदि लोग शामिल रहे।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में किया योग

**सैदनगली, अमृत विचार :** 11वें विश्व योग दिवस के अवसर पर सरस्वती शिशु/ विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में योग, आसन व प्राणायाम का आयोजन किया गया। इ प्रधानाचार्य दिवाकर पाण्डेय ने शरीर को स्वस्थ व नीरोग रखने के लिए योग की आवश्यकता के बारे में बताया। महर्षि पतंजलि योगपीठ से सम्बद्ध योगाचार्य उधम सिंह ने विभिन्न प्रकार के प्राणायाम, मानव जीवन में उनका महत्व, प्राणायाम करने की विधियों को विस्तार पूर्वक बताया। इस अवसर पर जयवीर सिंह ने जल नेति तथा रबर नेति का उपयोग कर इन नेतियों से सर्दी जुकाम प्रथम नासिका के रोगो में होने वाले लाभ के विषय में बताया। इस अवसर पर राजाराम, परवेन्द्र, पवन, कृपाल सिंह आदि रहे।

### उझारी में भाजपाइयों ने किया योग

**सैदनगली, अमृत विचार :** नगर पंचायत उझारी के रामलीला ग्राउंड में योग किया गया। मुख्य अतिथि सैदनगली चेयरपर्सन डॉ अनुकृति चौधरी ने कहा कि योग के बिना जीवनशैली अधूरी है। मंडल अध्यक्ष कल्याण सिंह सैनी, निवर्तमान मंडल अध्यक्ष हेमराज सैनी, कार्यक्रम संयोजक मण्डल महामंत्री देवकीनंदन पाल, मंडल महामंत्री महेश खड़गवंशी, पूर्व जिला अध्यक्ष किसान संघ कृष्ण कुमार शर्मा, जिला मंत्री महिला मोर्चा वर्षा वशिष्ठ, वेद प्रकाश गिरी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# योग महोत्सव में बड़ी संख्या में लोगों ने किए आसन

● योग ही ऐसा माध्यम है जो हमें स्वयं से जोड़ता है: राजीव तरारा

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार:** एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिये योग थीम के साथ 11 वां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवसश् गंगा तट तिगरी धाम से लेकर औद्योगिक नगरी में पूर्ण उत्साह के साथ मनाया गया। शरीर को चुस्त दुरूस्त और तनावमुक्त रखने के लिये लोगों ने योगाभ्यास किया।

नोबल पब्लिक स्कूल में लायसं क्लब गजरौला, डॉक्टर्स एसोसिएशन व आरोग्य भारती के सहयोग से योग कार्यक्रम आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि विधायक राजीव तरारा ने कहा कि, आज की तेज रफ्तार जिंदगी में योग ही ऐसा माध्यम है जो हमें स्वयं से जोड़ता है।

विद्यालय की प्रधानाचार्या नवनीत उपाध्याय, प्रबंधक राजीव उपाध्याय, लायंस क्लब के अध्यक्ष लॉयन अंकित गर्ग, डॉक्टर्स एसोसिएशन के सचिव डॉ. ललित चाहल, आरोग्य भारती अमरोहा के अध्यक्ष डॉ. जीके त्यागी व उपाध्यक्ष डॉ. रविन्द्र समेत लॉयन डॉ. श्याम सिंह, डॉ. धीरेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

अवंतिका पार्क में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक हरपाल सिंह ने कहा कि योग हमारे देश की प्राचीन धरोहर है।प्रेमा विश्वकर्मा ने योगाभ्यास कराया। कारमेल पब्लिक स्कूल में योग शिक्षक धनवंत सिंह ने मुख्य योग कर्म योग, भक्ति योग, भुजंगासन, शवासन, वज्रासन सिखाए गए। प्रबंधक विक्रम सिंह चौहान, प्रधानाचार्य सुधांशु शर्मा स्टॉफ मौजूद रहा।

## एसडीएम को भाकियू भानू ने सौंपा ज्ञापन

**हसनपुर, अमृत विचार:** शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में उप जिला अधिकारी पुष्कर नाथ चौधरी को भारतीय किसान यूनियन भानू द्वारा ज्ञापन सौंपकर किसानों की मासिक पंचायत में समस्याओं का समाधान करने के लिए अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने की मांग की।

ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया कि 24 जून को ब्लॉक कार्यालय परिसर में भारतीय किसान यूनियन भानू की मासिक पंचायत आयोजित की जाएगी। जिसमें किसानों की समस्याओं का समाधान करने हेतु खाद रसद अधिकारी, एसडीओ हसनपुर एवं रहरा, एक्सईएन विद्युत विभाग एवं लेखपाल कानून को चकबंदी विभाग की उपस्थिति समय से सुनिश्चित करने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में गोविंद सिंह चौहान, अनिल कुमार त्यागी, शराफत अली, राहुल चौहान, लोकेश चौहान आदि मौजूद रहे।

# विभिन्न समस्याओं के निराकरण की मांग

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार:** भाकियू शंकर ने स्वास्थ्य विभाग पर मानक अनुसार अल्ट्रासाउंड को बंद किये जाने का आरोप लगाते हुए उन्हें जल्द चालू करवाने की मांग की है।

शनिवार को भाकियू शंकर ने अपर जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा अवैध अल्ट्रासाउंड सेंटरो को बंद करने का अभियान चलाया गया था। इसमें मानक वाले अल्ट्रासाउंड को भी बंद कर दिया गया है। जिससे मरीजों को दूसरे शहरों में जाना पड़ रहा है। मानक अनुसार अल्ट्रासाउंड सेंटरो को जल्द चालू करवाया जाये। किसानों को यूरिया डीपी के साथ में जबरन नैनो देने वाले दुकानदार का लाइसेंस निरस्त करते हुए कानूनी कार्रवाई की जाये। बिजली 10 घंटे आपूर्ति की जाये। तहसील क्षेत्र में भूमाफियाओं के द्वारा हजारों बीघा भूमि पर अवैध कब्जा किया हुआ है। उसे चिन्हित करते हुए कब्जा मुक्त कराया जाये। तहसील क्षेत्र हसनपुर में माफियाओं द्वारा आम के हरे भरे पेड़ों को काट कर हरियाली को नष्ट किया जा रहा है।आधार कार्ड संशोधन के नाम पर अवैध उगाई की जा रही है। उस पर तुरंत रोक लगाया जाये।

ज्ञापन देने वालों में राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह, फुरकान, राजपाल सैनी, चौधरी धर्मवीर सिंह, भजनलाल, बबीता रानी, मोहम्मद अयूब, जगवीर सिंह, राकेश सैनी, तरुण कुमार, राम सिंह सैनी, नेतराम सैनी, राकेश चौहान, हरि सिंह प्रधान आदि मौजूद थे।


ज्ञापन सौंपते भाकियू शंकर के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

● भाकियू शंकर के कार्यकर्ताओं ने एडीएम को दिया ज्ञापन

● मानक वाले अल्ट्रासाउंड सेंटर चालू कराने की मांग

## योग दिवस

### बढ़ चढ़कर लोगों ने किया योग का अभ्यास



**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद द्वारा कंजन बाजार स्थिति बाबा के बाग में 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। नगरपालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, तहसीलदार मूसाराम थारू समेत अन्य अधिकारियों व गणमान्य लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। योगाचार्य अनिता भटनागर द्वारा लोगों को प्राणायाम, अनुलोम-विलोम, ताड़ासन, भुजंगासन, वृक्षासन जैसे अनेक योगाभ्यास कराये गये। कार्यक्रम में स्कूली छात्र-छात्राएं, सामाजिक संगठन, व्यापारी वर्ग और स्थानीय नागरिकों की भागीदारी रही। नायब तहसीलदार राजपाल सिंह, ईओ अवधेश कुमार वर्मा, एसडीएम पेशगार श्याम सिंह, सोनिया अग्रवाल अध्यक्षा अपराजिता क्लब धनौरा, आरती शर्मा, विशाल शर्मा, रामेन्द्र यादव, कृष्ण कुमार, अमर सिंह, निशान्त, संजीव कुमार, रामेश्वर, पंकज कुमार आदि मौजूद रहे।

### एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग थीम पर किया अभ्यास



**गजरौला, अमृत विचार :** श्री वैंकटेश्वरा विश्वविद्यालय एवं वीजीआई मेरठ के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को 14ह दिनों से चले आ रहे योगा शिविर का समापन हुआ। योग प्रशिक्षक आचार्य कृष्ण कुमार ने योगाभ्यास कराया। समारोह का शुभारम्भ सुधीर गिरि, मुख्य अतिथि शिक्षक विधायक हरि सिंह ढिल्लो, प्रतिकुलाधिपति डा. राजीव त्यागी, कुलपति प्रो. कृष्ण कान्त दवे आदि ने किया। डॉ. हरि सिंह ढिल्लो ने कहा कि योग से हम व्यक्तिगत जीवन में सुधार लाने के साथ-साथ राष्ट्र विकास में भी अपनी प्रभावी भूमिका अदा कर सकते है। कुलसचिव डा. पीयूष पांडेय, डॉ. ऐना एरिक ब्राउन, लीगल डारेक्टर देव प्रताप सिंह, डॉ. एलएस रावत, डॉ. एसएन साहू, डा. मंजरी राणा, डॉ. अनुषा कर्णवाल, पूजा ऐरी, नीमा, डॉ. अखिल कुमार, डा. सी.पी. सिंह, डा. टी.पी. सिंह, डा. योगेश्वर शर्मा, डा. राजवर्धन, डा. अनिल कुमार जायसवाल, डॉ. ज्योति, डॉ. रामकुमार, डॉ. श्रीराम गुप्ता, एस.एस. बघेल, संजीव राय आदि उपस्थित रहे।

### योग को जीवन में नियमित अपनाएं: डॉ सुमित



**हसनपुर .अमृत विचार :** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सरकारी अस्पताल में भाजपा की ओर से लगाए शिविर में योगाचार्य डॉ सुमित त्यागी ने योग के फायदे बताने के साथ योगासन कराए। मुख्य अतिथि विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी व चेयरमैन राजपाल सैनी एवं भाजपा जिला अध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी का सीएचसी प्रभारी डॉक्टर धुर्वेद्र सिंह एवं कार्यक्रम संयोजक अंकुर अग्रवाल द्वारा पुष्प माला पहनकर एवं बुके देकर स्वागत किया गया। योगाचार्य डॉक्टर सुमित त्यागी ने कहा कि योग को एक दिन नहीं, बल्कि जीवन में नियमित अपनाएं। संयोजक अंकुर अग्रवाल, संदीप गुप्ता, अतुल गर्ग, संजय शर्मा, पवन राज, शोभित शर्मा, हिमांशु त्यागी, मयंक अग्रवाल, शिखर अग्रवाल, अतुल शर्मा, मोहित अग्रवाल, पंकज भटनागर, रानू रस्तोगी, अजय पाल, विक्रम महंत, विजय शर्मा, कैलाश चंद पाठक, आरती शर्मा, विजय पारछा सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता एवं सीएचसी का स्टाफ मौजूद रहा।

### नगर पालिका में किया गया योगाभ्यास




**हसनपुर, अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर नगर पालिका के प्रांगण में योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पाली का कर्मचारी एवं नगर वासियों द्वारा योग कर स्वस्थ रहने का संकल्प लिया गया। शिविर में योगसाधकों ने मानसिक एवं शारीरिक विकास में योग की महत्ता का संदेश भी दिया। नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी ने कहा कि शरीर के विकास के लिए योग का महत्वपूर्ण स्थान है। योग के माध्यम से हम अनेक बीमारियों को भी दूर भगा सकते हैं। योग आचार्य डॉ. सुमित त्यागी, अधिशासी अधिकारी विजयपाल सिंह, भाजपा नेता अतुल गर्ग, संजय शर्मा, पवन राज, बाबू दिनेश कुमार, करन सिंह, कौशल कुमार, मनी कुमार, शारिक, अरशद बेग, संजय सैनी, रितेश, अनवर, सुनील, संजय, शराफत, फैजान सहित पालिका का स्टॉफ मौजूद रहा।

## भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा की चौपाल

**गजरौला, अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा ने शनिवार को क्षेत्र के गांव बिजोरा में तस्लीम सैफी के आवास पर चौपाल का आयोजन किया। किसानों ने कहा कि आए दिन बिजली विभाग द्वारा चेकिंग के नाम पर किसानों से रिश्वतखोरी की जा रही है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी ने कहा कि तहसील में किसानों का अंश ठीक करने पर रिश्वत ली गई तो घेराव किया जाएगा। उत्तर प्रदेश सरकार बिजली के निजीकरण का फैसला वापस लें। कहा कि किसानों की जमीन पर कब्जे किए जा रहे हैं। जमीनों पर हो रहे अवैध कब्जे को जिला प्रशासन द्वारा तुरंत रोका जाना चाहिए।जिला अध्यक्ष राहुल सिंह, नितिन चौधरी, चंद्रपाल सिंह, वसीम सैफी, उस्मान चौधरी, शौकीन चौधरी, नियामत चौधरी, आरिफ चौधरी आदि किसान लोग मौजूद है।

# राशन डीलर की बहाली की मांग, किया प्रदर्शन


राशन डीलर की बहाली की मांग को लेकर प्रदर्शन करतीं महिलाएं।

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार:** गंगेश्वरी ब्लॉक क्षेत्र के गांव पतेई खादर के ग्रामीणों शनिवार को ब्लॉक परिसर में संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे।

बताया कि गांव में शिमला देवी राशन डीलर हैं। 11 जून को तीन व्यक्ति जांच करने के लिए पहुंचे थे। अधिकारियों ने ग्रामीणों से कुछ खाली कागजों पर अंगूठा निशानी एवं हस्ताक्षर करा लिए। जांच अधिकारियों द्वारा झूठे बयान लिखकर राशन डीलर की दुकान को निलंबित कर दिया गया। राशन दुकान को किसी अन्य गांव में लगवाया जा रहा है। राशन की दुकान को बहाल कर गांव में ही राशन बंटवाया जाए। साथ ही उन्होंने झूठे बयान लिखने वाले जांच अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। प्रदर्शन करने वालों में पूनम, अंजुम, गुलशन, वसीम, अनवर, गजराज, ममता देवी, मुनि देव, रामपाल, अब्दुल कलाम, रूपेंद्र भाटी, अंकुर भाटी, नितिन कुमार, चमन त्यागी, जगमाल, विशाल त्यागी, शकुंतला, उत्कर्ष, सुदेश, मीनाक्षी आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

## 43 शिकायतों में 4 का मौके पर किया निस्तारण

**हसनपुर, अमृत विचार:** संपूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की शिकायतें अपर जिला अधिकारी धीरेंद्र प्रताप सिंह ने सुनीं। 43 शिकायत दर्ज हुई जिसमें से अधिकारियों ने चार शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया। बाकी बची 39 शिकायतों के निस्तारण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को दी गईं।

राजस्व विभाग की 14, पुलिस विभाग की 6, विकास विभाग 6, चकबंदी विभाग की 5, पूर्ति विभाग की 4 एवं अन्य विभागों की 8 कुल मिलाकर 43 शिकायत दर्ज हुई। एडीएम ने सभी विभागों के अधिकारियों को संपूर्ण समाधान दिवस में आई शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए निष्पक्ष निस्तारण करने के निर्देश दिए। एसडीएम पुष्कर नाथ चौधरी, सीओ दीप कुमार पंत, तहसीलदार परमानंद श्रीवास्तव, अधिशासी अधिकारी विजयपाल सिंह सहित संबंधित विभाग के अधिकारी में कर्मचारी मौजूद रहे।

# दो तस्कर गिरफ्तार, 78 किलो गांजा बरामद


खुलासा करते एसपी अमित आनंद। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार:** सैदनगली थाना पुलिस व एसओजी/सर्विलांस टीम ने दो अंतरजनपदीय तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से 78.06 किलो अवैध गांजा बरामद किया है।

शनिवार को एसपी अमित कुमार आनंद ने बताया कि थाना सैदनगली पुलिस एवं एसओजी/ सर्विलांस टीम ने नखासा पुलिया के पास मोटर साईकिल पर सवार गांजा तस्कर फरासीम पुत्र उस्मान निवासी ग्राम डींगरपुर थाना मैनाठेर व बिलाल पुत्र इकरार हुसैन निवासी ग्राम असदपुर थाना मैनाठेर जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 78.060 किग्रा गांजा बरामद किया। वे गांजा दिल्ली ले जाकर बेचने वाले थे। गांजा करीब 03 माह पहले मेराज आलम पुत्र अकरम निवासी गुरेर थाना मैनाठेर जनपद मुरादाबाद से लेना बताया गया है। मेराज गाडी चलाता है तथा गाडी से ही झारखण्ड की तरफ से माल लेकर आता है। मेराज को रांची पुलिस ने गांजे के साथ पकड लिया था।

# कोतवाली गेट पर भिड़े दो पक्ष, जमकर हाथापाई

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार:** आपसी विवाद को लेकर कोतवाली के गेट पर दो पक्ष आपस में भिड़ गये। धक्का मुक्की होने से अफरा तफरी मच गई। पुलिस ने दोनों पक्षों को हिरासत में ले लिया है।

शनिवार की सुबह कोतवाली के गेट पर दो पक्षों में किसी बात को लेकर कहा सुनी हो रही थी। बताया जा रहा है कि एक विवाहिता के साथ गांव का युवक छेड़छाड़ करता है। महिला उसकी शिकायत करने के लिए कोतवाली आई थी। जहां पर दोनों पक्ष आपस में भिड़ गये। एक पक्ष महिला को कोतवाली में शिकायत न करने के लिए रोकना चाहता था। दोनों पक्षों की महिलाएं आपस में धक्का मुक्की करने लगी। वे एक दूसरे के साथ मारपीट करने पर वह उतारू हो गये। शोर शराबा सुनकर अन्दर से पुलिस भी कोतवाली गेट पर आ गई। उसके बाद पुलिस दोनों पक्षों के लोगों को पकड़ कर कोतवाली में ले गई।

# छत पर पड़ा मिला युवक का शव

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

● सदर विधायक के छोटे बेटे का कार चालक था मृतक प्रवीण

● शुक्रवार को पत्नी से विवाद को लेकर पंचायत हुई थी


मृतक प्रवीण।

**अमृत विचार:** मकान की छत पर सदर विधायक और पूर्व मंत्री महबूब अली के छोटे बेटे के कार चालक का शव मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

रजबपुर थाना के गांव खाता में रामभजन का परिवार रहता है। उनका 35 वर्षीय बेटा प्रवीण पूर्व मंत्री महबूब अली के बेटे शाहनवाज अली की गाड़ी चलाता था। शनिवार की सुबह उसका शव एक छत पर पड़ा मिला। बताया जा रहा है कि प्रवीण और उसकी पत्नी कोमल के बीच विवाद चल रहा था। शुक्रवार को कोमल के मायके वालों की मौजूदगी में पंचायत हुई। प्रवीण रात को घर नहीं लौटा और उसका मोबाइल भी बंद था। शनिवार सुबह उसका शव हाईवे किनारे स्थित चुम्मन लाल के मकान की छत पर मिला।

सीओ शक्ति सिंह ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया। पुलिस प्रथम दृष्टया सुसाइड मान रही है। रजबपुर थाना प्रभारी कोमल तोमर ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। रिपोर्ट और तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## खनन माफियाओं से वसूला जुर्माना

**हसनपुर, अमृत विचार:** अवैध खनन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। एक लोडर और दो अन्य वाहन पकड़े गये जिन पर जुर्माना लगाया गया है।

खनन निरीक्षक मनीष यादव ने बताया कि एक लोडर को अवैध खनन करते हुए पकड़ा था। जिस पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। इसके अलावा एक ट्रैक्टर पर 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। बाजपुर का एक ट्रक भी अवैध खनन सामग्री ले जाते हुए पकड़ा गया, जिस पर 49 हजार तीन सौ रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

## एक नजर

### दो भैंस, एक कटरा और एक बछड़ा चोरी

**स्योहारा, अमृत विचार :** 20 जून को गांव मलकपुर में किसान जोगेन्द्र सिंह पुत्र रामेन्द्र सिंह के यहां से चोर दो भैंसे, एक कटरा और एक बछड़ा चोरी कर रफूचक्कर हो गए। पुलिस जमीन पर बने भैसों और चोरों के पैर के निशान के सहारे उस स्थान तक पहुंच गई जहां पर भैसों को ले जाकर वाहन में लादा गया।

### घर में घुसकर किशोरी से दुष्कर्म का प्रयास

**संभल/रजपुरा, अमृत विचार :** एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने शनिवार को पुलिस को तहरीर दी कि शनिवार को सुबह करीब 11 बजे उसकी 13 वर्षीय बेटी घर पर अकेली थी। गांव का ही एक युवक घर में घुस गया और दुष्कर्म का प्रयास किया। किशोरी ने शोर मचाया तो युवक जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# जिला मुख्यालय के लिए निकाला मशाल जुलूस

## श्री कल्कि नगरी विकास समिति और जिला संघर्ष समिति के कार्यकर्ताओं ने निकाला जूलुस, प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** श्री कल्कि नगरी विकास समिति और जिला संघर्ष समिति के कार्यकर्ताओं ने मुख्य बाजार से मशाल जुलूस निकाला। कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी करते हुए शंकर कॉलेज चौराहा पर पहुंचकर नायब तहसीलदार को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपे। जिसमें जिला मुख्यालय संभल में बनाने की मांग उठाई।

शनिवार को देर शाम श्री कल्कि नगरी विकास समिति और जिला संघर्ष समिति के कार्यकर्ता मोहल्ला ठेर में अटल पार्क पर इकट्ठा हुए। जहां से हाथों में जलती हुईं मशाल लेकर नारेबाजी करते हुए बढ़े।


संभल में जिला मुख्यालय की मांग को लेकर मशाल जुलूस निकालते व्यापारी। ● अमृत विचार

कार्यकर्ता मुख्य बाजार होते हुए टंडन तिराहा, पुरानी तहसील रोड से नारेबाजी करते हुए शंकर कॉलेज चौराहा पर पहुंचे। कार्यकर्ताओं के हाथों में मुख्यालय दो हमें नहीं पलायन होगा, हमें जिला मुख्यालय संभल तहसील में ही चाहिए...जैसे नारे लिखी पट्टिकाएं थीं। शंकर कॉलेज चौराहा पर जमकर नारेबाजी करते हुए जिला मुख्यालय संभल में स्थापित कराने की मांग उठाई।

नायब तहसीलदार दीपक कुमार जुरैल को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपे। कहा कि नगर संभल में जिला मुख्यालय बनाने की मांग

● **नायब तहसीलदार को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन दिया**

काफी पुरानी है। संभल को श्री कल्कि भगवान के अवतार के रूप में जाना जाता है। संभल में हिंदू अल्पसंख्यक है। जिला मुख्यालय स्थापित किया जाना अति आवश्यक है। इसलिए बहजोई के गांव आनंदपुर शरीफपुर के रकबे में प्रस्तावित जिला मुख्यालय का स्थान परिवर्तित करते हुए संभल नगर में जिला मुख्यालय बनाया जाए। इस दौरान संजय गुप्ता पोली, चीनू राधू, डॉ.मुहम्मद नाजिम, चौधरी रविराज चाहल, समीर अहमद, कैलाश सिंह, गजराज सिंह, सुरेंद्र सक्सेना समेत कई लोग और महिलाएं रहीं।

### योग का महत्व बताकर किया अभ्यास

**बबराला,अमृत विचार :** योग पार्क में योग शिविर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचार प्रमुख अरूण कांत ने कहा कि योग का मतलब- जोड़ना है। योग ने पूरी दुनिया को जोड़ा है। एसडीएम वंदना मिश्रा, चेयरमैन हर्ष वर्धन गुप्ता, अधिशासी अधिकारी अमरेश तिवारी, पुनीता नंद महाराज, योगेंद्र यादव, नायब तहसीलदार उदयवीर सिंह, अनिल गुप्ता, भुवनेश शर्मा, जगदीप,राजू अग्रवाल, सोनू सहित तमाम लोग मौजूद रहे। बाबूराम सिंह भायसिंह डिग्री कॉलेज परिसर में पतंजलि योग समिति की ओर से योगाचार्य मनोज आर्यवीर, रामवीर सिंह, भुवनेश शिक्षक और संदीप गुप्ता की देख-रेख में योगाभ्यास कराया गया। नवनीत गांधी ने कहा कि योग निरोग रहने के लिए संजीवनी समान है। यारा फर्टिलाइजर डीएवी पब्लिक स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में चेयरमैन एमएस प्रसाद, प्रधानाचार्य आनंद स्वरूप सारस्वत सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

### स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का लिया संकल्प

**संभल, अमृत विचार :** मिशन इंटरनेशनल अकादमी में योग दिवस पर योगाभ्यास हुआ। फैजान अली ने प्राचार्य विल्सन राजन का संदेश पढ़ा। प्रशिक्षकों अमन तथा यासिर के निर्देशन में शिक्षकों व छात्रों ने सूर्य नमस्कार, प्राणायाम व अन्य महत्वपूर्ण योगासन किए। मैनेजर मुशीर खान तरीन, डायरेक्टर शबाना कौसर ने कार्यक्रम की शुभकामनाएं दी। इस दौरान जुनैद इब्राहिम, जियाउल्लाह खान, नीलोफर खान, रब्बे नवाज, यूसुफ अली, मोहम्मद आमिर, रुही, सायमा, इरशाद आदि रहे।

### स्कूल में बच्चों ने किया योग

**बबराला, अमृत विचार :** विद्याकुंज इंटरनेशनल स्कूल में योग शिविर में प्रबंधक अतुल गोयल, डॉ . राहुल यादव, कपिल गोयल, कार्तिक गोयल, योगेंद्र यादव, उमेश वार्ष्णेय, सुरेश गुप्ता, पुष्पेंद्र शर्मा, सत्यम मिश्रा, प्रधानाचार्य सुशील शर्मा सहित मां गंगा जनकल्याण समिति और रोटरी क्लब बबराला गंगा के सदस्यों ने भी भाग लिया। सोनल शर्मा, विनीता अग्रवाल, रुचि वार्ष्णेय, खदीजा नाज रीता, मीनल, प्रतिभा, शीतल, वर्तिका, मीनाक्षी विशाल, मोहित भी मौजूद रहे।

### स्वस्थ जीवन के लिए योग बहुत उपयोगी

**संभल, अमृत विचार :** एमजीएम कॉलेज संभल में प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. योगेंद्र सिंह के निर्देशन में योग प्रशिक्षिका कुमारी वैष्णवी ने छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और कर्मचारियों को सूर्य नमस्कार योग मुद्रा का प्रशिक्षण दिया। कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए योग की विभिन्न मुद्राएं और आसन उपयोगी हैं। इनसे न केवल शरीर स्वस्थ रहता है बल्कि मानसिक शांति भी मिलती है। इस दौरान डॉ. दुष्यंत मिश्रा, प्रोफेसर डॉ. फहीम अहमद, प्रोफेसर डॉ. निरंकार सिंह, डॉ. दिलदार हुसैन, डॉ. विजयलक्ष्मी शर्मा, डॉ. आनंद सिंह, डॉ. मोहम्मद नदीम, डॉ. प्रकाश नारायण, डॉ. रोहितअग्रवाल, मोहम्मद उमर, हरस्वरूप, धर्मप्रकाश, सोनू, मुन्नन, सुमंत आदि रहे।

### नोडल अधिकारी ने दो अस्पताल किए सील, रिपोर्ट दर्ज

**संभल/कैला देवी, अमृत विचार :** कैला देवी थाना क्षेत्र के गांव भमौरी पट्टी की आशा कृष्णावती ने स्वास्थ्य विभाग को सूचना दी कि गांव खिरनी मोहिउद्दीनपुर में डॉ.नेहा द्वारा गांव भमौरी पट्टी की विनीता देवी की प्रसव के दौरान गलत उपचार करने से मौत हो गई। नोडल अधिकारी डॉ.मनोज चौधरी मौके पर पहुंचे तो महिला डॉक्टर अस्पताल को बंद भाग गई। जिसके बाद अस्पताल को सील कर दिया गया। इसी गांव में छत्रपाल की पत्नी रूपवती भी महिलाओं का प्रसव किए जाने की शिकायत मिली थी। नोडल अधिकारी मौके पर पहुंचे तो अस्पताल बंद था। नोडल अधिकारी ने अस्पताल सील कर दिया। कैला देवी थाना में डॉ.नेहा, रूपवती व छत्रपाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# लक्ष्मणगंज में बनी मस्जिद पर चली जेसीबी


इमाम से बात करते एसडीएम विनय कुमार मिश्रा व सीओ अनुज चौधरी।


लक्ष्मणगंज में मस्जिद पर चलती जेसीबी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** लक्ष्मणगंज में नगर पालिका की भूमि पर बनी मस्जिद को प्रशासन ने जेसीबी से तोड़ना शुरू कर दिया है। पिछले 3 दिन से मस्जिद कमेटी द्वारा मस्जिद को धीमी गति से तोड़ा जा रहा था। जल्द काम खत्म करने को प्रशासन ने जेसीबी चलवा दी। वहीं 34 मकानों को खाली करने के लिए प्रशासन ने 15 दिन का समय दिया है। इसके बाद इस जमीन को भी मुक्त कराया जाएगा। इस दौरान भारी संख्या में पुलिस बल के साथ अर्द्ध सैनिक बल तैनात रहा।

नगर पालिका की लक्ष्मण गंज में साढ़े छह बीघा भूमि पर एक मस्जिद व 34 मकान बनाकर अतिक्रमण कर लिया है। हालांकि लोगों का कहना है कि उनके पास बैनामे हैं। प्रशासन द्वारा उक्त भूमि को मुक्त कराने की कार्रवाई की जा रही है। मस्जिद कमेटी ने 19 जून को प्रशासन से अनुमति लेकर मस्जिद को स्वयं ध्वस्त करना शुरू किया। काम धीमा देख शनिवार सुबह एसडीएम विनय कुमार मिश्रा, सीओ अनुज चौधरी, ईओ धर्मराज राम सहित नगर पालिका स्टाफ, पुलिस व के साथ अर्द्ध सैनिक बल लक्ष्मण गंज पहुंच गया। जेसीबी से मस्जिद को ध्वस्त करना शुरू कर दिया गया। एसडीएम व सीओ ने घर-घर जाकर मकान खाली करने के लिए 15 दिन का समय दिया। एसडीएम ने कहा कि मस्जिद ध्वस्त करने का कार्य धीमी गति से किया जा रहा था। प्रशासन ने जेसीबी से मस्जिद को ध्वस्त करने का कार्य आरंभ कराया गया है।

## सड़क किनारे पड़ा मिला युवक का शव

**संभल/रजपुरा,अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव नगला चतुर्भानपुर निवासी श्योराज (38 वर्ष) पुत्र नेकराम का शव शनिवार सुबह करीब 9 बजे धनारी भिरावटी लिंक मार्ग पर गांव बगढेर के पास संदिग्ध परिस्थितियों में सड़क किनारे पड़ा मिला। राहगीरों ने शव को देखा तो भीड़ जुट गई। पास में ही युवक की बाइक भी पड़ी थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू कर दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। श्योराज की मौत से परिवार में कोहराम मच गया।

# स्कूल में मिला गोबर, जांच को भेजा

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** लक्ष्मण गंज में नगर पालिका की भूमि पर स्कूल का संचालन किया जा रहा है। एसडीएम व सीओ विद्यालय में पहुंचे तो एक कक्षा में गोबर पड़ा था। किराने का सामान व पैकिंग मशीन मिली। विद्यालय संचालक ने ईद पर पशु की कुर्बानी की बात कही। गोबर जांच के लिए भेजा गया है।

शनिवार की सुबह एसडीएम विनय कुमार मिश्रा, सीओ अनुज चौधरी द्वारा लक्ष्मण गंज में पालिका की साढ़े छह बीघा भूमि खाली कराने पहुंचे। यहां एक विद्यालय गुलशन ए मुस्तफा बंद था। गेट में धक्का मारा तो वह खुल गया। अंदर जाकर


विद्यालय का निरीक्षण करते एसडीएम विनय कुमार मिश्रा, सीओ अनुज चौधरी।

● **संचालक बोला- ईद पर दी गई थी पशु की कुर्बानी**

देखा तो एक कक्षा में गोबर व किराने के सामान के साथ पैकिंग के मशीन मिली। विद्यालय संचालक ने बताया कि गोबर गोवंशीय पशु का नहीं है। ईद पर पशु की कुर्बानी विद्यालय के बाहर दी गई थी।

> विद्यालय में मिले गोबर को जांच के लिए भेजा जा रहा है। फिलहाल विद्यालय संचालक से जानकारी व जांच की जा रही है। इसके बाद कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।
> **-अनुज चौधरी**, सीओ

## सार संक्षेप

### जयंत चौधरी ने किया केंद्रीय विद्यालय का शिलान्यास



**बिजनौर,अमृत विचार :** केंद्रीय राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने ग्राम मधुसुदनपुर देवीदास मेंर में केंद्रीय विद्यालय की आधारशिला रखी। इसके बाद ग्राम स्वाहेड़ी खुर्द स्थित लेखपाल प्रशिक्षण केंद्र में अस्थाई केंद्रीय विद्यालय का लोकार्पण भी किया गया। जयंत चौधरी ने कहा कि यह स्कूल क्षेत्र की वर्षों पुरानी मांग रही है, जिसे अब साकार किया जा रहा है। किरतपुर में जनसभा में उन्होंने सरकार की उपलब्धियों और योजनाओं को लोगों के सामने रखा। इससे पहले बिजनौर में चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि चौधरी चरण सिंह का सपना था कि गांवों और छोटे शहरों में भी शिक्षा और विकास की रोशनी पहुंचे। बिजनौर सांसद चंदन चौहान, सदर विधायक सुचि चौधरी, रालोद के कार्यवाहक जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह आचार्य, वरिष्ठ नेता डॉ. नीरज चौधरी और भाजपा नेता ऐश्वर्य चौधरी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### ग्राम प्रधानों ने की पिनकोड बदलने की मांग

**चन्दौसी, अमृत विचार :** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के अधिवक्ता व ग्राम प्रधान ने कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के 31 ग्राम पंचायतों का पिनकोड 244411 से बदलकर 244412 करने की मांग को लेकर संपूर्ण समाधान दिवस में पत्र दिया है। बताया कि विधानसभा बिलारी की आंशिक 31 ग्राम पंचायतें तहसील चन्दौसी के चन्दौसी अंतर्गत ब्लाक बनियाखेड़ा में आती हैं। यहां डाक विभाग बिलारी-मुरादाबाद से सम्बद्ध होने से पिनकोड 244411 चला आ रहा है। मगर अब तहसील चन्दौसी व ब्लाक बनियाखेड़ा होने से आंशिक ग्राम पंचायतों के लोगों को डाक्यूमेंट्स आदि कार्यों में दिक्कतें आ रही है। अनिरुद्ध कुमार, दिनेश कुमार यादव, छत्रपाल सिंह यादव, मुकेश सिंह यादव, नेपाल सिंह, फकीरी सिंह, ओमकार सिंह, राघव सिंह, कविंद्र सिंह, मुन्ना लाल, रुम सिंह आदि मौजूद रहे।

### अकीदत के साथ मनाई ईद ए मुबाहिला, पढ़े कलाम



**संभल/सिरसी,अमृत विचार :** सिरसी में ईद ए मुबाहिला अकीदत के साथ मनाई गई। इस मौके पर मस्जिदों में नमाज और अमाल अदा कराए गए। इमाम बारगाह गर्बी में जश्ने मुबाहिला की महफिल हुई। जिसमें दूसरे जिलों से आए शायरों ने कलाम प्रस्तुत कर वाहवाही लूटी। इससे पूर्व महफिल में तिलावत मौलाना शमीम ने तथा मौलाना इकरार रजा ने तकरीर की। सदारत की मौलाना समर अब्बास ने तथा संचालन मौलाना सफी असगर नजमी ने किया। दुसरी महफिले मुबाहिला मोहल्ला शर्की में जरीफ हसनैन के मकान पर हुई इफ्तेखार हुसैन, असद अब्बास, अजीम, आसिफ इकबाल, मीर सादिक अली, अब्बास जैन इमाम आदि रहे।

### शराब पीने के विरोध पर आंखों में झोंका मिर्च पाउडर

**संभल, अमृत विचार :** हयातनगर थाना क्षेत्र में घर के बाहर बैठकर शराब पीने के विरोध पर दो युवक घर में घुस गए और लाठी डंडों से पीटकर युवक को घायल कर दिया। इतना ही नहीं, युवक की आंखों में मिर्च पाउडर भी झोंक दिया। फत्तेहपुर उत्तमा गांव निवासी छोटू पुत्र सत्यवान शुक्रवार को रात पत्नी बबीता तथा परिजन दीपांशी,आयुष और अरुण के साथ घर के अंदर सो रहा था। आरोप है कि बाहर कुछ युवक शराब पीने लगे। छोटू ने विरोध किया तो मोनू और एक अन्य घर में घुस गए। छोटू की आंखों में मिर्च पाउडर झोंकते हुए लाठी डंडों से हमला कर उसे घायल कर दिया। शोर मचा तो आसपास के लोग दौड़कर पहुंचे। तब आरोपी युवक बाइक छोड़कर भाग गए। पुलिस ने छोटू का जिला अस्पताल में मेडिकल परीक्षण कराया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### शाह अली मुत्तकी मियां के उर्स में उमड़े अकीदतमंद



**संभल, अमृत विचार :** नगर में शाह अली मुत्तकी मियां का सालाना उर्स मुबारक परंपरागत तरीके से शुरू हो गया। उर्स में पहले दिन अकीदतमंद उमड़े। मुल्क में अमनो-अमान के लिए दुआ की गई। उर्स 24 जून तक चलेगा। हाफिज जहीरउद्दीन वारसी और उनके साथियों ने मिलाद शरीफ पढ़ा। फजाईल ए मौला ए कायनात सलमान संभली आदि ने सुनाए। तनवीर संभली आदि ने मजलिस में यादें कर्बला पढ़ा। शायर माजिद अशरफी, नौशाद संभली, अहकाम संभली ने कलाम प्रस्तुत किए। नाजिम ए दरगाह मुनाजिर हुसैन इसराईली वारसी, आयोजक उमर तुर्की, सलमान संभली, महफूज तुर्की, फहीम वारसी, सैफ अली वारसी, साकिब वारसी, मरगूब अशरफी, बबलू मेंबर, अनस तुर्की, एहतेशाम अशरफी, शफीक वारसी, आसिफ असकरी, अजीम सैफी, बाबू मंसूरी, फिरोज अशरफी, कासिम तुर्की, सुलतान, शम्सउद्दीन, रईस वारसी, अनीस वारसी, नफीस वारसी आदि रहे। संचालन सलमान संभली ने किया।

### समाधान दिवस में 144 शिकायतों में 26 निस्तारित



**चन्दौसी,अमृत विचार :** तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम डॉ. राजेंद्र पैंसिया व एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई ने फरियादियों की शिकायतें सुनी। 144 शिकायतें आई, जिसमें मौके पर 26 शिकायतों का निस्तारण मौके पर कर दिया गया। राजस्व विभाग की 48, पुलिस की 25, चकबंदी की 18, विकास की 15, खाद्य रसद विभाग की 5, समाज कल्याण व शिक्षा की 2-2 व अन्य 29 शिकायतें आई। । संपूर्ण दिवस में स्टेशन रोड पर फुटपाथ पर स्टाल व ठेले लगाने वाले लोगों ने जिलाधिकारी से मिलकर शिकायती पत्र दिया तथा समस्या के समाधान की मांग की।

### वाहन की चपेट में आकर एक व्यक्ति की मौत

**बिजनौर,अमृत विचार :** शनिवार को नेशनल हाईवे 34 पर एक सड़क हादसे में 55 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान मेहंदी हसन के रूप में हुई है, जो मोहल्ला जटपुरा, थाना किरतपुर के रहने वाले थे। घटना झालरा गांव के पास मेरठ-पौड़ी हाईवे पर उस वक्त हुई जब मेहंदी हसन बिजनौर शहर में किसी काम से जा रहे थे। हादसे में बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। शहर कोतवाल उदय प्रताप ने बताया कि मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### जहर खाई महिला की अस्पताल में मौत

**चन्दौसी, अमृत विचार :** मोहल्ला बड़ा महादेव निवासी कोमल गुप्ता पत्नी अंशुल गुप्ता ने घरेलू क्लेश के चलते गुरुवार की रात जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। परिजन महिला को सीएचसी लेकर पहुंचे। प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजन महिला को निजी हॉस्पिटल में ले गए। जहां महिला का उपचार किया जा रहा था। शुक्रवार की शाम महिला ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। महिला की मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया।

Admission Open
Session 2025-26
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • M. Pharma (Pharmaceutics) (2 Years)
• B. Pharma (4 Years) • M. Pharma (Pharmacology) (2 Years)
• M. Pharma (Pharmaceutical Chemistry) (2 Years)
• M. Pharma ( Pharmacognosy) (2 Years)
ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • B. Pharma (4 Years)
Rohilkhand Medical College & Hospital Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years)
Mob : 9457672942
Keshlata Hospital Campus, Delapeer Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
BIU College of Management
• M.H.A. (2 Years) • M.P.H. (2 Years)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
biucollegeofpharmacy@gmail.com, rohilkhandcollegeofpharmacy@gmail.com
biucollegeofmanagement@gmail.com, keshlatacollegeofpharmacy@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
Faculty of Paramedical Sciences
Approved by : Uttar Pradesh State Medical Faculty, Lucknow
Courses
■ BMLT/BMLS (Intake-80 Seats)
■ BRIT (Intake-80 Seats)
■ BPT (Intake-40 Seats)
■ B.Sc. Optometry (Intake-40 Seats)
■ BOTT (Intake-40 Seats)
■ M.Sc. Clinical Embryology (Intake-40 Seats)
■ MPT (Intake-20 Seats)
■ MMLS (Intake-20 Seats)
Admission Open
Session 2025-26
FACULTY OF FORENSIC SCIENCES
Courses
■ B.Sc. Forensic Sciences (Intake-40 Seats)
■ M.Sc. Forensic Sciences (Intake-20 Seats)
ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE AND HOSPITAL
Courses
■ Diploma in X-Ray (Intake-30 Seats)
■ Diploma in Lab Technician (Intake-30 Seats)
■ Diploma in Radiotherapy Technician (Intake-30 Seats)
Rohilkhand College of Paramedical Sciences
Courses
■ Diploma in Dialysis Technician (Intake-30 Seats)
■ Diploma in M.R.I. Technician (Intake-30 Seats)
■ Diploma in Emergency & Trauma Care Technician (Intake-30 Seats)
■ Certificate in Sanitation (Intake-30 Seats)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
E-mail I'd : facultyofparamedicalsciences@gmail.com,
bareillyrcps@gmail.com, rcpsbareilly@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

## एक नजर

### एमबीबीएस डॉक्टरों को सीएमओ के पास देनी होगी ज्वाइनिंग

**अमृत विचार,लखनऊ :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में अनिवार्य सेवा बांड के तहत नियुक्ति पाने वाले नीट 2019 बैच के एमबीबीएस उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को संबंधित मुख्य चिकित्सा अधिकारी के यहां ज्वाइनिंग देनी होगी। अन्य सभी को चिकित्सा संस्थान व संबंधित मेडिकल कॉलेज में समस्त प्रपत्रों के साथ ज्वाइनिंग देनी होगी। उक्त निर्देश चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक किंजल सिंह ने शनिवार को निर्देश जारी कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि अनिवार्य सेवा बांड के तहत सभी को काउंसिलिंग के माध्यम से सरकारी अस्पतालों में चिकित्सकीय सेवाएं देने के लिए तैनात किया गया है।

### परीक्षा शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 21 जुलाई

**अमृत विचार, लखनऊ :** नर्सिंग कॉलेज व पैरामेडिकल प्रशिक्षण केंद्रों पर आगामी सितंबर माह में जीएनएम, एएनएम व पैरामेडिकल डिप्लोमा प्रशिक्षणों की होने वाली मुख्य परीक्षाओं के लिए परीक्षा शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 21 जुलाई तक निर्धारित की गयी है, शुल्क जमा न होने की स्थिति में परीक्षार्थी को परीक्षा में शामिल नहीं होने दिया जाएगा। यह निर्देश उप्र.स्टेट मेडिकल फैकल्टी के सचिव डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने शनिवार को जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि नर्सिंग कॉलेज व प्रशिक्षण केन्द्रों में प्रथम वर्ष, द्वितीय वर्ष व तृतीय वर्ष के छात्रों की मुख्य वार्षिक परीक्षाएं आगामी सितंबर माह में आयोजित होंगी। साथ ही सचिव ने बताया कि शुल्क यदि एनईएफटी व आरटीजीएस चालान के माध्यम से जमा करना हो तो 15 जुलाई शाम पांच बजे तक चालान माध्यम से परीक्षा शुल्क जमा किया जाएगा।

### अगले वर्ष की काउंसिलिंग से 12 छात्र प्रतिबंधित

**अमृत विचार, लखनऊ :** नीट पीजी काउंसिलिंग 2024-25 में स्ट्रे वैकेन्सी राउंड में सीट आवंटन के बाद भी दाखिला न लेने वाले अभ्यर्थियों की धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी, साथ ही आगामी नीट पीजी 2025-26 की काउंसिलिंग में प्रतिभाग करने से प्रतिबंधित कर दिया जाएगा। यह निर्देश चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक किंजल सिंह ने शनिवार को स्पेशल स्ट्रे वैकेंसी राउंड की काउंसिलिंग में सीट आवंटन के बाद भी दाखिला न लेने वाले नौ अभ्यर्थियों की सूची जारी करते हुए दिए हैं। साथ ही दंत संकाय में दाखिला न लेने वाले तीन अभ्यर्थियों की भी सूची प्रकाशित कर अगले शैक्षणिक सत्र की प्रवेश प्रक्रिया से बाहर कर दिया है।

# योग के जरिए गंभीर रोगों से मुक्ति संभव : राज्यपाल

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस : राजभवन में राज्यपाल समेत एक हजार लोगों ने किया सामूहिक योगाभ्यास

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' थीम के तहत राजभवन में आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल समेत एक हजार लोगों ने सामूहिक योगाभ्यास किया। योगाभ्यास में शासन के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में विशाखापतनम में हुए योग समारोह का सजीव प्रसारण भी किया गया। इस मौके पर राज्यपाल ने कहा कि योग के माध्यम से गंभीर रोगों से मुक्ति संभव है।

सुबह 6 बजे से राजभवन के बड़े लॉन में आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल ने स्वयं योग साधकों के साथ प्रतिभाग किया और योगासन, प्राणायाम व ध्यान का अभ्यास किया। उन्होंने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं है, बल्कि यह जीवनशैली, आत्मिक अनुशासन और सामूहिक कल्याण का मार्ग है।

कार्यक्रम में आयुष एवं खाद्य सुरक्षा मंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु', मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, अपर मुख्य सचिव राज्यपाल डॉ. सुधीर महादेव बोबडे, प्रमुख सचिव आयुष रंजन कुमार, मंडलायुक्त लखनऊ डॉ. रोशन जैकब, महानिदेशक आयुष मानवेन्द्र सिंह आदि शामिल हुए।



11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर राजभवन में योगाभ्यास करतीं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल व अन्य। अमृत विचार

### योग अब वैश्विक चेतना का हिस्सा : दयाशंकर

**अमृत विचार :** आयुष एवं खाद्य सुरक्षा मंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने कहा कि भारत की सनातन विद्या, परंपरा और विरासत को सम्पूर्ण विश्व ने सहर्ष स्वीकार किया है। योग अब केवल भारत की पहचान नहीं, बल्कि वैश्विक चेतना का हिस्सा बन चुका है। योग को शरीर और आत्मा के मध्य सेतु बताते हुए कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि आत्मिक और आध्यात्मिक जागरण का मार्ग है। यह शरीर, मन और आत्मा को जोड़ने की प्रक्रिया है।

### योग स्वस्थ जीवन शैली का अनिवार्य अंग : जयवीर

**अमृत विचार : अंतर्राष्ट्रीय** योग दिवस के अवसर पर पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह, आगरा के एकलव्य स्पोर्ट्स स्टेडियम में शनिवार को प्रातः आयोजित योग कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंत्री जयवीर सिंह ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए योग को स्वस्थ जीवन शैली का अनिवार्य अंग बताया। उन्होंने सभी से नियमित योग करने का सुझाव दिया।



लखनऊ के कैंट क्षेत्र में आयोजित योग शिविर में शामिल भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, पूर्व एमएलसी अरविंद त्रिपाठी व अन्य। अमृत विचार



आगरा में सामूहिक योगाभ्यास करते पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह। अमृत विचार

# विद्यार्थी की आर्थिक स्थिति न बने पढ़ाई में बाधा : मुख्यमंत्री

## महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की संस्थाओं के प्रमुखों को दिए निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को गोरखपुर में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की समीक्षा बैठक में कहा कि संस्थाओं में पढ़ने वाले किसी भी विद्यार्थी की आर्थिक स्थिति उसकी पढ़ाई में बाधा न बनने पाए, इसे सुनिश्चित करना हर संस्था के प्रमुख का दायित्व है। आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों का सहयोग कर उन्हें आगे बढ़ाने में कोई कोर कसर नहीं रहनी चाहिए।

उन्होंने परिषद की सभी संस्थाओं के प्रमुखों का आह्वान किया कि वे अपनी दायित्व वाली संस्थाओं को समाज और राष्ट्र हित में युगानुकूल परिवर्तन का



गोरखपुर में बैठक के दौरान मुख्यमंत्री योगी।

वाहक बनाएं। हर संस्थाध्यक्ष का दायित्व है कि अपनी टीम के साथ पूरे मनोयोग से और लीक से हटकर कार्य करें। लकीर का फकीर बनने की बजाय हर संस्था सामूहिक प्रयास से स्वस्थ प्रतिस्पर्धा, अनुशासन,

- **समय का पालन पहले स्वयं पर लागू करें संस्थाध्यक्ष, फिर सभी पर : मुख्यमंत्री**

समय पालन और नवाचार करते हुए खुद की एक बुलंद पहचान बनाए। समय का पालन पहले स्वयं पर लागू करें संस्थाध्यक्ष, फिर सभी पर।

उन्होंने कहा कि सभी संबंधित प्रभारी को प्रतिदिन संपूर्ण परिसर का एक चक्कर जरूर लगाना चाहिए, ताकि वह अपने प्रभार से संबंधित व्यवस्था सुनिश्चित कर सकें।

बैठक में मुख्यमंत्री योगी ने महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के शताब्दी वर्ष 2032 को भव्य तथा ऐतिहासिक बनाने के लिए अभी से तैयारी शुरू करने के निर्देश दिए।

### श्रावस्ती, गोंडा में लंबित मामले अधिक

**अमृत विचार, लखनऊ :** परिवहन विभाग ने 1 जनवरी 2025 से 10 जून 2025 की अवधि में डीएल नवीनीकरण आवेदनों की समीक्षा की। कुल 4,05,661 आवेदन में से 4,02,524 (99.23 फीसदी) का समयबद्ध निस्तारण हुआ। हालांकि श्रावस्ती, गोंडा और बलरामपुर जैसे जिलों में लंबित मामलों की दर अपेक्षाकृत अधिक रही है।

परिवहन आयुक्त बृजेश नारायण सिंह ने बताया कि श्रावस्ती में 5.67 फीसदी (547 में 31 आवेदन), गोंडा में 5.37 फीसदी (2,921 में 157 आवेदन) और बलरामपुर में 4.85 फीसदी (1,299 में 63 आवेदन) लंबित रहे।

# केंद्र सरकार व निर्वाचन आयोग कर रहे लोकतंत्र को कमजोर: कांग्रेस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश कांग्रेस ने कहा कि केंद्र सरकार व भारत निर्वाचन आयोग दोनों मिलकर लोकतंत्र को कमजोर कर रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन डॉ. सीपी राय ने आरोप लगाते हुए कहा कि टीएन शेषन के समय में निर्वाचन आयोग लोकतंत्र की निष्पक्षता व पारदर्शिता का प्रतीक था, पर आज सवालों के घेरे में है।

निर्वाचन आयोग की ओर से हाल ही में चुनाव से संबंधित वीडियो,

- **चुनाव से संबंधित वीडियो फुटेज और रिकॉर्डिंग को 45 दिन में डिलीट करने के निर्देश पर सवाल**

फुटेज और रिकॉर्डिंग को एक साल की बजाय महज 45 दिन में डिलीट करने का निर्देश दिया गया। यह लोकतंत्र के मूल सिद्धांतों पर बड़ा हमला है।

उन्होंने कहा कि पार्टी नेता राहुल गांधी ने बार-बार हरियाणा और महाराष्ट्र के चुनावों में पारदर्शिता की कमी और संदिग्ध अनियमितताओं पर सवाल उठाए हैं। महाराष्ट्र में 2 घंटे में 65 लाख वोट डालने का दावा शारीरिक रूप से असंभव है। इसके बावजूद निर्वाचन आयोग ने न केवल इन सवालों का संतोषजनक जवाब देना जरूरी नहीं समझा, बल्कि अब सबूतों को ही मिटाने की जल्दबाजी दिखा रहा है।

**कांग्रेस में शामिल :** सामाजिक कार्यकर्ता नवाब सलीम खान व मोहम्मद नासिर खान शनिवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय व ज्वाइनिंग प्रभारी नितिन शर्मा के समक्ष कांग्रेस नेता एफएएस चर्चिल के नेतृत्व में दोनों सामाजिक कार्यकर्ताओं ने अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

# सलाहकार कंपनी पर लगाए गंभीर आरोप

## ऊर्जा निगमों के निजीकरण पर सलाह देने वाली ग्रांट थॉर्नटन कंपनी पूर्व में दे चुकी है गलत रिपोर्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** ऊर्जा निगमों के निजीकरण पर सलाह देने वाली ब्रिटेन की निजी कंपनी ग्रांट थॉर्नटन चर्चित विजय माल्या की किंग फिशर पर गलत रिपोर्ट दे चुकी है।

राज्य विद्युत नियामक आयोग की अंतरिम रिपोर्ट में वित्तीय खामियों के बाद सलाहकार कंपनी की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं। इस बीच, बताया जा रहा है कि नियामक आयोग सरकार को जल्द ही वृहद रिपोर्ट पेश करेगा।निजी कंपनी के मसौदे में खामियां बताते हुए उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने कहा कि विवादित सलाहकार कंपनी ने विजय माल्या की किंगफिशर एयरलाइंस कंपनी का मूल्यांकन बढ़ा-चढ़ाकर 3406 करोड़ बताया था, जबकि ब्रांड फाइनेंस ने इसका सही मूल्यांकन 1911 करोड़ किया था।

परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि सलाहकार कंपनी व उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने उन वरिष्ठ अधिकारियों को चिन्हित किया जाय, जिनके जरिये देश के निजी घरानों को लाभ पहुंचाने के लिए सरकारी संपत्ति को कम आकलित किया गया और टेंडर के मसौदे पर नियामक आयोग से सहमति लेने की कोशिश की गई। उन्होंने मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप करते हुए दोषियों पर कठोर कार्रवाई करने की मांग की।

### सलाहकार कंपनी ने कम आंका ऊर्जा निगमों की संपत्ति को

**अमृत विचार :** उपभोक्ता परिषद का कहना है कि निजी सलाहकार कंपनी के जरिये पूर्वांचल व दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगमों की संपत्ति को कम आंका गया है। निगमों का इक्विटी शेयर कैपिटल लगभग 53,886 करोड़ है। सलाहकार कंपनी ने इक्विटी कैपिटल शेयर के आधार पर ज्यादातर इक्विटी को लॉन्ग टर्म लोन में कन्वर्ट कर मात्र 6000 से 7000 करोड़ की इक्विटी को आधार बनाया और प्रस्तावित पांच नई बिजली कंपनियों की अधिकतम रिजर्व विद प्राइस लागत 1300 से अधिकतम 1600 करोड़ बताया। इक्विटी के आधार पर इसका मूल्यांकन निकाला जाय तो कम से कम एक-एक नई बिजली कंपनी की रिजर्व विद प्राइस 3500 से 4000 करोड़ से कम नहीं होनी चाहिए। निगमों की जमीन की कीमत कई अरब है। दोनों बिजली कंपनियों की एक लाख करोड़ से ज्यादा की कुल सम्पत्ति है।

# थाने के सामने हो रही हत्या : अखिलेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में अपराधी खुलेआम हत्याएं कर रहे हैं। प्रदेश में कोई कहीं भी सुरक्षित नहीं है। थानों के सामने हत्याएं हो रही हैं। गाजियाबाद में एफआईआर लिखाने गए व्यक्ति की हत्या हो गयी। महिलाएं, बेटियों के साथ जघन्य घटनाएं हो रही हैं।

सपा प्रमुख ने शनिवार को कन्नौज में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि पुलिस वसूली करते पकड़ी जा रही है। हर जिले से वसूली और भ्रष्टाचार की शिकायतें आ रही हैं। भाजपा सरकार ने प्रदेश के टॉप-टेन माफिया की सूची तो जारी नहीं की। कम से कम इन्हें जिलों के ही टॉप-टेन माफिया की सूची जारी कर देनी चाहिए।

### वाटर हार्वेस्टिंग से जुड़े 17,557 कार्य किए गए पूरे

**अमृत विचार, लखनऊ :** जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाने की दिशा में योगी सरकार ने 'जल शक्ति अभियान : कैच द रेन 2025' के तहत उपलब्धियां दर्ज की हैं। 22 मार्च से 13 जून 2025 के बीच कुल 17,557 जल-संरक्षण कार्य या तो पूर्ण हो चुके हैं या प्रगति पर हैं। मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में यह अभियान सिर्फ एक सरकारी पहल नहीं, बल्कि जन-भागीदारी से जन-जागरूकता का पर्याय बन गया है।

### 16 हजार से अधिक अमृत सरोवर तैयार गोरखपुर सबसे आगे

**अमृत विचार, लखनऊ :** जल संकट से निपटने और जल स्रोतों को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से राज्य में 16 हजार से अधिक अमृत सरोवर तैयार हो गए हैं। इस अभियान में गोरखपुर जिला सबसे आगे रहा, जहां 735 अमृत सरोवरों का निर्माण किया गया। महराजगंज में 600 से अधिक व प्रयागराज में 523 अमृत सरोवर बनाकर जल संरक्षण को बढ़ावा दिया गया। आजमगढ़ और बाराबंकी भी टॉप फाइव जिलों में शामिल है।

# औद्योगिक भूखंड आवंटन की तैयारी शुरू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस की कनेक्टिविटी होते ही गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) ने ग्रेटर गीडा के रूप में विकसित होने वाले धुरियापार इंडस्ट्रियल टाउनशिप में औद्योगिक भूखंडों के आवंटन की तैयारी तेज कर दी है। इस बीच शासन ने धुरियापार इंडस्ट्रियल टाउनशिप के मास्टर प्लान को अनुमोदित कर दिया है। भूखंड आवंटन की प्रक्रिया सप्ताह भीतर शुरू होने की उम्मीद है।

- **शासन ने धुरियापार इंडस्ट्रियल टाउनशिप का मास्टर प्लान मंजूर किया**

बीते 8 साल में योगी सरकार की इन्वेस्टर्स फ्रेंडली नीतियों, प्रोत्साहन और लगातार सुदृढ़ हुई रोड कनेक्टिविटी से गोरखपुर निवेशकों को खासा पसंद आया है। धुरियापार क्षेत्र के 17 गांवों को भूमि अधिग्रहण के लिए अधिसूचित किया गया। वर्तमान में भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया जारी है और अब तक 600 एकड़ से अधिक जमीन अधिग्रहित की जा चुकी है। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस

- **शुरुआती चरण में दो सेक्टर में लगेंगे उद्योग, अडानी ग्रुप ने भी मांगी है जमीन**

इस इंडस्ट्रियल टाउनशिप के लिए गेम चेंजर साबित होने जा रहा है। एक्सप्रेस कनेक्टिविटी के नजदीक होने के चलते इंडस्ट्रियल टाउनशिप निवेशकों को तेजी से आकर्षित कर रहा है। अडानी समूह ने यहां एसीसी ब्रांड की सीमेंट फैक्ट्री की यूनिट लगाने के लिए जमीन देखी है। श्री सीमेंट और केयान डिस्टिलरी ने भी नया प्लांट लगाने के लिए जमीन की मांग की है। इसके अलावा कई अन्य औद्योगिक समूह यहां निवेश में रुचि दिखाई है। यही नहीं सरकार इस टाउनशिप में एक इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग कलस्टर भी बनाने की तैयारी कर रही है।

गीडा की मुख्य कार्यपालक अधिकारी अनुज मलिक बताती हैं कि जल्द ही यहां औद्योगिक भूखंडों का आवंटन प्रारम्भ कर दिया जाएगा। उनके मुताबिक शुरुआती दौर में दो औद्योगिक सेक्टर्स में जमीनों का आवंटन किया जाएगा। भूमि अधिग्रहण और आवंटन की प्रक्रिया साथ-साथ चलती रहेगी।

## वर्ग पहेली-9

**बाएं से दाएं**

2.1. अघ अथवा पाप करने वाला 2. पातकी, पापी।

3.1. (संगीत) अपने नियत स्वर या सुर से हटा हुआ 2. (व्यक्ति) जो सही स्वर में न गाता हो 3. ठीक समय पर न होने वाला, बेमौका।

4.1. अतिशय रूप देने की क्रिया 2. बढ़ा-चढ़ाकर दिया गया स्पष्टीकरण 3. परम अधिकता का भाव।

6. किसी अन्य की बराबरी करने की इच्छा

8.1. वह भूमि जिसपर सरकार का अधिकार हो, सरकारी ज़मीन 2. ऊपर से नीचे गिरने या उतरने की क्रिया या भाव 3. सामने उपस्थित होना 4. नजला नामक रोग जिसमें नाक बहती है।

9.1. फ़सल की कटाई 2. कटे हुए फ़सल के डंठल का मुट्ठा 3. बछिया।

**ऊपर से नीचे**


1. कामदेव, मदन।

2. योगसाधना में सहस्रदल कमल के मध्य स्थित चंद्रबिंदु की प्रेरणा से होने वाला एक प्रकार का स्राव जिसे अमृत

4.1. वह जो आगे बढ़कर अगवानी या स्वागत करता है 2. अगवानी 3. (परंपरा) कन्या पक्ष के वे लोग जो आगे बढ़कर बरात का स्वागत करते हैं।

5.1. कृपालु, दयालु 2. करम करने वाला 3. उदार, नेक, क्षमाशील।

7.1. लंबी विलायती घास जो मैदानों में लगाई जाती है 2. ब्रिटेन में प्रचलित एक प्रकार का सोने का सिक्का जो इक्कीस शिलिंग का होता है।



### वर्ग पहेली -8 का हल




## सुडोकू -16

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 7 | 8 | | 6 | | | |
| | 1 | | 4 | | | | | 9 |
| | | | | 3 | | | | 5 |
| 9 | | 5 | | 2 | | | 8 | |
| | | | | | | | | |
| | 6 | | | 1 | | 3 | | 4 |
| 2 | | | 9 | 6 | | | | 7 |
| 4 | | 6 | | | 3 | | 1 | |
| | | | | | 5 | 6 | | |

### सुडोकू - 15 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 9 | 7 | 3 | 1 | 2 | 8 | 5 |
| 5 | 3 | 2 | 6 | 8 | 4 | 7 | 9 | 1 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 2 | 5 | 4 | 6 | 3 |
| 1 | 4 | 5 | 3 | 7 | 8 | 9 | 2 | 6 |
| 7 | 2 | 8 | 1 | 9 | 6 | 5 | 3 | 4 |
| 6 | 9 | 3 | 4 | 5 | 2 | 8 | 1 | 7 |
| 9 | 1 | 6 | 8 | 4 | 7 | 3 | 5 | 2 |
| 3 | 5 | 7 | 2 | 6 | 9 | 1 | 4 | 8 |
| 2 | 8 | 4 | 5 | 1 | 3 | 6 | 7 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति :22 जून, रविवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, द्वादशी- 23 जून 01.21 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पश्चिम। **ऋतु**- ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुम्भ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-भरणी 05.38 तक तत्पश्चात कृतिका।



मेष

आज कार्यक्षेत्र में आपकी सराहना होगी। अनुसंधान संबंधी प्रोजेक्ट्स से जुड़े हुए लोगों को बड़ी सफलता मिल सकती है। आज आप परिवार को पर्याप्त समय देंगे। छोटे कारोबारियों की आय में वृद्धि होगी। धार्मिक कार्यकलापों में आपकी रुचि बढ़ेगी।



वृष

आज घर में किसी बात के कारण आपके ऊपर दबाव बन सकता है। किसी अपने के व्यवहार से आपका हृदय व्यथित हो सकता है। अपने शत्रुओं को कमजोर समझने की गलती न करें। छात्र अपने करियर को लेकर थोड़े भ्रमित हो सकते हैं।



मिथुन

आज जॉब में स्थान-परिवर्तन करने के लिए दिन शुभ है। नई पॉलिसी में धन निवेश कर सकते हैं। वैवाहिक जीवन प्रेम और रोमांस से भरपूर रहने वाला है। होटल और पर्यटन से जुड़े कारोबार में आय काफी तेजी से बढ़ने की सम्भावना है। घर में मेहमानों का आगमन हो सकता है।



कर्क

आज आप अपने सहकर्मियों और विरोधियों के ऊपर काफी हावी रहेंगे। कई दिनों से चला आ रहा तनाव आज दूर होगा। समाज में आपका काफी सम्मान बढ़ने वाला है। परिजनों के साथ शॉपिंग के लिए जा सकते हैं। कारोबार में नये सहयोगी जुड़ सकते हैं।



सिंह

आज आपके सुझावों से लोगों को काफी अच्छा लाभ होगा। शत्रु आपका मनोबल तोड़ने का प्रयास करेंगे पर सफल नहीं होंगे। अध्यात्मिक विषयों और दर्शन को लेकर उत्साहित रहेंगे। उच्च अधिकारियों के लिये आज का दिन शान्तिदायक हो सकता है।



कन्या

आज शुगर के रोगियों को तनाव और अत्यधिक मेहनत वाले कार्यों से बचना चाहिए। आपको अपनी छवि की काफी चिंता रहेगी। यात्रा अत्यन्त खर्चीली और उदासीन हो सकती है। अपनी कमजोरियों पर पर्दा न डालें। कार्यक्षेत्र में आपकी इच्छानुसार काम होंगे।



तुला

आज आप अपने लक्ष्य को लेकर काफी सक्रिय रहेंगे। वैवाहिक जीवन की उथल-पुथल शांत हो सकती है। शुभचिंतक आपको अच्छी सलाह देने का प्रयास करेंगे। कारोबार में विस्तार करने के लिए अच्छा समय है। प्रेम संबंधों में परस्पर विश्वास और मजबूती बढ़ेगी।



वृश्चिक

आज परिजनों के साथ आप अच्छा समय बितायेंगे। अति आत्मविश्वासी रवैये से आपको बचना चाहिए। आपके ऊपर जिम्मेदारियों का दबाव बढ़ेगा। लेकिन आप सब आसानी से संभाल लेंगे। विरोधी आपके हितैषियों से आलोचना कर सकते हैं।



धनु

आज कार्यक्षेत्र में अचानक धन लाभ हो सकता है। संतान के करियर की चिन्ता दूर होगी। आज आप दोस्तों के साथ अच्छा समय बितायेंगे। रचनात्मक विचारों के कारण लोगों के बीच आपकी लोकप्रियता में वृद्धि हो सकती है। साझेदारों के साथ मतभेद दूर होंगे।



मकर

आज संपत्ति के क्रय-विक्रय को लेकर विवाद हो सकता है। धन को लेकर किसी से वादा न करें। यदि काम पर आप एकाग्र नहीं हो पा रहे हैं तो आपको कुछ नया सीखने का प्रयास करना चाहिए। अपने निजी कार्य दूसरों के विश्वास में न छोड़ें।



कुंभ

आज आपकी आर्थिक स्थिति काफी अच्छी रहेगी। यदि आप जॉब बदलना चाह रहे हैं तो दिन विशेष रूप से अनुकूल है। व्यवसाय में बड़े ऑर्डर मिल सकते हैं। निजी संबंधों की समस्या को सुलझा लेंगे। जीवनसाथी के साथ घूमने जा सकते हैं।



मीन

आज अधीनस्थ कर्मचारियों के कारण आपके काम में कुछ परेशानियां आ सकती हैं। अपरिचित लोगों से अपनी निजी बातें शेयर न करें। आप अपनी ही बातों में उलझ जाते हैं। इसीलिए शब्दचयन में विशेष सावधानी रखें। काम समय पर होने के कारण आपका मनोबल बढ़ा हुआ रहेगा।

## एक नजर

### राज्य का दर्जा बहाली में देरी पर फारूक जाएंगे कोर्ट

**अनंतनाग।** नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने शनिवार को कहा कि यदि जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने में अत्यधिक देरी हुई, तो उनकी पार्टी उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाएगी। फारूक ने दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के कोकेरनाग इलाके में पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक के बाद कहा, चुनाव के बाद लोग चाहते थे कि उनके मुद्दों का तुरंत समाधान हो, लेकिन राज्य का दर्जा हमें ऐसा करने से रोक रहा है। लोगों की कई मांगें हैं जैसे कि वे चाहते हैं कि विधायक अल्ताफ कालू मंत्री बनें, लेकिन जब तक राज्य का दर्जा बहाल नहीं हो जाता, यह कैसे संभव है?

### सोनम-राज को 13 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

**शिलांग।** मेघालय के शिलांग की अदालत ने इंदौर के व्यवसायी राजा रघुवंशी की हत्या में शनिवार को पत्नी सोनम रघुवंशी और उसके प्रेमी राज को 13 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। अधिकारियों ने बताया कि दो मुख्य आरोपियों राजा की पत्नी सोनम और राज की पुलिस हिरासत शनिवार को समाप्त हो गई।

### नाबालिग की पहचान को लेकर भाजपा नेता को नोटिस

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल बाल अधिकार संरक्षण आयोग (डब्ल्यूबीसीपीसीआर) ने भाजपा नेता अमित मालवीय को नाबालिग लड़की की पहचान उजागर करने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया है। लड़की का शव दक्षिण 24 परगना जिले के कैनिंग स्थित उसके घर से बरामद किया गया था। भाजपा की आईटी सेल के प्रभारी मालवीय ने एक्स पोस्ट किया था कि लड़की से सामूहिक दुष्कर्म हुआ और उसकी हत्या कर दी गई।

# ऑपरेशन सिंदूर से बताया भारत झुकेगा नहीं

## रक्षा मंत्री ने पाकिस्तान को चेतावनी दी कि आतंकवादी हमले हुए तो गंभीर परिणाम भुगतने होंगे

उधमपुर (जम्मू-कश्मीर), एजेंसी



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को पाकिस्तान को चेतावनी दी कि अगर भविष्य में कोई भी आतंकवादी हमले हुए तो उसे इसके गंभीर परिणाम भुगतने होंगे क्योंकि 'ऑपरेशन सिंदूर' अभी खत्म नहीं हुआ है और भारत आतंकवाद के खिलाफ किसी भी तरह की कार्रवाई करने को तैयार है। रक्षा मंत्री ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर उधमपुर स्थित उत्तरी कमान के जवानों के साथ योग किया।

राजनाथ ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तान को यह संदेश दिया कि भारत को हजार घाव देने की उसकी नीति कभी सफल नहीं होगी। सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने भी इस सत्र में भाग लिया। सिंह शुक्रवार को दो दिवसीय दौरे पर उधमपुर पहुंचे। ऑपरेशन सिंदूर के बाद यह उनकी दूसरी यात्रा थी। उन्होंने 15 मई को कश्मीर का दौरा किया था, जिसके कुछ दिन पहले भारत और पाकिस्तान ने एक-दूसरे के खिलाफ सैन्य कार्रवाई रोकने के लिए सहमति जताई थी। रक्षा मंत्री ने कहा ऑपरेशन सिंदूर के जरिए हमने पाकिस्तान को बता दिया कि भारत आतंकवाद के आगे झुकेगा और इसका जवाब बद से बदतर होगा। ऑपरेशन सिंदूर 2016 की सर्जिकल स्ट्राइक और 2019 की एयर स्ट्राइक का ही विस्तारित रूप है। रक्षा मंत्री ने कहा, भारत की धरती पर कोई भी आतंकी हमला पाकिस्तान के लिए विनाशकारी साबित होगा। भारत आतंकवाद के खिलाफ किसी भी तरह की कार्रवाई करने को तैयार है। ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सशस्त्र बलों ने सीमा पार आतंकियों के ठिकानों को नष्ट कर दिया। रक्षा मंत्री ने इसका श्रेय योग को दिया जो क्रोध पर काबू पाने में मदद करता है, शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाता है और शक्ति को नियंत्रित करता है। सिंह ने कहा कि पहलगाम हमले की योजना सीमा पार बनाई गई थी और यह महज एक आतंकवादी घटना नहीं थी बल्कि इसका उद्देश्य भारत की सामाजिक और सांप्रदायिक एकता को बिगाड़ना था। उन्होंने कहा, हमने न केवल उनकी योजनाओं को विफल किया बल्कि जवाबी कार्रवाई भी की जिससे पाकिस्तान को घुटने टेकने पड़े और उसके बाद ही हमने ऑपरेशन सिंदूर रोका।

### सीमा सुरक्षा और अमरनाथ यात्रा की दी गई जानकारी

**जम्मू।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को शनिवार को सेना के शीर्ष अधिकारियों ने जम्मू कश्मीर में मौजूदा सुरक्षा स्थिति की जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि इस बैठक में सीमावर्ती क्षेत्रों, आतंकवाद रोधी अभियानों और अगले महीने शुरू होने वाली अमरनाथ यात्रा पर ध्यान केंद्रित किया गया। सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी, उत्तरी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल प्रतीक शर्मा और सभी इकाइयों के कमांडिंग अफसरों सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उधमपुर स्थित उत्तरी कमान मुख्यालय में बैठक में शामिल हुए। अधिकारियों ने बताया कि बैठक में सीमावर्ती क्षेत्रों के साथ अंदरूनी इलाकों में आतंकवाद विरोधी अभियानों पर ध्यान केंद्रित किया गया। तीन जुलाई से शुरू होने वाली अमरनाथ यात्रा के सुचारू संचालन के लिए की गई बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था का सेना हिस्सा है।

# राजस्व विभाग के संरक्षक नहीं हैं उच्च न्यायालय

नई दिल्ली, एजेंसी



- बंबई हाईकोर्ट ने एक कंपनी को 256.45 करोड़ रुपये लौटाने के न्यायाधिकरण के निर्देश पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई रोक

सुप्रीम कोर्ट ने बंबई हाईकोर्ट के एक आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि हाईकोर्ट राजस्व विभाग के संरक्षक नहीं हैं। बंबई हाईकोर्ट ने एक कंपनी को 256.45 करोड़ रुपये लौटाने के न्यायाधिकरण के निर्देश पर रोक लगा दी है।

न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां और मनमोहन की पीठ ने कहा कि हाईकोर्ट यह मानते हुए न्यायाधिकरण के निर्देश पर रोक नहीं लगा सकता कि बेलापुर आयुक्तालय के सीजीएसटी और केंद्रीय उत्पाद शुल्क आयुक्त की ओर से दायर अपील विचारणीय नहीं थी। सुप्रीम कोर्ट ने बंबई हाईकोर्ट के 12 जून के आदेश पर रोक लगाते हुए कहा कि हाईकोर्ट राजस्व का संरक्षक नहीं है। शीर्ष अदालत की पीठ ने 20 जून के अपने आदेश में कहा, प्रथम दृष्टया, हाईकोर्ट अपील को विचारणीय नहीं मानने और यह दर्ज करने के बाद कि रिट याचिका तथा अपील अप्रयुक्त के रूप में निपटा दी गई हैं, स्थगन का आदेश पारित नहीं कर सकता था। सुप्रीम कोर्ट ने यह आदेश फर्म द्वारा हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया। पीठ ने कहा कि हाईकोर्ट ने एक रिट याचिका के साथ राजस्व विभाग की ओर से दायर अपील का भी निपटारा कर दिया है। इसने यह भी उल्लेख किया कि यह अपील केंद्रीय उत्पाद शुल्क अधिनियम, 1944 की धारा 35जी के तहत मुंबई में सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क और सेवा कर अपीलीय न्यायाधिकरण (सीईएसटीएटी) के जनवरी 2025 के आदेश के खिलाफ दायर की गई थी। न्यायाधिकरण ने फर्म की सेवा-कर अपील को अनुमति दी थी।

## सीमा पर योग



11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर भारतीय सेना के जवानों ने ऊंचे पर्वतीय इलाकों से लेकर सीमावर्ती क्षेत्रों तक एकजुट होकर योगाभ्यास किया। यह वीडियो देशभक्ति और मानसिक-शारीरिक संतुलन का अद्भुत प्रतीक बना।। एजेंसी

# राहुल देश की प्रगति को कमतर आंकने में व्यस्त : भाजपा

नई दिल्ली, एजेंसी

- कांग्रेस नेता के मेक इन इंडिया को लेकर दिए बयान पर भाजपा ने किया पलटवार

भाजपा ने शनिवार को राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश में हो रहे बदलाव कांग्रेस नेता को नहीं दिख रहे क्योंकि वह देश की प्रगति को कमतर आंकने में व्यस्त हैं। भाजपा का यह बयान राहुल गांधी द्वारा प्रधानमंत्री मोदी पर प्रहार करने के बाद आया है।

कांग्रेस नेता ने कहा था कि मोदी को नारे देने की कला में महारत हासिल है, लेकिन कोई समाधान नहीं दिया। उन्होंने दावा किया कि मेक इन इंडिया पहल के बावजूद भारत में विनिर्माण रिकॉर्ड निम्न स्तर पर है। इस पर पलटवार करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने एक्स पर कहा, राहुल, भारत में हर कोई परिवर्तन देख सकता है, सिवाय आपके। शायद इसलिए कि आप भारत की प्रगति को कमतर आंकने में इतने व्यस्त हैं कि आपको इस बारे में पता ही नहीं है। ऑपरेशन सिंदूर भारत की विनिर्माण क्षमता का नवीनतम और ऐतिहासिक उदाहरण है। मेक इन इंडिया के तहत हुई प्रगति के आंकड़ों का हवाला देते हुए आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने कहा कि राहुल गांधी के विमर्श पुराने, गलत सूचना वाले और वास्तविकता से दूर हैं। उन्होंने एक्स' कहा, भारत आगे बढ़ रहा है। भारत नेतृत्व कर रहा है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत आयातक से वैश्विक विनिर्माण महाशक्ति बन गया है। भंडारी ने कहा कि 2014 से प्रधानमंत्री के नेतृत्व में इंजीनियरिंग निर्यात में 60% की वृद्धि हुई है, जबकि रक्षा निर्यात 686 करोड़ से बढ़कर 23,000 करोड़ से अधिक का हो गया है।

### नए विचारों के बिना प्रधानमंत्री ने सरेंडर कर दिया: राहुल गांधी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि देश में विनिर्माण रिकॉर्ड निचले स्तर पर है और इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं को सिर्फ असेंबल और आयात किया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने इस संदर्भ में नए विचारों के बिना सरेंडर कर दिया है। राहुल ने दिल्ली के नेहरू प्लेस में लैपटॉप और मोबाइल की दुकान का दौरा किया। इसका वीडियो उन्होंने साझा किया।

# भारत माता विवाद पर सड़कों पर प्रदर्शन

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

- भारत माता की तस्वीर पर राज्यपाल आर्लेकर और एलडीएफ सरकार में तल्खी

केरल के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर को लेकर भारत माता की तस्वीर पर उठे विवाद के कारण शनिवार को विरोध प्रदर्शन और तीखी बयानबाजी हुई। इससे पहले प्रदेश में सत्तारूढ़ माकपा के आधिकारिक मुखपत्र में राजभवन के खिलाफ एक कड़ा संपादकीय प्रकाशित किया गया।

राजभवन के कार्यक्रमों के दौरान भारत माता की तस्वीर प्रदर्शित करने को लेकर राज्यपाल आर्लेकर और माकपा नेतृत्व वाले एलडीएफ सरकार में तल्खी दिखी है। राज्य में सत्तारूढ़ माकपा के मुखपत्र देशाभिमानी में लिखे संपादकीय में कहा गया है कि राजभवन आरएसएस की शाखा नहीं है। राजभवन से जारी ताजा तस्वीरों के अनुसार, राज्यपाल ने शनिवार को आयोजित योग दिवस समारोह के दौरान भारत माता की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की।

वामपंथी पार्टी के ट्रेड यूनियन संगठन सीटू (सीआईटीयू) ने राजभवन की ओर विरोध मार्च निकाला और राज्यपाल पर आरोप लगाया कि वे राजभवन को आरएसएस का केंद्र बनाने तथा संविधान का उल्लंघन करने की कोशिश कर रहे हैं। छात्र संगठन एसएफआई (स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया) ने केरल विवि के संस्कृत कॉलेज के सामने बैनर लगाया, जिसमें लिखा था कि राजभवन आरएसएस की संपत्ति नहीं है। कोझिकोड में भाजपा की युवा शाखा, भाजयुमो ने सामान्य शिक्षा मंत्री वी. शिवनकुट्टी के खिलाफ काले झंडे लहराए। मंत्री ने राजभवन में भारत माता की तस्वीर लगाने के विरोध में हाल ही में कार्यक्रम का बहिष्कार किया था। पुलिस ने संगठन के कार्यकर्ता को तुरंत हिरासत में ले लिया, लेकिन थोड़ी ही देर में पहुंचे एसएफआई कार्यकर्ताओं ने जिले के थाली इलाके में उसे धक्का दिया और मारपीट की।

# वायुसेना ने दान किए गए अंगों को पुणे से दिल्ली पहुंचाया

**नई दिल्ली।** भारतीय वायुसेना और सशस्त्र बल चिकित्सा सेवाओं ने रात भर के अभियान के बाद एयरलिफ्ट करके दान किए अंगों - एक लीवर और दो गुर्दे को पुणे के कमांड अस्पताल से दिल्ली के आर्मी अस्पताल में पहुंचाया। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।



अंगों को एक ब्रेन-डेड व्यक्ति द्वारा दान किया गया था, जो एक सेवारत सैनिक का आश्रित था। ब्रेन डेड होना उस शारीरिक अवस्था को कहते हैं, जब उसका दिमाग क्रिया और प्रतिक्रिया करना बंद कर देता है और कानूनन उसे मृत माना जाता है। वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, वायु सेना और सशस्त्र बल चिकित्सा सेवाओं ने दान किए अंगों को एयरलिफ्ट कर कमांड अस्पताल, पुणे से दिल्ली के आर्मी अस्पताल (आर एंड आर) में पहुंचाया।

# 2029 के चुनाव में अपनी भूमिका पर बोले केंद्रीय मंत्री गडकरी- फिल्म अभी बाकी है

नागपुर, एजेंसी

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने शनिवार को 2029 के आम चुनाव में अपनी भूमिका पर कहा कि 11 वर्षों में जो कुछ देखा गया वह सिर्फ एक न्यूज रील थी और असली फिल्म अभी आनी बाकी है। गडकरी ने कहा कि पार्टी ही जिम्मेदारियां तय करती है और जो भी जिम्मेदारी तय हो, उसे वह निभाएंगे।

उन्होंने मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर पूर्व भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि उनकी व्यक्तिगत इच्छा विदर्भ में किसानों की आत्महत्या रोकने की दिशा में काम करना है। केंद्रीय मंत्री गडकरी ने कहा, आजकल मैं सड़क निर्माण के बजाय कृषि और अन्य सामाजिक पहलों पर अधिक काम करता हूं।



- गडकरी ने कहा- पार्टी तय करेगी जिम्मेदारियां, उसे वह निभाएंगे

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत की प्रति व्यक्ति आय दुनिया में शीर्ष 10 में जनसंख्या के कारण नहीं है। जनसंख्या नियंत्रण विधेयक का समर्थन करते हुए उन्होंने कहा कि यह कोई धार्मिक या भाषाई मुद्दा नहीं है। यह आर्थिक मुद्दा है। इतना विकास होने के बावजूद, परिणाम दिखाई नहीं दे रहे हैं। इसका कारण बढ़ती जनसंख्या है। गडकरी ने 2014 से सत्तासीन मोदी सरकार की विभिन्न उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।

## कारोबार/कृषि

# शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 1.39% घटा

## सरकारी आंकड़ों के अनुसार कर संग्रह 4.59 लाख करोड़ रुपये रहा

- कर संग्रह में गिरावट और ज्यादा रिफंड के कारण अग्रिम कर संग्रह नरम रहा

नई दिल्ली, एजेंसी




चालू वित्त वर्ष (2025-26) में अब तक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह सालाना आधार पर 1.39 प्रतिशत घटकर 4.59 लाख करोड़ रुपये रहा। सरकार द्वारा शनिवार को जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। कर संग्रह में गिरावट और ज्यादा रिफंड के कारण अग्रिम कर संग्रह नरम रहा।

आंकड़ों के अनुसार, एक अप्रैल से 19 जून, 2025 के दौरान अग्रिम कर संग्रह मात्र 3.87% बढ़कर 1.56 लाख करोड़ रुपये रहा। पिछले साल में तुलनात्मक अवधि में, अग्रिम कर संग्रह में 27% की वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई थी। कॉरपोरेट्स द्वारा चुकाया गया अग्रिम कर 5.86% की वृद्धि के साथ 1.22 लाख करोड़ रुपये हो गया, जबकि व्यक्तियों, एचयूएफ और फर्मों सहित गैर-कॉरपोरेट द्वारा चुकाया गया कर 2.68% की गिरावट के साथ 33,928 करोड़ रुपये रह गया। अग्रिम कर का भुगतान चार किस्तों - जून, सितंबर, दिसंबर और मार्च में में किया जाता है।

### रिफंड जारी करने की राशि में 58% की वृद्धि

चालू वित्त वर्ष में 19 जून तक रिफंड जारी करने की राशि 58% बढ़कर 86,385 करोड़ रुपये हो गई। चालू वित्त वर्ष में अब तक सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह 5 .45 लाख करोड़ रहा, जो एक साल पहले की समान अवधि से 4 .86% अधिक है। कुल मिलाकर, शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह एक अप्रैल से 19 जून, 2025 के दौरान लगभग 4 .59 लाख करोड़ रहा, जो 2024 में इसी अवधि में एकत्र किए गए 4 .65 लाख करोड़ से 1.39% कम है।

### कॉरपोरेट कर संग्रह में 1.73 लाख करोड़ की मंदी

एक अप्रैल से 19 जून, 2025 के दौरान शुद्ध कॉरपोरेट कर संग्रह में लगभग 1.73 लाख करोड़ रुपये की मंदी देखी गई, जो पिछले साल की तुलना में 5% से अधिक की गिरावट है। गैर-कॉरपोरेट कर संग्रह, जिसमें मुख्य रूप से व्यक्तिगत आयकर शामिल है, 0 .7% की मामूली वृद्धि के साथ 2 .73 लाख करोड़ रुपये हो गया। इस अवधि के दौरान प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) 12 प्रतिशत बढ़कर 13,013 करोड़ रुपये हो गया। चालू वित्त वर्ष (2025-26) में सरकार ने प्रत्यक्ष कर संग्रह 25 .20 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान लगाया है, जो पिछले साल की तुलना में 12 .7 प्रतिशत अधिक है। सरकार ने 19 जून तक अपने प्रत्यक्ष कर लक्ष्य का 18 .21 प्रतिशत संग्रह किया है। सरकार का लक्ष्य चालू वित्त वर्ष में एसटीटी से 78,000 करोड़ रुपये एकत्र करना है।

# सरकार ने सौर ऊर्जा स्थापना में तेजी को स्टार्टअप किया शुरू

**नई दिल्ली।** नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) ने शनिवार को 2.3 करोड़ रुपये की स्टार्टअप नवाचार चुनौती शुरू करने की घोषणा की। इसका उद्देश्य देश में छत वाले सौर पैनल की स्थापना और नवीकरणीय ऊर्जा स्वीकार्यता में तेजी लाना है।

मंत्रालय ने कहा कि इस नवाचार चुनौती का उद्देश्य छत वाले सौर (रूफटॉप सोलर) और वितरित नवीकरणीय ऊर्जा पारिस्थितिकी तंत्र के लिए सफल समाधानों की पहचान करना और उनका समर्थन करना है। नवीकरणीय ऊर्जा कार्यबल के लिए कौशल विकास पर राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान रूफटॉप सोलर (आरटीएस) और वितरित अक्षय ऊर्जा (डीआरई) प्रौद्योगिकियों पर अभिनव परियोजना 'स्टार्ट-अप चैलेंज' का शुभारंभ किया गया।

# डिबेंचर : सुरक्षित और स्थिर आय का स्रोत

डिबेंचर का उपयोग कंपनियां पूंजी जुटाने के लिए जारी करती हैं। यह निश्चित अवधि के लिए होता है और इस पर निवेशक को निश्चित ब्याज मिलता है। डिबेंचर में निवेश करने वाले व्यक्ति कंपनी के शेयरधारक नहीं होते, बल्कि वे कंपनी को उधार देने वाले होते हैं। निवेशक को परिपक्वता पर मूलधन लौटाया जाता है और नियमित ब्याज मिलता है। यह निवेश उनके लिए उपयुक्त है जो सुरक्षित और स्थिर आय चाहते हैं। हालांकि, इसमें कुछ जोखिम भी होते हैं जैसे डिफॉल्ट रिस्क, ब्याज दर में बदलाव आदि।



### क्या है डिबेंचर

- डिबेंचर लिखित वादा है, जिसमें कंपनी यह आश्वासन देती है कि वह एक निश्चित ब्याज दर पर तय समय में निवेशक को पैसा चुकाएगी। ये सिक्योर्ड और अनसिक्योर्ड हो सकते हैं, यानि कुछ डिबेंचर परिसंपत्तियों से सुरक्षित होते हैं और कुछ नहीं।

### कैसे करें निवेश

- निवेशक डिबेंचर को प्राथमिक बाजार से आईपीओ के जरिए या द्वितीयक बाजार से खरीद सकते हैं। डीमैट अकाउंट के जरिए डिबेंचर में निवेश करना होता है। रेटेड डिबेंचर (क्रिसिल, आईसीआरए जैसी एजेंसियों की ओर से रेटेड) को प्राथमिकता देना चाहिए।

### जोखिम पर भी रहे ध्यान

- **डिफॉल्ट रिस्क :** कंपनी दिवालिया हो जाए तो भुगतान नहीं हो सकता।
- **ब्याज दर :** मार्केट में ब्याज दर बढ़ने पर डिबेंचर की वैल्यू घट सकती है।
- **लिक्विडिटी रिस्क :** द्वितीयक बाजार में इन्हें बेचना कठिन हो सकता है।

### निवेशकों को लाभ

- **निश्चित आय :** डिबेंचर पर तय ब्याज मिलना।
- **जोखिम :** उच्च-रेटिंग वाले डिबेंचर सुरक्षित।
- **की सुरक्षा :** तय समय पर मूलधन मिलना।
- **डायवर्सिफिकेशन :** पोर्टफोलियो में विविधता।

### ध्यान देने योग्य बातें

- कंपनी की क्रेडिट रेटिंग की जांच करें। निवेश की अवधि और ब्याज दर को समझें। कर और परिपक्वता विकल्प का आकलन करें।

# म्यूचुअल फंड नियमों को निवेशकों, उद्योग के लिए अधिक अनुकूल बनाने की योजना: सेबी

कोलकाता, एजेंसी

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) म्यूचुअल फंड नियमों की व्यापक समीक्षा कर रहा है ताकि उन्हें अधिक निवेशक-केंद्रित और उद्योग-अनुकूल बनाया जा सके। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी।

सेबी के कार्यकारी निदेशक मनोज कुमार ने इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स (आईसीसी) के 17वें म्यूचुअल फंड शिखर सम्मेलन में कहा, हम नियामक सहित सभी हितधारकों के लिए कारोबार को आसान बनाने के लिए संपूर्ण म्यूचुअल फंड नियामक ढांचे की समीक्षा कर रहे हैं। हितधारकों ने कहा कि इस क्षेत्र को नियंत्रित करने वाले मौजूदा नियम सबसे लंबे हैं और निवेशकों की उभरती जरूरतों और उद्योग के नवाचारों के साथ तालमेल बनाए रखने के लिए सरलीकरण की जरूरत है। कुमार ने नए नियमों के लागू होने की कोई समयसीमा बताए बिना कहा, प्रक्रिया शुरू हो गई है और जल्द ही हम प्रतिक्रिया और परामर्श प्रक्रिया के लिए मसौदा नियम लेकर आएंगे। कुमार ने भारत के प्रतिभूति बाजार को मजबूत करने के लिए नियामक के रणनीतिक खाके को रेखांकित किया, जिसमें म्यूचुअल फंड को समावेशी वित्तीय विकास और निवेशक संरक्षण को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में स्थापित किया गया है।



# लॉजिस्टिक मंचों से गत वर्ष गिग भर्तियों में 92% वृद्धि

मुंबई, एजेंसी

- भर्ती मंच वर्कइंडिया की रिपोर्ट में दी गई जानकारी

पिछले साल गिग नौकरियों (ऑनलाइन मंच के लिए अस्थायी नौकरी) या फ्रीलांस (काम के आधार पर) अवसरों में सालाना आधार पर 92% की वृद्धि हुई है। भर्ती मंच वर्कइंडिया की रिपोर्ट में कहा गया कि यह ई-कॉमर्स, खानपान की आपूर्ति करने वाले (फूड डिलीवरी) और राइड-हेलिंग मंचों के विस्तार से मजबूत, मांग आधारित श्रम पर बढ़ती निर्भरता को दर्शाता है।

वर्कइंडिया के सीईओ नीलेश डूंगरवाल ने बताया, त्वरित वाणिज्य जैसी कंपनियों ने न केवल मांग पैदा की है, बल्कि उन्होंने आय के एक विश्वसनीय स्रोत के रूप में मान्यता दी है। कई उम्मीदवारों के लिए, विशेष रूप से छोटे शहरों में, डिलीवरी जॉब अब अस्थायी भूमिका नहीं रह गई है, बल्कि वे व्यवहार्य करियर विकल्प हैं। दिल्ली, अहमदाबाद और कोलकाता जैसे शहर लॉजिस्टिक्स नौकरियों के लिए केंद्र के रूप में उभरे हैं, जिनमें से प्रत्येक ने डिलीवरी से संबंधित नौकरी पोस्टिंग में वृद्धि दर्ज की है।

# संसदीय समिति ने दालों, तिलहनों का आयात बढ़ने पर चिंता जताई, सरकार ने कहा- बढ़ रहा है उत्पादन

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने एक संसदीय समिति को बताया कि 10 वर्षों में दालों और खाद्य तेलों का घरेलू उत्पादन एक दशक पहले की तुलना में अधिक गति से बढ़ा है। दूसरी ओर सांसदों ने मांग को पूरा करने के लिए आयात पर भारत की निर्भरता पर चिंता जताई है।

कृषि, पशुपालन और खाद्य प्रसंस्करण संबंधी संसद की स्थायी समिति के समक्ष प्रस्तुतीकरण में कहा गया कि 2023-24 में 156.6 लाख टन का आयात, खाद्य तेलों की घरेलू मांग का 56% है। सूत्रों ने कहा कि कृषि मंत्रालय ने 20 जून की बैठक में इस क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के लिए किए जा रहे कार्यों पर जोर दिया और कहा कि 2014-15 और 2024-25 के बीच तिलहन उत्पादन में 55% की वृद्धि हुई है। तीसरे अग्रिम अनुमान में पिछले वित्त वर्ष में तिलहन उत्पादन 426.09 लाख टन होने का अनुमान है। इस तरह 2004-05 और 2014-15 के बीच 13% की वृद्धि हुई थी। सूत्रों ने कहा कि देश पाम तेल की मांग को पूरा करने के लिए पूरी तरह से आयात पर निर्भर है। कुछ सांसदों ने अपेक्षाकृत सस्ते खाद्य तेल से जुड़े स्वास्थ्य संबंधी खतरों का जिक्र किया। मंत्रालय ने कहा कि खाद्य तेल आयात पर भारत की भारी निर्भरता से सालाना 80,000 करोड़ रुपये से अधिक का भार पड़ रहा है।



- 156.6 लाख टन का आयात खाद्य तेलों की मांग का 56%



शतक बनाने के बाद जश्न मनाने के लिए कार्टव्हील करते हुए ऋषभ पंत। ● एजेंसी

# तीन शतकों के बावजूद भारतीय टीम 471 रन पर सिमटी

## पहले टेस्ट का दूसरा दिन : इंग्लैंड ने चायकाल तक एक विकेट पर बनाए 107 रन, बुमराह ने लिया एकमात्र विकेट

**लीड्स, एजेंसी**

रिषभ पंत (134) के शानदार शतक के बावजूद बेन स्टोक्स (66 रन पर चार विकेट) और जोश टोंग (86 रन पर चार विकेट) की अनुशासित गेंदबाजी के चलते इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन शनिवार को भारत की पहली पारी 471 रन पर सिमट गयी। इंग्लैंड ने चायकाल तक एक विकेट खोकर 107 रन बना लिए थे। बेन डकेट (53) और ओली पोप (48) के बीच 103 रन की शतकीय भागीदारी हो चुकी थी।

जसप्रीत बुमराह ने जैक क्राली (4) का विकेट पारी के पहले ही ओवर में चटका कर शानदार शुरुआत की थी मगर बाद में डकेट और पोप की जोड़ी ने इंग्लैंड को संभाल लिया। इससे पहले शुभमन गिल (147),यशस्वी जायसवाल (101) और पंत के शतक की बदौलत शनिवार को एक बड़े स्कोर की ओर बढ़ रहे भारत की पहली पारी को करारा झटका लगा जब लंच के 20 मिनट पहले एक के बाद एक मध्यक्रम के चार बल्लेबाज पवेलियन लौट गये। भारत की पारी को समेटने में स्टोक्स और टोंग की भूमिका अहम रही। के एल राहुल (42) और रविंद्र जडेजा (11) के अलावा अन्य पांच बल्लेबाज अपने निजी स्कोर को दहाई के अंक तक पहुंचाने में असफल रहे। करुण नायर और जसप्रीत बुमराह तो अपना खाता भी नहीं खोल सके वहीं प्रसिद्ध कृष्णा और शार्दुल ठाकुर ने एक एक रन का योगदान दिया।

भारत ने अपनी पहली पारी के कल के स्कोर तीन विकेट पर 359 से आगे खेलना शुरु किया और कप्तान गिल (147) के साथ रिषभ पंत ने खेल के पहले सत्र की शुरुआत शानदार तरीके से की। दोनो बल्लेबाजों ने मैदान के चारों ओर कई दर्शनीय शाट्स लगाये। दोनो के खेल को देख कर लग रहा था कि भारत एक विशाल स्कोर की पटकथा लिखने में सफल होगा। पंत ने इस बीच अपना अपने करियर का सातवों शतक छक्के के साथ पूरा किया। इंग्लैंड को आज पहली सफलता लंच के करीब 20 मिनट पहले मिली जब स्पिनर शोयब बशीर की गेद को उड़ाने के प्रयास में गिल डीप बैकवर्ड स्कैवयर लेग पर खड़े जोश टोंग के हाथों लपके गये। उन्होने अपनी शानदार शतकीय पारी में 227 गेंद खेलकर 19 चौके और एक छक्का लगाया। गिल के आउट होने के बाद करुण नायर बेन स्टोक्स की गेंद पर दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से एक्सट्रा कवर पर लपके गये। पोप ने हवा में उछल कर उनका कैच पकड़ा।


इंग्लैंड को बेन डकेट को आउट करने की जोरदार अपील करते हुए जसप्रीत बुमराह। ● एजेंसी

### भारत पहली पारी

**471/10** (113 ओवर)

| | |
|---|---|
| यशस्वी जायसवाल बो स्टोक्स | 101 |
| केएल राहुल का रूट बो कार्स | 42 |
| सुदर्शन का स्मिथ बो स्टोक्स | 00 |
| शुभमन गिल का टंग बो बशीर | 147 |
| ऋषभ पंत पगबाधा बो टंग | 134 |
| करूण नायर का पोप बो स्टोक्स | 00 |
| रविंद्र जडेजा बो टंग | 11 |
| शार्दुल ठाकुर का स्मिथ बो स्टोक्स | 01 |
| जसप्रीत बुमराह का ब्रूक बो टंग | 00 |
| मोहम्मद सिराज नाबाद | 03 |
| प्रसिद्ध कृष्णा बो टंग | 01 |

**अतिरिक्त** : 31 रन, गेंदबाजी : वोक्स 24- 4-103-0, कार्स 22-5-96-1, टंग 20-0-86-4, स्टोक्स 20-1-66-4, बशीर 27-6-100-1

## सर्वाधिक टेस्ट शतक जड़ने वाले भारतीय विकेटकीपर बने पंत, धोनी को पछाड़ा

लीड्स, एजेंसी : ऋषभ पंत टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले भारतीय विकेटकीपर बन गए हैं। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के दूसरे दिन शुक्रवार को कैरियर का सातवां टेस्ट शतक लगाकर महेंद्र सिंह धोनी को पछाड़ा। इस उपलब्धि के लिए महान बल्लेबाजों सचिन तेंदुलकर और सुनील गावस्कर ने पंत की सराहना की। पंत ने भारतीय पारी के सौवें ओवर की पहली गेंद पर शोएब बशीर को छक्का लगाकर इस आंकड़े को छुआ। यह सितंबर 2024 के बाद उनका पहला शतक है जब उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ 109 रन बनाये थे। धोनी ने 90 टेस्ट में 4876 रन बनाये जिसमें छह शतक और 33 अर्धशतक शामिल हैं। पंत ने इस पारी के साथ ही 3000 टेस्ट रन भी पूरे किए। वह 44 टेस्ट में करीब 44 की औसत से 15 अर्धशतक भी लगा चुके हैं। इस सूची में तीसरा नाम रिधिमान साहा का है जिन्होंने दो शतक लगाये हैं। सैयद किरमानी और फारूख इंजीनियर ने भी दो-दो टेस्ट शतक लगाए हैं, जबकि नयन मोंगिया के नाम एक टेस्ट शतक है। पंत के प्रयास की तेंदुलकर ने सराहना की और उनके पैडल स्वीप खेलने को समझदारी भरा कदम बताया। तेंदुलकर ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर लिखा ऋषभ अचानक पैडल स्वीप नहीं खेलने लगा। उसने यह जानबूझकर किया और काफी चतुराई भरा कदम था। इससे वह गेंद के नीचे आया गया और इसे नियंत्रण के साथ लेग स्लिप के ऊपर से स्कूप कर पाया। तेंदुलकर ने चौथे विकेट की 209 रन की साझेदारी के दौरान पंत और गिल द्वारा बशीर के खिलाफ अपनाई गई मनोवैज्ञानिक रणनीति पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा बशीर के स्पेल के दौरान एक और दिलचस्प बात देखने को मिली। शुभमन और ऋषभ गेंदों के बीच में जोर-जोर से हिंदी बोल रहे थे। तेंदुलकर ने कहा यह सिर्फ सामान्य बातचीत नहीं थी। वे गेंदबाज के साथ दिमागी खेल खेल रहे थे, उसकी लय को बिगाड़ने की कोशिश कर रहे थे। ये छोटी-छोटी बातें स्कोरबोर्ड पर नहीं दिखती पर इनका खेल पर काफी असर हो सकता है।

### एक नजर

#### सप्तक तलवार ब्लॉट प्ले9 टूर्नामेंट में संयुक्त नौवें स्थान पर

**प्लेन्यूफ वैल आंद्रे (फ्रांस)** : सप्तक तलवार लगातार दूसरे दौर में एक अंडर 69 के स्कोर से यहां होटल प्लानर टूर के ब्लॉट प्ले9 टूर्नामेंट में संयुक्त नौवें स्थान पर हैं। सप्तक ने दूसरे दौर में अंतिम नौ होल से शुरुआत की और 11वें तथा 15वें होल में बर्डी की। उन्होंने 14वें और 16वें होल में बोगी भी की। सप्तक ने शुरुआती नौ होल के दौरान छठे होल में बर्डी करते हुए एक अंडर का स्कोर बनाया। इंग्लैंड के 40 साल के जेम्स मोरिसन ने बोगी रहित चार अंडर 66 के स्कोर से कुल 10 अंडर के स्कोर से तीन शॉट की बढ़त बना ली है।

#### बायर्न म्यूनिख ने क्लब विश्व कप के अगले दौर में जगह बनाई

**मियामी गार्डन्स (अमेरिका)** : माइकल ओलिस के 84वें मिनट में किए गए गोल की मदद से बायर्न म्यूनिख ने बोका जूनियर्स को 2-1 से हराकर क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के नॉकआउट चरण में जगह बनाई। जर्मन चैंपियन बायर्न ने ग्रुप सी में दो जीत दर्ज की और एक मैच शेष रहते हुए अंतिम 16 में प्रवेश कर लिया। ओलिस ने हार्ड रॉक स्टेडियम में अपनी टीम की जीत सुनिश्चित की। उसकी तरफ से पहला गोल इंग्लैंड के स्टार खिलाड़ी हैरी केन ने 18वें मिनट में किया था। मिगुएल मेरेंटिएल ने हालांकि 66वें मिनट में शानदार गोल करके बोका को बराबरी पर ला दिया था।


**विदाई** : श्रीलंका के एंजेलो मैथ्यूज ने अपने करियर का अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच खेला। श्रीलंका के गॉल में श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच पहले क्रिकेट टेस्ट मैच के अंत में समर्थकों का अभिवादन स्वीकार करते हुए। ● एजेंसी

#### फील्ड रैंच ईस्ट कोर्स में अदिति अशोक कट से चूकीं

**फ्रिस्टको (अमेरिका)** : भारत गोल्फर अदिति अशोक यहां फील्ड रैंच ईस्ट कोर्स में मुश्किल परिस्थितियों में 11 ओवर 83 के खराब प्रदर्शन के साथ केपीएमजी महिला पीजीए चैंपियनशिप में कट से चूक गईं। अदिति ने पहले दौर में भी 81 का स्कोर बनाया था। यह पहली बार है जब अदिति ने किसी मेजर टूर्नामेंट के लगातार दो दौर में 80 से अधिक का स्कोर बनाया। भारतीय गोल्फर ने दूसरे दौर में नौ बोगी और एक डबल बोगी की जबकि वह एक भी बर्डी नहीं लगा पाईं। वह दो दौर में एक भी बर्डी नहीं कर सकीं। टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही 156 खिलाड़ियों में से सिर्फ सात ही दूसरे दौर के बाद अंडर-पार का स्कोर बना पाई हैं। दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी जीनो थिटिकुल दूसरे दौर में दो अंडर 70 के स्कोर से कुल छह अंडर 138 के स्कोर से शीर्ष पर हैं।

# गिल के फुटवर्क से प्रभावित हुए गांगुली

**कोलकाता, एजेंसी**

● **कहा- अगर पैर का शानदार मूवमेंट कायम रखते हैं तो खूब रन बनाएंगे विदेश में शुभमन**



इंग्लैंड की मुश्किल परिस्थितियों में शुभमन गिल के 'फुटवर्क' से बेहद प्रभावित पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली को उम्मीद है कि यदि लीड्स में मैच के पहले दिन की तरह ही उनके पैरों की मूवमेंट शानदार रही तो यह युवा भारतीय कप्तान विदेशी परिस्थितियों में भी ढेरों रन बनाएगा।

कप्तान के तौर पर अपना पहला टेस्ट खेल रहे गिल ने शतकीय पारी खेली। जिसमें कई बेहतरीन ड्राइव शामिल रहे। भारत ने पहले दिन का खेल तीन विकेट पर 359 रन पर समाप्त किया जिससे इंग्लैंड का गेंदबाजी आक्रमण कमजोर नजर आया। घरेलू गेंदबाजों ने ज्यादातर 'मिडिल और ऑफ' स्टंप लाइन पर फुल लेंथ की गेंदबाजी की और गिल ने चुनौती का सामना शानदार तरीके से किया। साथ ही कुछ बेहतरीन ड्राइव लगाए। गांगुली ने पीटीआई को दिए विशेष साक्षात्कार में कहा मैं विदेशी सरजमीं पर उनके पैरों की मूवमेंट देखकर बहुत खुश हूं। विदेशी धरती पर इसमें काफी सुधार हुआ है। शुभमन के पैर का मूवमेंट शानदार था, उन्होंने कोई गलती नहीं की।

इस पूर्व भारतीय कप्तान ने कहा मुझे लगता है कि इंग्लैंड को उस विकेट पर (पहले) गेंदबाजी नहीं करनी चाहिए थी और उन्होंने अच्छी गेंदबाजी भी नहीं की। उनके (गिल के) पैरों का मूवमेंट शानदार था, मुझे उम्मीद है कि यह उनके लिए स्थायी बात होगी क्योंकि अगर वह इंग्लैंड और विदेशी परिस्थितियों में इसी तरह बल्लेबाजी करते रहे तो वह बहुत रन बनाएंगे। गांगुली ने कहा अगर वह इसी तरह खेलते रहे तो उनका औसत भी 40-45 तक बढ़ जाएगा।

#### भारत को पहला टेस्ट जीतना चाहिए ऐसा मौका बार-बार नहीं मिलेगा

**कोलकाता, एजेंसी** : भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने शनिवार को कहा कि भारत को इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में शानदार शुरुआत के बाद जीत दर्ज करनी चाहिए क्योंकि ऐसे मौके उन्हें हर रोज नहीं मिलेंगे। भारत ने यशस्वी जायसवाल, कप्तान शुभमन गिल और ऋषभ पंत के शतकों की मदद से पहली पारी में 471 रन बनाए। गांगुली को लगता है कि पहले दिन तीन विकेट पर 359 रन बनाने के बाद भारत 600 रन का आंकड़ा छूने की स्थिति में था। उन्होंने कहा किसी को भी उम्मीद नहीं थी कि हेडिंग्ले इतना सूखा रहेगा। लेकिन अगर वे (भारत) 600 रन बना लेते हैं तो गेंद को थोड़ा असमान उछाल मिलेगा। भारत को यह मैच जरूर जीतना चाहिए। उन्हें यह मौका फिर नहीं मिलेगा। लेग स्पिनर कुलदीप यादव और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को अंतिम एकादश में जगह नहीं मिली। गांगुली ने कहा कि वह प्रसिद्ध कृष्णा की जगह अर्शदीप को तरजीह देते। गांगुली ने कहा, ''कुलदीप धीरे-धीरे खेलेंगे। यह एक लंबी श्रृंखला है। मैं अर्श को खिलाता क्योंकि उनका कोण अलग है (बाएं हाथ का गेंदबाज होने के कारण)।

## साउथी ने स्टोक्स के फैसले का बचाव किया

**लीड्स** : इंग्लैंड के तेज गेंदबाजी सलाहकार टिम साउथी ने हेडिंग्ले की सूखी विकेट पर पहले गेंदबाजी करने के कप्तान बेन स्टोक्स के फैसले का बचाव करते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद थी कि शुरुआती सत्र में पिच गेंदबाजों के अनुकूल होगी, लेकिन भारत के युवा और प्रतिभाशाली बल्लेबाजों ने शानदार प्रदर्शन करके उन्हें निराश कर दिया।

पांच मैचों की श्रृंखला के पहले टेस्ट में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का इंग्लैंड का फैसला गलत साबित हुआ। कप्तान शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल ने सुखी पिच पर शतक लगाए, जिससे भारत ने शुक्रवार को पहले दिन तीन विकेट पर 359 रन बना लिए।

# स्टोक्स के फैसले पर वॉन ने जताई हैरानी

**लीड्स, एजेंसी**



पूर्व कप्तान माइकल वॉन हेडिंग्ले के सूखे विकेट पर पहले गेंदबाजी करने के इंग्लैंड के फैसले से हैरान हैं। क्योंकि भारत ने इसका पूरा फायदा उठाकर पहले टेस्ट मैच के पहले दिन तीन विकेट पर 359 रन बना लिए।

वॉन ने कहा कि मौजूदा इंग्लैंड टीम का मजबूत पक्ष निश्चित रूप से उसकी बल्लेबाजी है, गेंदबाजी नहीं। उन्होंने बीबीसी टेस्ट मैच स्पेशल से कहा मैं पुराने जमाने का परंपरावादी हूं। यहां लीड्स में जब धूप खिली हो और मौसम शुष्क हो, तो आप बल्लेबाजी करते हैं। वॉन ने कहा इंग्लैंड की वर्तमान टीम का मजबूत पक्ष बल्लेबाजी है। उसकी गेंदबाजी में इस समय अनुभव की कमी है। बेन (स्टोक्स) को स्पष्ट रूप से अपनी अंदरूनी भावना का अहसास था और कभी-कभी यह कारगर भी रहा। स्टोक्स के 2022 में कप्तान और ब्रेंडन मैकुलम के कोच बनने के बाद से इंग्लैंड ने पहले क्षेत्ररक्षण करना पसंद किया है। स्टोक्स का निर्णय इस मैदान के हालिया रिकॉर्ड से भी प्रभावित हो सकता है, जहां पिछले छह टेस्ट मैचों में पहले क्षेत्ररक्षण करने वाली टीम ने मैच जीता है।

# सबालेंका ने बर्लिन ओपन में रयबाकिना को हराया

**बर्लिन, एजेंसी** : शीर्ष वरीयता प्राप्त एरिना सबालेंका ने शुक्रवार को बर्लिन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में चार मैच प्वाइंट बचाकर एलेना रयबाकिना को 7-6, 3-6, 7-6 से हराया।



सबालेंका अंतिम सेट के टाईब्रेक में 6-2 से पीछे थीं, लेकिन उन्होंने जोरदार वापसी की तथा लगातार छह अंक जीतकर सत्र के अपने आठवें सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सबालेंका का अगला मुकाबला मार्केटा वोंद्रोसोवा से होगा, जिन्होंने ओन्स जाबेउर को 6-4, 6-1 से हराया। लियुडमिला सैमसोनोवा ने भी अमांडा अनिसिमोवा पर 6-1, 6-1 से जीत हासिल की। उनका अगला मुकाबला वांग झिन्यू या पाउला बाडोसा से होगा।

## महिला पहलवानों ने अंडर 23 एशियाई चैंपियनशिप में खिताब जीता

**वुंग ताऊ (वियतनाम)** : भारतीय महिला पहलवानों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अंडर-23 एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में चार स्वर्ण और पांच रजत सहित सभी 10 वर्गों में एक-एक पदक जीतकर टीम खिताब अपने नाम किया। प्रियांशी प्रजापत (50 किग्रा), रीना (55 किग्रा), सृष्टि (68 किग्रा) और प्रिया (76 किग्रा) ने स्वर्ण पदक जीते। भारत की पांच अन्य पहलवानों ने भी फाइनल में जगह बनाई थी लेकिन आखिर में उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

नेहा शर्मा (57 किग्रा), तन्वी (59 किग्रा), प्रगति (62 किग्रा), शिक्षा (65 किग्रा) और ज्योति बेरवाल (72 किग्रा) ने रजत पदक जीते जबकि हिनाबेन खलीफा (53 किग्रा) ने कांस्य पदक हासिल किया। ग्रीको-रोमन शैली में सुमित ने 63 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता जबकि नितेश (97 किग्रा) और अंकित गुलिया (72 किग्रा) ने कांस्य पदक जीते। पुरुषों की फ्रीस्टाइल स्पर्धाओं में विक्की ने 97 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता।

### जीत की जंग


ग्रेट ब्रिटेन की जॉर्जिया हंटर बेल (बीच में) और केन्या की नेली चेपचिरचिर (दूसरी बाईं ओर) पेरिस के स्टेड चार्लेटी में मीटिंग डे पेरिस डायमंड लीग एथलेटिक्स मीट के दौरान महिलाओं की 1500 मीटर दौड़ में प्रतिस्पर्धा करती हुई। ● एजेंसी

# नीरज ने जीता पेरिस डायमंड लीग का खिताब

**पेरिस, एजेंसी**

● **88.16 मीटर का थ्रो कर जूलियन वेबर को पछाड़ा**

● **नीरज चेक वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर के साथ ले रहे हैं प्रशिक्षण**

दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने पेरिस डायमंड लीग 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए 88.16 मीटर का थ्रो किया। उन्होंने जर्मनी के जूलियन वेबर को पछाड़ते हुए खिताब अपने नाम किया। नीरज ने बताया कि वह डायमंड लीग में 90 मीटर के पार फेंकने की कोशिश में थे, लेकिन रन-अप तेज हो जाने के कारण वह अपनी गति पर नियंत्रण नहीं रख पाए।

उन्होने ओलंपिक्स डॉट काम से कहा मैं आज 90 मीटर से ज्यादा की उम्मीद कर रहा था, लेकिन रन-अप बहुत तेज था और मैं कंट्रोल नहीं कर सका। फिर भी डायमंड लीग जीतकर बहुत अच्छा लग रहा है क्योंकि काफी समय बाद खिताब हासिल हुआ है। इससे पहले नीरज ने मई में दोहा डायमंड लीग में 90.23 मीटर का थ्रो कर न केवल अपने करियर की



नीरज चोपड़ा।

सर्वश्रेष्ठ दूरी फेंकी थी, बल्कि भारतीय राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी तोड़ा था। हालांकि उस प्रतियोगिता में जूलियन वेबर ने 91.06 मीटर का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ थ्रो कर उन्हें दूसरे स्थान पर धकेल दिया था। नीरज इस सीजन में चेक गणराज्य के दिग्गज और वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर जान जेलेजनी के साथ ट्रेनिंग कर रहे हैं।

जेलेजनी ने अपने करियर में 90 मीटर की दूरी 50 से अधिक बार पार की है और 1996 में 98.48 मीटर का भाला फेंक विश्व रिकॉर्ड बनाया था, जो आज भी कायम है। नीरज ने कहा, हम तकनीकों पर काम कर रहे हैं और उनके साथ ट्रेनिंग करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। अगर मैं जान के साथ ट्रेनिंग कर रहा हूं, तो 90 मीटर पार करना जरूरी है। उन्होंने यह कई बार कर दिखाया है।

#### वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप की तैयारी है मकसद : चोपड़ा

नीरज चोपड़ा की तैयारी का खास मकसद वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप है, जो सितंबर में टोक्यो में होगी। यही स्टेडियम है जहां नीरज ने 2021 ओलंपिक में गोल्ड मेडल जीता था। नीरज ने कहा इस साल का सबसे बड़ा लक्ष्य वर्ल्ड चैंपियनशिप है। टोक्यो का स्टेडियम मेरे लिए खास है क्योंकि वहीं मैंने ओलंपिक गोल्ड जीता था। वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप 13 से 21 सितंबर के बीच आयोजित की जाएगी। पिछली बार 2023 में बुडापेस्ट में नीरज चोपड़ा ने पहली बार इस प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीता था।

## भारतीय महिला हॉकी टीम बेल्जियम से 1-5 से हारी



**एंटवर्प (बेल्जियम),एजेंसी**

भारतीय महिला हॉकी टीम का एफआईएच प्रो लीग में लचर प्रदर्शन यहां शनिवार को भी जारी रहा जब टीम को बेल्जियम के खिलाफ 1-5 की करारी हार का सामना करना पड़ा। टूर्नामेंट के यूरोपीय चरण में यह भारतीय टीम की लगातार पांचवीं हार है। टीम ने इससे पहले लंदन में ऑस्ट्रेलिया और अर्जेन्टीना के खिलाफ दो-दो मैच गंवाए। शनिवार को दीपिका (छठे मिनट) ने भारत को बढ़त दिलाई लेकिन मध्यांतर के बाद बेल्जियम की टीम पूरी तरह हावी रही और हेलेन ब्रेसेर (37वें और 55वें), लूसी ब्रेन (41वें मिनट), एंब्रे बेलेंगहीन (54वें मिनट) और चार्लोट एंगलबर्ग (58वें मिनट) के गोल की बदौलत आसान जीत दर्ज करने में सफल रही।



संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन के लोग अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग करते हुए।

# पूरी दुनिया ने उत्साह से मनाया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

## संरा मुख्यालय में आयोजित समारोह में 1,200 से अधिक योग साधकों, राजनयिकों, अधिकारियों ने की शिरकत

**न्यूयॉर्क/बीजिंग, एजेंसी**

दुनिया भर के हजारों लोगों ने शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर भारत की इस प्राचीन विधा का अभ्यास किया और इस मौके पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में जोश और उत्साह के साथ हिस्सा लिया। संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जाने-माने चिकित्सक, लेखक एवं स्वास्थ्य गुरु दीपक चोपड़ा ने एक ध्यान सत्र का नेतृत्व किया।

इस कार्यक्रम की मेज़बानी संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन ने की। संयुक्त राष्ट्र में 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह में 1,200 से अधिक योग साधकों, राजनयिकों, संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों, राजनयिक दल के सदस्यों और प्रवासी समुदाय ने भाग लिया। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि एवं राजदूत पी हरीश ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि इस वर्ष योग दिवस का विषय - 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य' है जो 2023 में भारत की जी-20 अध्यक्षता के दौरान प्रस्तुत किए गए 'वसुधैव कुटुंबकम' के दृष्टिकोण पर आधारित है।

इससे पूर्व न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने टाइम्स स्क्वायर एलायंस के साथ मिलकर टाइम्स स्क्वायर पर 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (आईडीवाई) मनाया। मशहूर अभिनेता अनुपम खेर ने टाइम्स स्क्वायर पर आयोजित इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर लंदन के स्ट्रैंड क्षेत्र के एक प्रतिष्ठित चौक पर सैकड़ों लोग एकत्र हुए, जहां भारतीय उच्चायोग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में सामूहिक रूप से योगाभ्यास किया गया। ब्रिटेन में उच्चायुक्त विक्रम दोराईस्वामी ने कार्यक्रम की शुरुआत की।



लंदन में भारतीय उच्चायोग द्वारा आयोजित योग सत्र में हिस्सा लेते लोग।

योग के प्रति अपनी रुचि के लिए प्रसिद्ध 76 वर्षीय चार्ल्स ने अपने संदेश में कहा कि यह वार्षिक उत्सव एकता, करुणा और कल्याण जैसे वैश्विक सिद्धांतों को बढ़ावा देता है।

चीन में हजारों लोगों ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योगाभ्यास किया और कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। यह प्राचीन भारतीय आध्यात्मिक व शारीरिक स्वास्थ्य पद्धति की बढ़ती लोकप्रियता का प्रतीक है।

बीजिंग में भारतीय राजदूत प्रदीप कुमार रावत ने अन्य राजनयिकों के साथ पुराने भारतीय दूतावास परिसर में एक कार्यक्रम में हिस्सा लिया। सिंगापुर में 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 'सुपरट्री लॉन' में आयोजित किया गया।

## एक नजर

### नोट बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़, सात गिरफ्तार

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश के जबलपुर में जाली भारतीय मुद्रा बनाने वाले एक गिरोह का शनिवार को भंडाफोड़ करके सात व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। नगर पुलिस अधीक्षक (गोहलपुर) सुनील नेमा ने संवाददाताओं को बताया कि अधारताल इलाके में एक मकान पर छापेमारी के बाद 18 लाख रुपये मूल्य के जाली नोट बरामद किए गए। उन्होंने कहा, यह गिरोह पूरे राज्य में मुनाफे के लिए 500 रुपये के जाली नोट का आदान-प्रदान कर रहा था। नरसिंहपुर जिले के मुख्य षड्यंत्रकर्ता ऋतुराज विश्वकर्मा ने पिछले एक महीने से अधारताल में किराये के मकान में जाली नोट छापने की बात कबूल की है।

### इजराइल से युद्ध के कारण जर्मन साइकिल चालक पकड़ा

**तेल अवीव।** ईरान ने जासूसी के आरोप में जर्मनी के एक साइकिल चालक को हिरासत में लेने की बात शनिवार को पहली बार स्वीकार की। संभवत: यह तेहरान द्वारा इजराइल के साथ युद्ध के दौरान जर्मनी पर दबाव बनाने का प्रयास है। अर्ध-सरकारी मेहर समाचार एजेंसी ने अनाम व्यक्ति की गिरफ्तारी का वीडियो फुटेज जारी किया। एजेंसी ने हालांकि यह नहीं बताया कि गिरफ्तारी कब हुई, लेकिन साइकिल चालक को मरकजी प्रांत से हिरासत में लेने की बात स्वीकार की गयी। मरकजी प्रांत में ही ईरान का अराक भारी जल रिएक्टर है।

### ट्रंप प्रशासन को फलस्तीन समर्थक के रिहाई के आदेश

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के एक संघीय न्यायाधीश ने शुक्रवार को राष्ट्रपति ट्रम्प प्रशासन को आदेश किया कि वह फिलिस्तीनी समर्थक कार्यकर्ता और कोलम्बिया विश्वविद्यालय के स्नातक महमूद खलील को आव्रजन हिरासत से जमानत पर रिहा करें। ट्रम्प प्रशासन ने उन्हें न्यूयॉर्क शहर में उनके विश्वविद्यालय के स्वामित्व वाले भवन से मार्च में हिरासत में लिया था और तीन महीनों तक लुइसियाना स्थित हिरासत केन्द्र में रखा था। फलस्तीन के समर्थन में चले प्रदर्शन में उनकी भूमिका के लिए ट्रंप प्रशासन उन्हें निर्वासित करना चाहता था। अमेरिका में खलील इकलौता बड़ी हैसियत वाला प्रदर्शनकारी था जिसे हिरासत में लिया गया था।

# ईरान के परमाणु अनुसंधान केन्द्र पर हमला

## तीन वरिष्ठ ईरानी कमांडरों की मौत, ईरानी और यूरोपीय अधिकारियों के बीच कूटनीतिक वार्ता विफल

**तेल अवीव, एजेंसी**

इजराइल की सेना ने शनिवार को कहा कि उसने बीती रात ईरान की परमाणु अनुसंधान सुविधा पर हमला किया और निशाना बनाकर किए गए हमलों में तीन वरिष्ठ ईरानी कमांडरों की मौत हो गई। दोनों देशों के बीच युद्ध दूसरे सप्ताह में प्रवेश कर गया है। शनिवार सुबह इस्फहान में एक पर्वत के निकट इलाके से धुआं उठता दिखाई दिया, जहां एक स्थानीय अधिकारी ने कहा कि इजराइल ने दो बार परमाणु अनुसंधन सुविधा पर हमला किया।

इजराइली सेना के एक अधिकारी के अनुसार निशाने पर दो सेंट्रिप्यूज उत्पादन स्थल थे। ईरान के परमाणु कार्यक्रम को तहस-नहस करने के इजराइल के लक्ष्य के तहत 24 घंटे में इस्फहान में हुआ यह दूसरा हमला था। इस्फहान प्रांत के सुरक्षा मामलों के डिप्टी गवर्नर अकबर सालेही ने पुष्टि की कि इजराइली हमलों में सुविधा को नुकसान पहुंचा है, लेकिन कोई व्यक्ति हताहत नहीं हुआ। ईरान ने एक बार फिर इजराइल पर ड्रोन और मिसाइल दागे, लेकिन तत्काल कोई महत्वपूर्ण नुकसान की जानकारी नहीं मिली है। इजराइल की डेविड एडोम बचाव सेवा ने शनिवार को कहा कि उत्तरी इजराइल में दो मंजिला इमारत पर एक ईरान ड्रोन गिरा, लेकिन कोई हताहत नहीं हुआ।

इस बीच दोनों देशों के दरमियान तनाव कम करने के उद्देश्य से स्विटजरलैंड के जेनेवा में घंटों चली कूटनीतिक वार्ता बेनतीजा रही। यूरोपीय अधिकारियों ने भविष्य में वार्ता की आशा व्यक्त की जबकि ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अरागची ने कहा कि वह आगे भी वार्ता के लिए तैयार हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इजराइल की ओर से लगातार हमले किए जाने के कारण ईरान को अमेरिका के साथ वार्ता करने में कोई रुचि नहीं है। उन्होंने पत्रकारों से कहा, यदि हमले बंद हो जाएं और हमलावर को उसके अपराधों के लिए जवाबदेह ठहराया जाए तो ईरान कूटनीतिक कदमों पर विचार करने के लिए तैयार है।

वार्ता के लिए कोई अगली तारीख तय नहीं की गई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप संघर्ष में अमेरिकी सेना की सक्रिय भागीदारी पर विचार कर रहे हैं, जिसके बारे में अरागची ने शनिवार को कहा कि यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण होगा। इस्तांबुल में इस्लामिक सहयोग संगठन की बैठक से इतर अरागची ने कहा, मुझे लगता है कि यह सभी के लिए बहुत खतरनाक होगा। इजराइल ने 13 जून को ईरान परमाणु और सैन्य ठिकानों, शीर्ष जनरलों और परमाणु वैज्ञानिकों को निशाना बनाकर हमले किए थे, जिसके जवाब में ईरान की ओर से हवाई हमले किए जाने के बाद दोनों देशों के बीच युद्ध छिड़ गया था। वाशिंगटन में स्थित ईरानी मानवाधिकार समूह के अनुसार, ईरान में 263 आम नागरिकों समेत कम से कम 657 लोग मारे गए हैं और 2,000 से अधिक लोग घायल हुए हैं।



इजराइली हमले में ईरान की न्यूक्लियर साइंटिस्ट पर विस्फाट के बाद उठता धुआं।

### अमेरिका युद्ध में उतरा तो सभी के लिए खतरनाक होगा: ईरान

**तेल अवीव।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है कि अगर अमेरिका इजराइल के साथ युद्ध में सक्रिय रूप से शामिल होता है तो यह सभी के लिए बेहद खतरनाक होगा। ट्रंप अमेरिकी सैन्य भागीदारी पर विचार कर रहे हैं। अराघची ने इसी संदर्भ में कहा कि यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण होगा। अराघची ने यह बात जिनेवा से वार्ता के बाद लौटते समय इस्तांबुल में पत्रकारों से बातचीत में कही। अराघची ने कहा कि वह आगे की बातचीत के लिए तैयार हैं, लेकिन इस बात पर जोर दिया कि इजराइल की ओर से हमले जारी रहने के बीच तेहरान को अमेरिका के साथ बातचीत करने में कोई दिलचस्पी नहीं है।

### नेतन्याहू बोले- जब तक उनका देश चाहेगा तब तक ईरान में सैन्य अभियान चलेगा

**तेल अवीव।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि जब तक उनका देश चाहेगा तब तक ईरान में इजराइल का सैन्य अभियान चलेगा, जिसका मकसद ईरान के परमाणु कार्यक्रम और बैलिस्टिक मिसाइलों को खत्म करना है। इजराइल के एक शीर्ष जनरल ने भी इसी तरह की चेतावनी देते हुए कहा कि इजराइली सेना लंबे अभियान के लिए तैयार है। हालांकि नेतान्याहू अमेरिका की मदद के बिना यह लक्ष्य हासिल नहीं कर सकते। माना जा रहा है कि ईरान की फोरदो यूरेनियम संवर्धन सुविधा बंकरों को तबाह करने वाले अमेरिका के बमों से अभी बची हुई है। ट्रंप ने कहा है कि वह ईरान के खिलाफ इजराइल के अभियान में अमेरिका के शामिल होने को लेकर दो सप्ताह में फैसला लेंगे। इजराइल ने कहा कि कुद्स फोर्स के लिए फलस्तीन कोर के कमांडर सईद इज़ादी की कोम शहर के एक अपार्टमेंट में हत्या कर दी गई है। कुद्स फोर्स रिवॉल्यूशनरी गार्ड की एक विशिष्ट शाखा है जो ईरान के बाहर सैन्य व खुफिया अभियान चलाती है। इजराइल ने यह भी कहा कि उसने कुद्स फोर्स की हथियार हस्तांतरण इकाई के कमांडर को भी मार दिया है, जो हिज्बुल्ला और हमास को हथियार मुहैया कराने के लिए जिम्मेदार था। सेना ने कहा कि बेहनाम शाहरियारी की मौत पश्चिमी ईरान में यात्रा करते समय कार में हुई।

# ऑपरेशन सिंधु के तहत अब तक 517 भारतीय नागरिकों को लाया गया स्वदेश

**नई दिल्ली, एजेंसी**

विदेश मंत्रालय (एमईए) ने शनिवार को कहा कि ऑपरेशन सिंधु के तहत अब तक 500 से अधिक भारतीय नागरिक ईरान से स्वदेश लौट आए हैं। विदेश मंत्रालय ने एक्स पर एक पोस्ट में निकासी अभियान की स्थिति के बारे में जानकारी साझा की।

इजराइल के साथ सैन्य टकराव तेज होने के बाद ईरान से निकाले गए छात्रों समेत भारतीय नागरिक शुक्रवार देर रात और शनिवार तड़के दिल्ली पहुंचे। भारत ने बुधवार को ईरान से अपने नागरिकों को निकालने के लिए ऑपरेशन सिंधु शुरू करने की घोषणा की थी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर लिखा, ऑपरेशन सिंधु के तहत एक विमान भारतीय नागरिकों को स्वदेश ले आया है। भारत ने विशेष विमान से छात्रों और तीर्थयात्रियों समेत 290 भारतीय नागरिकों को ईरान से निकाला है। यह विमान 20 जून को रात साढ़े 11 बजे नई दिल्ली पहुंचा और सचिव (सीपीवी और ओआईए) अरुण चटर्जी ने वापस लौटे लोगों का स्वागत किया। एक अन्य पोस्ट में उन्होंने तुर्कमेनिस्तान से आए एक निकासी विमान के बारे में जानकारी साझा की। उन्होंने कहा, ऑपरेशन सिंधु जारी है। ईरान से भारतीयों को लेकर रवाना हुआ विशेष निकासी विमान बीती रात तीन बजे तुर्कमेनिस्तान के अश्गाबात से नयी दिल्ली पहुंचा। इसके साथ ही, ऑपरेशन सिंधु के तहत ईरान से अब तक 517 भारतीय नागरिक स्वदेश लौट चुके हैं।



भारत लौटने के बाद परिजन के साथ छात्रा।

### ईरान में मौजूद सभी भारतीय नागरिकों को निकाल रहा है भारत

**तेहरान।** ईरान और इजराइल में जारी संघर्ष के बीच, भारत ईरान से अपने सभी नागरिकों को निकाल रहा है। यहां स्थित भारतीय दूतावास ने शनिवार को यह जानकारी दी। भारतीय दूतावास ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में आपातकालीन संपर्क नंबर और एक टेलीग्राम चैनल का लिंक प्रदान किया। पोस्ट में कहा गया है कि भारतीय दूतावास ईरान से सभी भारतीय नागरिकों को निकाल रहा है।

# सुप्रीम कोर्ट की इमारत की भव्यता बनाए रखने के लिए शीशे हटाए

**नई दिल्ली, एजेंसी**

उच्चतम न्यायालय की इमारत की मूल भव्यता और अन्य व्यवस्था सुलभ बनाने के मद्देनजर न्यायालय कक्षों के सामने लगे शीशे हटाने का फैसला पूर्ण न्यायालय ने लिया था। शीर्ष अदालत की ओर से शनिवार को कहा गया कि शीर्ष अदालत ने बार एसोसिएशनों के सुझाव पर हर पहलू से विचार-विमर्श के बाद यह निर्णय लिया।

कोर्ट ने कहा कि पूर्ण अदालत ने न्यायालय कक्ष संख्या एक से पांच के सामने लगाए गए शीशे (ग्लास ग्लेज़िंग) के संबंध में सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) और सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट्स-ऑन-रिकॉर्ड एसोसिएशन के सुझाव पर गौर किया। मूल भव्यता, दृश्यता, खूबसूरती और न्यायालय कक्ष तक आवाजाही संबंधी चिंताओं को लेकर उठाए गए मुद्दों पर सावधानीपूर्वक विचार करने के बाद यह निर्णय लिया। गौरतलब है कि पिछले वर्ष तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ के कार्यकाल के दौरान केंद्रीकृत एयरकंडीशन की व्यवस्था के उद्देश्य से शीशे के पैनल लगाए गए थे।



# ब्राजील में हॉट एयर बैलून में आग लगने से 8 की मौत, 13 घायल

**रियो डी जेनेरियो।** ब्राजील के दक्षिणी राज्य सांता कैटरीना में शनिवार को एक हॉट एयर बैलून में आग लगने से यह नीचे गिर गया, जिससे आठ लोगों की मौत हो गई। अग्निशमन कर्मियों ने यह जानकारी दी। स्थानीय समाचार आउटलेट जी1 द्वारा साझा की गई वीडियो में 'हॉट एयर बैलून' आग की लपटों से घिरा हुआ और जमीन की ओर गिरता हुआ नजर आ रहा है तथा इससे धुएं का गुबार भी उठ रहा है। सांता कैटरीना के सैन्य अग्निशमन दल ने बताया कि इस हादसे में 13 लोग बच गए हैं और उन्हें अस्पताल ले जाया गया है। 'हॉट एयर बैलून' में चालक सहित 21 लोग सवार थे।

# भारत-पाकिस्तान युद्ध रोकने के लिए मुझे नोबेल पुरस्कार नहीं मिलेगा : ट्रंप

**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन, एजेंसी**

- ट्रंप का झलका दर्द, कहा- मैं चाहे कुछ भी करूं, मुझे नोबेल शांति पुरस्कार नहीं मिलेगा

राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा है कि उन्हें भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध रोकने या रूस-यूक्रेन और इजराइल-ईरान संघर्षों में उनके प्रयासों के लिए नोबेल शांति पुरस्कार नहीं मिलेगा।

ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया मंच ट्रुथ सोशल पर कहा, मैं चाहे कुछ भी करूं, लेकिन मुझे नोबेल शांति पुरस्कार नहीं मिलेगा। राष्ट्रपति ने अपने पोस्ट की शुरुआत इस बात से की कि उन्हें यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि वह विदेश मंत्री मार्को रुबियो के साथ मिलकर कांगो और रवांडा के बीच संघर्ष रोकने के वास्ते एक अद्भुत संधि करा रहे हैं। इस संघर्ष को अन्य युद्धों की तुलना में कहीं अधिक हिंसक रक्तपात और मौतों के लिए जाना जाता है और दशकों तक यह जारी रहा। ट्रंप ने इस बात का उल्लेख किया कि रवांडा और कांगो के प्रतिनिधि इस संबंध में दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने के लिए सोमवार को वाशिंगटन में होंगे। उन्होंने इसे अफ्रीका के लिए और पूरी दुनिया के लिए एक महान दिन बताया। ट्रंप ने हालांकि कहा कि उन्हें उनके किसी भी प्रयास के लिए नोबेल शांति पुरस्कार नहीं मिलेगा।



### ट्रंप को नोबेल के लिए नामांकित करेगा पाकिस्तान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान सरकार ने शनिवार को कहा कि उसने हाल में भारत-पाकिस्तान संघर्ष के दौरान अपने निर्णायक कूटनीतिक हस्तक्षेप के लिए 2026 के नोबेल शांति पुरस्कार के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की औपचारिक रूप से सिफारिश करने का फैसला किया है।

# ईरान के बारे में तुलसी गबार्ड की राय गलत थी: ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड की पूर्व में व्यक्त की गई इस राय को गलत बताया है कि अमेरिका के विचार में ईरान परमाणु हथियार नहीं बना रहा है। शुक्रवार को अपनी सुपर पॉलिटिकल एक्शन कमेटी के लिए धन जुटाने के वास्ते न्यूजर्सी पहुंचने पर ट्रंप से मार्च में कांग्रेस को दिए गए गबार्ड के बयान के बारे में पूछा गया।

दरअसल गबार्ड ने तब कहा था कि अमेरिकी जासूसी एजेंसियों का मानना है कि ईरान परमाणु हथियारों पर काम नहीं कर रहा है। इस पर राष्ट्रपति ने कहा, तो फिर, मेरा खुफिया समुदाय गलत है।

# 16 अरब लॉगइन लीक, एपल-गूगल जैसी कंपनियों के ग्राहकों को खतरा

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

- साइबर सुरक्षा संस्थान साइबर न्यूज के शोधकर्ताओं ने दी जानकारी

साइबर सुरक्षा संस्थान साइबरन्यूज के शोधकर्ताओं का कहना है कि अरबों की संख्या में लॉग-इन क्रेडेंशियल लीक होने के बाद ऑनलाइन डेटासेट में संकलित हो गए हैं, जिससे अपराधियों को हर दिन उपयोग किए जाने वाले उपयोगकर्ताओं के खातों तक अभूतपूर्व पहुंच मिल गई है।

एक रिपोर्ट के अनुसार, शोधकर्ताओं ने हाल ही में 30 डेटासेट का पता लगा है, जिनमें से प्रत्येक में बड़ी संख्या में लॉग-इन जानकारी दी गई है। कुल मिलाकर 16 अरब से अधिक लॉग-इन जानकारियां लीक हुई हैं, जिनमें गूगल, फेसबुक और एप्पल समेत कई लोकप्रिय प्लेटफॉर्म के उपयोगकर्ताओं के पासवर्ड शामिल हैं। यह संख्या दुनिया की आबादी की तुलना में लगभग दोगुनी है, जिससे संकेत मिलता है कि प्रभावित उपभोक्ताओं के एक से अधिक खातों की जानकारी ली गई होगी। लीक होने की सूचना किसी एक स्रोत से नहीं आई है। यानी ऐसा नहीं है कि किसी एक कंपनी को निशाना बनाकर जानकारी लीक गई हो। अलग-अलग समय पर डेटा चुराया गया और फिर संकलित करके सार्वजनिक रूप से लीक किया गया। साइबरन्यूज ने कहा कि कई तरह के इन्फोस्टीलर्स इसके लिए सबसे अधिक जिम्मेदार हैं।




# नाइजीरिया के रेस्तरां में आत्मघाती हमला 10 लोगों की मौत

**अबूजा।** नाइजीरिया के पूर्वोत्तर राज्य बोर्नो स्थित रेस्तरां में हुए एक आत्मघाती विस्फोट में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई जबकि कई व्यक्ति घायल हो गए। पुलिस प्रवक्ता नहूम दासो ने समाचार एजेंसी 'एसोसिएटेड प्रेस' को बताया कि कोनडुगा क्षेत्र में शुक्रवार देर रात यह विस्फोट हुआ था।

कोनडुगा निवासी इस्माइल अहमद ने बताया कि भारी बारिश के कारण आत्मघाती हमलावर किसी की नजर में नहीं आया। कोनडुगा बोर्नो राज्य की राजधानी माइदुगुरी से लगभग 30 किलोमीटर दूर है। स्थानीय मीडिया ने बताया कि इस हमले में घायल हुए लोगों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**तैयारी** ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से पहले, राजनयिकों ने आतंकवाद से निपटने के लिए अधिक सहयोग का आह्वान किया

# ग्लोबल साउथ के हितों को मुख्यधारा में लाना प्रमुख लक्ष्य

**नई दिल्ली, एजेंसी**

रियो डी जेनेरियो में अगले महीने होने वाले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से पहले, समूह के प्रमुख सदस्य देशों के राजनयिकों ने आतंकवाद से निपटने पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता को रेखांकित किया और ग्लोबल साउथ के हितों और आकांक्षाओं को मुख्यधारा में लाने का आह्वान किया।

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की आक्रामक शुल्क नीति के बीच राजदूतों ने अंतर-ब्रिक्स व्यापार के लिए राष्ट्रीय मुद्राओं के उपयोग के विस्तार का भी समर्थन किया और आर्थिक मुद्दों पर गहन सहयोग की वकालत की। वित्तीय समावेशन के तहत भारत ने ग्लोबल साउथ या विकासशील देशों की समस्याओं के समाधान को बढ़ावा देने में समूह के अहम महत्व पर जोर दिया और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में राष्ट्रीय मुद्रा के अधिक उपयोग की वकालत की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ब्रिक्स (ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका) शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए ब्राजील के इस शहर की यात्रा कर सकते हैं। भारत के ब्रिक्स शेरपा और विदेश मंत्रालय में सचिव (आर्थिक संबंध) दम्मू रवि ने कहा, ब्रिक्स को एकजुट होकर काम करना होगा और ग्लोबल साउथ के लिए समाधान खोजना होगा। इसके लिए प्रतिबद्धता, कड़ी मेहनत और भविष्य में उन मुद्दों पर गहराई से विचार करने की आवश्यकता है। रवि ने ब्रिक्स' को विकास मंच और भू-राजनीतिक शक्ति दोनों के रूप में आकार देने में भारत की बढ़ती हिस्सेदारी पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, हम केवल भागीदार नहीं हैं - हम ब्रिक्स की राह की दिशा में योगदानकर्ता हैं।



### रियो में ब्रिक्स, विश्व व्यवस्था सम्मेलन का आयोजन

शुक्रवार शाम को रियो में ब्रिक्स: एक समावेशी और टिकाऊ विश्व व्यवस्था को आकार देना' नामक सम्मेलन को भरतीय विदेश मंत्रालय में सचिव (आर्थिक संबंध) रवि ने संबोधित किया। सम्मेलन का आयोजन भारत में ब्राजील के दूतावास और वैश्विक मामलों पर केंद्रित एक प्रमुख थिंक टैंक सेंटर फॉर ग्लोबल इंडिया इनसाइट्स द्वारा संयुक्त रूप से किया गया था। रवि के अलावा, भारत में ब्राजील के राजदूत केनेथ फेलिक्स हैकिंस्की दा नोब्रेगा, रूस के राजदूत डेनिस अलीपोव, इंडोनेशिया की राजदूत इना हग्निनिंग्त्यास कृष्णमूर्ति और मिस्र के राजदूत कामेल जायद कामेल गलाल ने सम्मेलन में भाग लिया। राजदूतों ने आतंकवाद से निपटने के लिए ब्रिक्स देशों के बीच अधिक से अधिक सहयोग बढ़ाने की आवश्यकता पर एक स्वर में बात की। उन्होंने आतंकवाद के प्रति समूह की प्रतिक्रिया की सराहना की और भारत में 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए हमले का जिक्र करते हुए कहा, हमने कड़ी निंदा की। इससे पता चलता है कि ब्रिक्स प्रमुख मुद्दों पर एक स्वर में बोल सकता है।